जबलपुर
सोमवार, 9 जून 2025
■ ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष-13
■ वर्ष : 20, अंक : 40
■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 35
न्यून. 23

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



इसमें भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला शामिल होंगे जो इस मिशन में पायलट की भूमिका निभाएंगे



यह मिशन मंगलवार को सुबह 8:22 बजे (स्थानीय समयानुसार) फ्लोरिडा के केनेडी स्पेस सेंटर से लॉन्च होगा

# इसरो और नासा मिलकर कल निजी अंतरिक्ष मिशन एएक्स-4 करेंगे लॉन्च

## *यह पहला अवसर होगा जब कोई इसरो अंतरिक्ष यात्री अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) तक एक निजी मिशन में जाएगा*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अच्छी खबर

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने घोषणा की है कि वह भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के साथ मिलकर एक ऐतिहासिक निजी अंतरिक्ष मिशन लॉन्च करने जा रही है। इस मिशन का नाम एक्सिओम मिशन 4 (एएक्स-4) है, जो एक्सिओम स्पेस कंपनी द्वारा संचालित किया जा रहा है। यह मिशन 10 जून, मंगलवार को सुबह 8:22 बजे (स्थानीय समयानुसार) फ्लोरिडा के केनेडी स्पेस सेंटर से लॉन्च होगा। इस मिशन की सबसे खास बात यह है कि इसमें भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला शामिल होंगे, जो इस मिशन में पायलट की भूमिका निभाएंगे। यह पहला अवसर होगा जब कोई इसरो अंतरिक्ष यात्री अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) तक एक निजी मिशन में जाएगा। गौरतलब है कि यह मिशन अमेरिकी पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच हुई सहमति का परिणाम है।



### मिशन स्पेसएक्स के फाल्कन 9 रॉकेट से लॉन्च होगा

एएक्स-4 मिशन स्पेसएक्स के फाल्कन 9 रॉकेट से लॉन्च होगा और नई ड्रैगन अंतरिक्ष यान के जरिए चालक दल को अंतरिक्ष स्टेशन तक पहुंचाया जाएगा। ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट का डॉकिंग समय अगले दिन यानी बुधवार, 11 जून को दोपहर 12:30 बजे (स्थानीय समय) तय किया गया है। यह मिशन लगभग दो सप्ताह तक चलेगा, जिसमें चालक दल विज्ञान से जुड़े प्रयोग, शैक्षणिक कार्यक्रम और वाणिज्यिक गतिविधियों को अंजाम देगा। नासा, इसरो, और एक्सिओम स्पेस के बीच यह गहरा सहयोग पांच संयुक्त विज्ञान परियोजनाओं और दो स्टेम से जुड़े इन-ऑर्बिट प्रयोगों के जरिए भी दिखेगा।


### मिशन में कुल चार अंतरिक्ष यात्री शामिल होंगे

*मिशन में कुल चार अंतरिक्ष यात्री शामिल होंगे। इस मिशन की कमान पूर्व नासा अंतरिक्ष यात्री और एक्सिओम स्पेस में मानव अंतरिक्ष उड़ान की निदेशक पेगी व्हिटसन के पास होगी। वहीं, शुभांशु शुक्ला पायलट के रूप में शामिल होंगे, जबकि पोलैंड के ईएसए (यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी) परियोजना अंतरिक्ष यात्री स्लावोश उज्नान्स्की विस्नेवस्की और हंगरी के टिबोर कापू मिशन स्पेशलिस्ट होंगे। इस मिशन के साथ ही पोलैंड और हंगरी के अंतरिक्ष यात्री पहली बार अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर रुकेंगे। नासा इस मिशन की जिम्मेदारी अंतरिक्ष यान के स्टेशन के पास पहुंचने के समय से लेकर पूरे प्रवास और वापसी तक निभाएगा। अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन ने भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर यह जानकारी साझा की और लॉन्च की तारीख और समय की पुष्टि की।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### क्रिकेटर रिंकू सिंह और प्रिया सरोज की सगाई



**लखनऊ।** टीम इंडिया के क्रिकेटर रिंकू सिंह और समाजवादी पार्टी (सपा) की सांसद प्रिया सरोज ने सगाई कर ली है। रविवार को परिवार और दोस्तों की मौजूदगी में दोनों ने एक-दूसरे को रिंग पहनाई। रिंग सेरेमनी लखनऊ के पांच सितारा होटल में रखी गई थी। इस सेरमेनी में टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर्स प्रवीण कुमार और पीयूष चावला नामचीन खिलाड़ी शामिल हुए।

### पिकअप-ट्रक की टक्कर एक की मौत, 15 घायल

**पन्ना।** अमानगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत दमोह-अमानगंज रोड पर कृष्णा वेयर हाउस के पास बारात से भरा पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर खड़े ट्रक से जा टकराया। जिससे पिकअप वाहन पलट गया। जिसमें सवार एक बराती की मौत हो गई और 15 लोग घायल हो गए है। पिकअप हीरापुर से अमानगंज की ओर आ रहा था। तभी अचानक पिकअप वाहन अनियंत्रित हो गया और खड़े ट्रक से टकरा गया।

### दंगों के चलते ट्रंप ने लॉस एंजेलिस में नेशनल गाड्र्स की तैनाती की

**वॉशिंगटन।** लॉस एंजेलिस में अप्रवासन नीति के खिलाफ लोगों के विरोध को देखते हुए राष्ट्रपति ट्रंप ने कैलिफोर्निया गाड्र्स की तैनाती करने का फैसला किया है। लॉस एंजेलिस में अप्रवासन विभाग की कार्रवाई का विरोध हो रहा है और बीते दो दिनों से अलग-अलग जगहों पर हिंसा भड़क चुकी है। जिसमें पुलिस ने बल प्रयोग कर भीड़ को तितर-बितर किया है। राष्ट्रपति ट्रंप ने नाराजगी जताई थी और कैलिफोर्निया के गवर्नर पर हालात को नियंत्रित नहीं कर पाने का आरोप लगाया था।

भोपाल में 37 दिन बाद गर्मी का पारा 41.6 डिग्री पर दर्ज, कुछ जिलों में लू जैसे हालात

# 12 को बनेगा सिस्टम, 16 तक प्रदेश में एंट्री, 19 तक भोपाल में होगी झमाझम

बढ़ती गर्मी के बीच 'राहत' भरी खबर

आज छतरपुर, टीकमगढ़, नौगांव, खजुराहो सहित कुछ जिलों में चल सकती है लू, कुछ जिलों में बादल, तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश का रहेगा असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में प्री-मानसून बारिश में कमी आने के साथ ही गर्मी का पारा तेजी से बढ़ा है। रविवार को कई जिलों में लू जैसे हालात बन गए। प्रदेश में बढ़ती गर्मी के बीच बंगाल की खाड़ी से राहत की खबर भी आई है। दक्षिण पश्चिम मानसून की आहट अब खाड़ी में सुनाई देने लगी है। 12 जून को खाड़ी में सिस्टम बनेगा, जिससे प्रदेश में मंडला, सिवनी, बालाघाट के रास्ते 15 से 16 जून के बीच मानसून की एंट्री की पूरी संभावना है। भोपाल में मानसून की बारिश 19 से 21 जून तक शुरू हो सकती है। इससे पहले प्री-मानसून की गतिविधियां बुधवार के बाद से बढ़ जाएंगी, जिससे गर्मी में कुछ कमी आएगी।

नौगांव में सर्वाधिक पारा 44.8 डिग्री पर पहुंचा



लालघाटी दोपहर 1:30 बजे

» *भोपाल सहित 15 से ज्यादा जिलों में पारा 41 से 44 डिग्री के बीच*

» *प्रदेश के अधिकतर जिलों में 40 से 42 डिग्री की गर्मी*

### ऐसे ऑनसेट होगा मानसून

शुक्ला के अनुसार अभी तक अरब सागर के सिस्टम से महाराष्ट्र और कुछ आगे तक मानसून पहुंचकर थम गया है। प्रदेश में आमतौर पर बंगाल की खाड़ी के सिस्टम से ही मानसून ऑनसेट होता रहा है। अब 12 जून को खाड़ी में सिस्टम बन रहा है। यह सिस्टम 4 से पांच दिन में प्रदेश में मानसून ऑनसेट करेगा। प्रदेश में मानसून की एंट्री 15 से 16 जून और भोपाल में 18 से 21 जून के बीच होने की उम्मीद है। हालांकि, अभी सिस्टम बनने के बाद स्थिति और स्पष्ट हो जाएगी।

### प्रदेशभर में दिन के तापमान में औसतन 2 डिग्री की बढ़त रही

रविवार को प्रदेशभर में दिन के तापमान में औसतन 2 डिग्री की बढ़त रही। सर्वाधिक वृद्धि पूर्वी मप्र के जबलपुर, नौगांव, सागर, सिवनी और टीकमगढ़ में 3-3 डिग्री की रही। यहां औसत तापमान 43.5 डिग्री रहा। पश्चिमी मप्र के भोपाल, ग्वालियर, गुना और शिवपुरी में पारा 42 से 44 डिग्री के बीच रहा। प्रदेश में औसत अधिकतम पारा 43 डिग्री तक पहुंचने से तेज गर्मी महसूस की गई।

### आज और बढ़ेगा तापमान

सोमवार को जहां बैतूल, बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन, बड़वानी, अलीराजपुर, छिंदवाड़ा, मंडला, बालाघाट, पांढुर्णा आदि जिलों में बादल, गरज-चमक की स्थिति रह सकती है। वहीं, टीकमगढ़, छतरपुर, खजुराहो, नौगांव सहित कुछ जिलों में तापमान और बढ़ने से लू के हालात भी बन सकते हैं।

### खजुराहो, टीकमगढ़ में पारा 44 डिग्री के करीब

रविवार को प्रदेश के 15 से अधिक जिलों में अधिकतम पारा 41 से 44 डिग्री के बीच पहुंच गया। सर्वाधिक गर्म रहे नौगांव में तापमान 44.8 डिग्री रहा है। खजुराहो, टीकमगढ़ में भी पारा 44 डिग्री के करीब रहने से यहां लू जैसी स्थिति बन गई। भोपाल में 1.8 डिग्री की बढ़त के साथ ही तापमान 37 दिन के बाद 41.6 डिग्री रहा है। इससे पहले इस सीजन में यहां एक मई को पारा 42.5 डिग्री तक रहा है। मौसम केंद्र के अनुसार अगले दो दिन प्रदेश में गर्मी का असर बढ़ेगा। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी प्रदेश में कोई सिस्टम नहीं होने के साथ ही बारिश में कमी और गर्म हवाओं से तापमान में वृद्धि हो रही है। 11 जून के बाद प्री-मानसून बारिश की गतिविधियां बढ़ेंगी, जिससे तापमान में फिर कुछ कमी आएगी।

» प्रदेश सरकार का किसानों के लिए एक अभिनव प्रयोग

# सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना से मप्र के छोटे किसान बनेंगे 'बिजली उत्पादक'



छोटे किसानों की जीवन शैली को सौर ऊर्जा के माध्यम से बदलेगी मोहन सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने कहा कि मप्र में मोहन सरकार अब छोटे किसानों को सौर ऊर्जा के माध्यम से बिजली उत्पादक बनाने जा रही है। देश के अन्य राज्यों के मुकाबले में प्रदेश सरकार का किसानों के लिए एक अभिनव प्रयोग है। जो नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में मप्र को एक नई पहचान देगा। मंत्री शुक्ला रविवार को प्रेस कांफ्रेंस में सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना की जानकारी दे रहे थे। उन्होंने कहा कि इसमें निवेशकों से भी सहयोग लिया जाएगा। हमारी सरकार की मूल भावना है कि नवकरणीय ऊर्जा के माध्यम से किसान सस्ती बिजली का उत्पादन करें। उसका उपयोग भी करें और बेचें भी।

### क्या है सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना?

ग्रिड से जुड़े हुए कृषि पंपों को सौर ऊर्जा से बिजली देने के लिए फीडर पर सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना प्रधानमंत्री कुसुम योजना का विस्तार करने का निर्णय शासन की ओर से लिया गया है। मप्र में सिंचाई सुविधाओं के लिए लगभग 8000 पृथक कृषि फीडर्स स्थापित किए गए हैं, जिन पर लगभग 35 लाख कृषि पंप हैं। इन पृथक कृषि फीडर्स एवं मिश्रित फीडर्स भी जिन पर कृषि पंप हैं, को शीघ्र सौर ऊर्जा से बिजली देने के लिए फीडर पर सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना की जाएगी। इसके लिए प्रधानमंत्री कुसुम योजना का विस्तार करते हुए सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना लांच की जा रही है।

मेघालय के पर्यटन मंत्री का बयान

# इंदौर के राजा और सोनम की जांच सीबीआई नहीं, एसआईटी करेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर



■ लिंगदोह ने कहा एसआईटी जांच सही

राजा रघुवंशी और सोनम रघुवंशी के मामले में अब मेघालय के पर्यटन मंत्री पॉल लिंगदोह ने स्पष्ट कर दिया है कि हम इस मामले में सीबीआई जांच नहीं कराएंगे। उन्होंने यह भी कहा है कि अभी हमें इसकी कोई जरूरत नहीं है। अभी इस मामले की जांच एसआईटी कर रही है।

### सीएम यादव ने गृहमंत्री शाह से की थी बात

सीएम डॉ. मोहन यादव ने भी इस मामले में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से इस संबंध में बात की है। सीएम ने इस संबंध में सोशल मीडिया पर जानकारी दी कि- संकट की इस घड़ी में मध्यप्रदेश सोनम रघुवंशी के परिवार के साथ खड़ा है।

बहुचर्चित कैशकांड केस

# जस्टिस वर्मा के पास महाभियोग से बचने का इस्तीफा ही विकल्प

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



■ संसद ने हटाया तो पेंशन और अन्य लाभ नहीं मिलेंगे

नकदी बरामदगी मामले में फंसे जस्टिस यशवंत वर्मा के पास संसद द्वारा लाए जाने वाले महाभियोग से बचने के लिए इस्तीफा देने का ही एकमात्र विकल्प बचा है। सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति और उन्हें पद से हटाने की प्रक्रिया के जानकार अधिकारियों ने बताया कि किसी भी सदन में सांसदों के समक्ष अपना पक्ष रखते हुए जस्टिस वर्मा इस्तीफे की घोषणा कर सकते हैं और उनके मौखिक बयान को ही उनका इस्तीफा माना लिया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि अगर जस्टिस वर्मा इस्तीफा देने का फैसला करते हैं, तो उन्हें सेवानिवृत्त उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के समान पेंशन और अन्य लाभ मिलेंगे।

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के छोटे बेटे डॉ. अभिमन्यु की भोपाल में हुई सगाई



### मुख्यमंत्री निवास में संपन्न हुआ सगाई समारोह

*भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के छोटे बेटे डॉ. अभिमन्यु की खरगोन के सेल्दा निवासी दिनेश यादव (पटेल) की सुपुत्री डॉ. इशिता से दोनों परिवारों के परिजन एवं करीबी रिश्तेदारों की उपस्थिति में सगाई संपन्न हुई। भोपाल में मुख्यमंत्री निवास में संपन्न सगाई समारोह में राज्य सरकार के मंत्रीगण, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारीगण एवं वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारीगणों ने नवयुगल को शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद प्रदान किया।*

उज्जैन के सरकारी हॉस्पिटल में टला बड़ा हादसा

# तीसरी मंजिल पर लिफ्ट अटकने से महिलाओं-बच्चों की जान पर बनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

■ लिफ्ट में सवार थे करीब 10 लोग, लिफ्ट में नहीं ऑपरेटर

शहर के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल चरक भवन में रविवार सुबह एक बड़ा हादसा टल गई। यहां एक लिफ्ट में मरीजों के परिजन फंस गए। लिफ्ट नंबर 3 में 8-10 लोग सवार हुए। वे ग्राउंड फ्लोर से तीसरी मंजिल जा रहे थे। अचानक बिजली जाने से लिफ्ट दूसरी और तीसरी मंजिल के बीच अटक गई। लिफ्ट में फंसी महिलाएं और अन्य लोग घबरा गए। करीब 20 मिनट बाद बैकअप आने पर लिफ्ट चालू हुई और लोग बाहर निकल सके। छह मंजिला चरक भवन में कुल 10 लिफ्ट हैं। इनमें से वर्तमान में 8 लिफ्ट चल रही हैं। इन लिफ्टों का उपयोग डॉक्टर, स्टाफ, मरीजों के परिजन और अन्य लोग करते हैं। अधिकांश लिफ्ट के सेंसर खराब हो चुके हैं। कंट्रोल सिस्टम के बटन भी काम नहीं कर रहे हैं।



प्रतिदिन सैकड़ों मरीज इस अस्पताल में आते हैं। लिफ्ट पुरानी होने और रखरखाव न होने के कारण अक्सर बंद हो जाती हैं। लिफ्टों में ऑपरेटर भी नहीं हैं। खराब सेंसर और कंट्रोल सिस्टम के कारण कई बार लिफ्ट सही मंजिल तक नहीं पहुंच पाती है।

ड्रग माफिया पर शक: कोलंबिया में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार मिगुएल उरीबे पर प्राणघातक हमला

हमला फॉन्टिबोन के एक सार्वजनिक पार्क में हुआ

# सभा को संबोधित कर रहे थे, तभी सिर-पीठ में मारी गईं आठ गोलियां, हालत गंभीर, एक व्यक्ति गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ बोगोटा

कोलंबिया में विपक्षी सीनेटर और राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार मिगुएल उरीबे को शनिवार को बोगोटा में गोली मारी गई। वे हमले में गंभीर रूप से घायल हो गए। सरकार ने इस घटना की निंदा करते हुए इसे 'हमला' करार दिया है। 39 साल के उरीबे की हालत गंभीर है।

गोलीबारी के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। विदेश मंत्री लौरा सराबिया ने सोशल मीडिया पर कहा कि हिंसा कभी समाधान नहीं होता। मैं सच में उम्मीद करती हूं कि उरीबे जल्द ही ठीक हो जाएं और खतरे से बाहर हों। शनिवार को कोलंबिया की राजधानी बोगोटा में उस वक्त अफरातफरी मच गई, जब एक चुनावी रैली के दौरान देश के संभावित राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार और सत्ताविरोधी सीनेटर मिगुएल उरीबे तुरबाय पर जानलेवा हमला कर दिया गया। यह हमला फॉन्टिबोन इलाके के एक सार्वजनिक पार्क में हुआ, जहां उरीबे अपने समर्थकों के बीच मौजूद थे और भाषण दे रहे थे।

कुछ हथियारबंद हमलावरों ने उन्हें पीछे से गोली मारी





बाकी हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए सरकार ने इनाम की घोषणा की

### पूरी मेडिकल व्यवस्था अलर्ट पर

घायल उरीबे को फौरन शहर के एक मेडिकल सेंटर ले जाया गया। बोगोटा के मेयर कार्लोस गालान ने एक्स पर जानकारी दी कि उरीबे को इमरजेंसी इलाज मिल रहा है और जरूरत पड़ने पर उन्हें किसी बड़े अस्पताल में शिफ्ट करने के लिए राजधानी की पूरी मेडिकल व्यवस्था अलर्ट पर है। बोगोटा पुलिस ने एक संदिग्ध को मौके से गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि, केंद्रीय सरकार ने बयान जारी कर कहा है कि हमले में शामिल बाकी दोषियों की गिरफ्तारी में मदद के लिए इनाम की घोषणा की गई है।

### कौन हैं मिगुएल उरीबे तुरबाय?

मिगुएल उरीबे (39) कोलंबिया के कंजर्वेटिव पार्टी 'डेमोक्रेटिक सेंटर' से सांसद हैं।

## खबर संक्षेप

### थलसेना अध्यक्ष द्विवेदी ने बाबा के दर्शन किए

**रुद्रप्रयाग।** थलसेना अध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने रविवार को उत्तराखंड में बाबा केदारनाथ के



दर्शन किए। श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने बताया कि जनरल द्विवेदी पूर्वाह्न केदारनाथ धाम पहुंचे और मंदिर में भगवान शिव का रूद्राभिषेक कर देश की सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना की।

### बस-कार की हुई भिड़ंत कई लोग घायल हुए

**ऋषिकेश।** कौडियाला के पास रविवार को दो वाहन हादसे का शिकार हो गए। अलसुबह दिल्ली



से गोपेश्वर जा रही रोडवेज बस और हरियाणा के यात्रियों की कार की आपस में टक्कर हो गई। हादसे में कई लोग घायल हुए। जानकारी के अनुसार, घटना सुबह करीब पांच बजे की है। बस कौडियाला से होते हुए गोपेश्वर जा रही थी।

### 27 लाख के सोना चोरी में बैंककर्मी पकड़ा गया

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक बैंक कर्मचारी को ग्राहकों द्वारा गिरवी रखे गए 27 लाख रुपए मूल्य के



सोने की चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। शिवाजी नगर पुलिस थाना के एक अधिकारी ने बताया कि निजी बैंक में काम करने वाले सचिन अरुण कलान को विश्वासघात और अन्य धाराओं में छह जून को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया, मई में बैंक के ग्राहक सेवा कर्मी के तौर पर कलान स्वर्ण ऋण के मामलों को देख रहा था।

## डीएमके को सत्ता से करेंगे बेदखल, शाह का स्टालिन सरकार पर हमला

# तमिलनाडु के लोग द्रमुक सरकार के भ्रष्टाचार से तंग आ चुकेः शाह

तमिलनाडु सरकार के गिनाए भ्रष्टाचार के मामले, कहा- जनता खुद करेगी एक-एक हिसाब

एजेंसी ▶▶ मदुरै

तमिलनाडु में 2026 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने अपनी रणनीति पर काम शुरू कर दिया है। मदुरै दौरे पर पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने स्टालिन सरकार पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि 2026 में यहां भाजपा-एआईएडीएमके गठबंधन की एनडीए सरकार बनेगी। मैं दिल्ली में रहता हूं, लेकिन मेरे कान हमेशा तमिलनाडु पर रहते हैं। एमके स्टालिन कहते हैं कि अमित शाह डीएमके को नहीं हरा सकते। वह सही कह रहे हैं। मैं नहीं, बल्कि तमिलनाडु की जनता आपको हराएगी। उन्होंने दावा किया कि साल 2026 के चुनाव में तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में एनडीए की सरकार बनेगी।

### शाह ने दावा किया- अगले साल बनेगी भाजपा की सरकार

**भाजपा को एक विकल्प के रूप में देख रही है जनता**




### पीएम मोदी का विजन है समृद्ध और खुशहाल तमिलनाडु

अमित शाह ने मदुरै में आयोजित भाजपा की राज्य कोर कमेटी की बैठक में डीएमके सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु की जनता मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के नेतृत्व वाली डीएमके सरकार के व्यापक भ्रष्टाचार से त्रस्त है। उन्होंने दावा किया कि राज्य की जनता अब बदलाव चाहती है और भाजपा को एक विकल्प के रूप में देख रही है।शाह ने कहा, भाजपा कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के विकसित और समृद्ध तमिलनाडु के विजन को लेकर हर गांव, गली और घर तक पहुंचेंगे। उन्होंने यह भी जोड़ा कि भाजपा राज्य में महिला सशक्तिकरण, सामाजिक न्याय और भ्रष्टाचार मुक्त शासन के मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएगी।

### महिला सशक्तिकरण पर जोर

अमित शाह ने अपने तमिलनाडु दौरे के दौरान मोदी सरकार के 11 वर्षों की उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला, विशेष रूप से महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में उठाए गए कदमों को रेखांकित किया। उन्होंने लिखा, सशक्त महिलाएं आत्मनिर्भर भारत की नींव हैं। मोदी सरकार के लिए मां और मातृभूमि से बढ़कर कुछ नहीं है। उज्ज्वला योजना, ट्रिपल तलाक पर रोक, नारी शक्ति वंदन अधिनियम और सशस्त्र बलों में महिलाओं की भर्ती जैसे कदम ऐतिहासिक हैं। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी एक्स पर पोस्ट कर कहा कि पिछले 11 वर्षों में, एनडीए सरकार ने महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास को फिर से परिभाषित किया है। स्वच्छ भारत अभियान से लेकर मुद्रा लोन और पीएम आवास योजना तक, सरकार ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई ऐतिहासिक पहल की हैं।

### चुनाव की तैयारी में जुटी भाजपा

राज्य में पार्टी संगठन को सक्रिय करने और जनता के बीच पकड़ मजबूत करने के उद्देश्य से भाजपा अब तेजी से बूथ स्तर पर काम शुरू कर चुकी है। अमित शाह की इस यात्रा को तमिलनाडु में भाजपा की चुनावी तैयारियों की शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है।

### मीनाक्षी मंदिर में शाह का किया गया पारंपरिक तरीके से स्वागत

इससे पहले दिन में शाह ने यहां मीनाक्षी मंदिर में प्रार्थना की और मंदिर के पुजारियों ने उनका पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। शाह के आगमन पर उनका मदुरै अधीनम के पुजारी श्री ला श्री हरिहर श्री ज्ञानसंबंद देसिका स्वामीगल ने स्वागत किया। पुजारी ने मंत्री को भगवा शॉल भेंट की और उन्हें आध्यात्मिक पुस्तकें दीं। बाद में मंदिर के पुजारियों ने उनका औपचारिक स्वागत किया। शाह ने नैनार नागेंद्रन और केंद्रीय राज्य मंत्री एल मुरुगन और अन्य भाजपा नेताओं के साथ प्रसिद्ध प्राचीन मंदिर में प्रार्थना की। शाह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि मदुरै में



प्रतिष्ठित मीनाक्षी अम्मन मंदिर में पूजा करने का सौभाग्य मिला। राष्ट्र की निरंतर प्रगति और हमारे नागरिकों की भलाई के लिए मां का आशीर्वाद मांगा और प्रार्थना की। पुजारी ने बाद में संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने गृह मंत्री से कच्चातिवु द्वीप को पुनः प्राप्त करने और मछुआरों की परेशानियों को समाप्त करने के लिए एक स्थायी समाधान तलाशने की अपील की। उन्होंने श्रीलंकाई तमिलों के कल्याण की भी वकालत की। शाह 7 जून को रात 10.30 बजे यहां पहुंचे और उनका स्वागत तमिलिसाई सौंदरराजन, रामा श्रीनिवासन समेत भाजपा नेताओं और अन्नाद्रमुक नेता आरबी उदयकुमार और सेल्लूर के राजू ने किया।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान




# किसानों का 'लैब से लैंड' तक जुड़ना जरूरीः शिवराज

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरू

विकसित कृषि संकल्प अभियान के 11वें दिन केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान कर्नाटक के बेंगलुरु पहुंचे। उन्होंने यहां भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान में आयोजित एक कार्यक्रम में किसानों से संवाद किया। शिवराज सिंह ने किसानों से कहा कि 'लैब से लैंड' जुड़ना जरूरी है। रिसर्च की रीयल टाइम में किसानों तक पहुंच हो, इसके लिए प्रयास किए जा रहे हैं। जलवायु और क्षेत्र की विशेषता के अनुसार फलों, सब्जियों और फसलों की उपज की सही जानकारी किसानों तक पहुंचनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक 'विकसित भारत' की परिकल्पना की है। इसलिए विकसित भारत के लिए विकसित कृषि और समृद्ध किसान जरूरी है। बिना कृषि के विकास संभव नहीं है।

### चौहान ने लक्ष्यों का किया जिक्र

शिवराज सिंह ने चार लक्ष्यों का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि हमें 145 करोड़ आबादी के लिए खाद्य सुरक्षा, पोषणयुक्त आहार, किसानों के लिए कृषि क्षेत्र को लाभ में बदलना और मिट्टी की उर्वरक क्षमता को सुरक्षित रखना जैसे चार लक्ष्यों की दिशा में आगे बढ़ना होगा। शिवराज सिंह ने कहा कि इन्हीं निर्धारित लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' की शुरुआत की गई है।

### बनाई गई एमआईएस योजना

उन्होंने कहा कि किसानों की समृद्धि के लिए हरसंभवन प्रयास किए जा रहे हैं। किसान सीधे अपनी उपज बेच सके, बिचौलियों की भूमिका कम हो इन्हीं सब पहलुओं को देखते हुए बाजार हस्तक्षेप योजना (एमआईएस) बनाई गई है। आलू, प्याज और टमाटर इन तीन फसलों के लिए यदि कोई किसान कम कीमत के कारण अपने क्षेत्र की जगह बड़े शहरों या ऐसे राज्यों जहां उनकी उपज की कीमत अधिक है, वहां ले जाकर अपनी फसल को बेचना चाहे तो ऐसी स्थिति में परिवहन में होने वाली परिचालन लागत का खर्चा केंद्र सरकार द्वारा उठाया जाएगा।

### राजस्थान में गुर्जर समाज ने किया प्रदर्शन

## महापंचायत खत्म होने के बावजूद भी विरोध पर अड़े, 2 घंटे बाद ट्रैक से हटे

एजेंसी ▶▶ भरतपुर

राजस्थान में गुर्जर महापंचायत खत्म होने के बाद समाज के लोगों ने भरतपुर के पीलूपुरा में ट्रेन रोक दी। भीड़ पटरियों पर पहुंची और कोटा-मथुरा पैसेंजर को रोक दिया। दिल्ली-मुंबई रेलवे ट्रैक को दो घंटे (4.30 से 6.30 बजे) तक जाम किया। इतना ही नहीं, प्रदर्शनकारियों ने पटरी उखाड़ने की भी कोशिश की थी। मौके पर पहुंचे कलेक्टर-एसपी ने प्रदर्शनकारियों से समझाइश की और शाम साढ़े 6 बजे ट्रैक को खाली कराया। ट्रैक महापंचायत स्थल से मात्र डेढ़ सौ मीटर की दूरी पर था। पूर्व के आंदोलनों में भी इस ट्रैक को कई बार जाम किया जा चुका है। इससे पहले आरक्षण समेत कई मांगों को लेकर भरतपुर के बयाना इलाके के कारवारी शहीद स्मारक (पीलूपुरा) पर रविवार को हुई महापंचायत में सरकार की ओर से मांगों को लेकर ड्राफ्ट भेजा था।

### आरक्षण के मसौदे का विरोध

गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय बैंसला ने लोगों को वह पढ़कर सुनाया। समाज की सहमति के बाद महापंचायत को समाप्त कर दिया। इससे बाद कई लोगों ने सरकार के मसौदे का विरोध किया। नाराज होकर रविवार शाम साढ़े 4 बजे रेलवे ट्रैक को जाम कर दिया था। गुर्जर समाज की ओर से सरकार को रविवार दोपहर तक का अल्टीमेटम दिया गया था। गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा था- कुछ लोग इस बात पर अड़े हुए हैं कि हम सरकार के खिलाफ ही रहेंगे और बोलेंगे।



## शशि थरूर ने कहा-भारत और पाकिस्तान के बीच बाहरी मध्यस्थता की कोई गुंजाइश नहीं

# आतंकियों संग समानता ही नहीं तो 'मध्यस्थता' कैसी ? भारत पाक सीजफायर का क्रेडिट लेने पर ट्रंप को सुनाई खरी-खरी

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

ऑपरेशन सिंदूर के बाद शशि थरूर और उनकी टीम अभी अमेरिका में है। अमेरिका की धरती से ही शशि थरूर ने डोनाल्ड ट्रंप को जमकर सुनाया है। भारत-पाक के बीच सीजफायर का क्रेडिट लेने वाले डोनाल्ड ट्रंप को मुंहतोड़ जवाब दिया है।

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने जोर देकर कहा है कि भारत और पाकिस्तान के बीच बाहरी मध्यस्थता की कोई गुंजाइश नहीं है। उन्होंने कहा कि दोनों पड़ोसी देश बराबर नहीं हैं।

ऐसे में असमान पक्षों के बीच मध्यस्थता की बात ही गलत है। उन्होंने साफ कह दिया कि आतंकियों और आतंक पीड़ितों के बीच तुलना ही बेमतलब है। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बार-बार दावा कर रहे हैं कि उन्होंने भारत-पाक के बीच सीजफायर कराने में मदद की।

शशि थरूर ने अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के भारत-पाक सीजफायर के दावे को खारिज किया है। उन्होंने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच बाहरी मध्यस्थता की कोई जरूरत नहीं है।



### आतंकी देश और पीड़ित देश के बीच समानता नहीं

आतंकवाद को सुरक्षित पनाह देने वाले एक देश और एक ऐसे देश के बीच कोई समानता नहीं है जो एक समृद्ध मल्टी पार्टी लोकतंत्र है, जो अपने काम को आगे बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। शशि थरूर ने आगे कहा, 'एक देश जो आतंकवाद को सुरक्षित आश्रय प्रदान करता है और एक देश जो एक समृद्ध बहुदलीय लोकतंत्र है और अपने काम में लगा हुआ है के बीच कोई समानता नहीं है' थरूर ऑपरेशन सिंदूर पर एक डेलिगेशन का नेतृत्व कर रहे हैं।

### शशि थरूर बार-बार धो रहे

शशि थरूर ने बार-बार डोनाल्ड ट्रंप के भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर कराने के दावे को खारिज किया है। भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया।

### आतंकवाद के मुद्दे पर यूरोप भारत के साथ खड़ा है', सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के स्वदेश लौटने पर बोले रविशंकर




**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल छह यूरोपीय देशों के राजनयिक दौरे के बाद रविवार को दिल्ली लौटा, इस दौरान सांसदों ने आतंकवाद पर भारत की स्थिति को मजबूती से व्यक्त किया और पहलगाम आतंकी हमले तथा ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत की प्रतिक्रिया के बारे में अपने समकक्षों को जानकारी दी। राष्ट्रीय राजधानी पहुंचने पर पत्रकारों से बात करते हुए प्रसाद ने कहाःभारत वापस आकर बहुत अच्छा लग रहा है। हमारे प्रतिनिधिमंडल ने फ्रांस, इटली, डेनमार्क, इंग्लैंड, ब्रुसेल्स और जर्मनी का दौरा किया। हमने संसद के वरिष्ठ नेताओं, थिंक-टैंक और भारतीय समुदाय से मुलाकात की। पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर विदेशी देशों में काफी गुस्सा है और सभी देशों ने इसकी निंदा की है। हम यूरोपीय संसद भी गए। भारतीय समुदाय हमसे मिलने के लिए बहुत उत्साहित था। भारत और यूरोप के बीच एक नया रिश्ता स्थापित होने जा रहा है। यह एक बहुत ही संतोषजनक यात्रा थी।

### थरूर ने दिया मुंहतोड़ जवाब

*शशि थरूर के मुताबिक, एक ऐसा देश जो केवल अपने हाल में ही रहना चाहता है और एक ऐसा पड़ोसी जो हमसे सहमत नहीं है, जो जियो पॉलिटिकल व्यवस्था को बदलना चाहता है जो पिछले 75 वर्षों से चली आ रही है। ऐसी स्थिति में इनके बीच कोई समानता नहीं हो सकती। इस परिस्थिति में यह सुझाव देना कि इन दो असमानों चीजों के बीच मध्यस्थता संभव है, वाशिंगटन में गुरुवार को काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस में बोलते हुए शशि थरूर ने कहा कि आतंकवादियों और उनके पीड़ितों के बीच कोई समानता नहीं है।*

## खबर संक्षेप

### यूक्रेनः खारकीव में रूसी हमले में 4 लोगों की मौत



**कीव।** रूस ने यूक्रेन के खारकीव शहर को निशाना बनाकर ड्रोन और मिसाइल से बड़े पैमाने पर हमले किए, जिनमें कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और 26 अन्य घायल हो गए। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार, रूसी बमबारी में घातक हवाई 'ग्लाइड बम' भी इस्तेमाल किए गए। यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर पर पहला हमला तड़के सुबह रूसी ड्रोन और मिसाइल से किया गया। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, इसमें कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और 21 अन्य घायल हो गए।

### पाकिस्तान आवाज दबाने लाया नया कानून

**क्वेटा।** पाकिस्तान अपनी दमनकारी नीति से बलूचिस्तानियों की आवाज को दबाना चाहता है। लिहाजा बलूचिस्तान विधानसभा के जरिये 4 जून को काउंटर टेररिज्म के नाम पर (बलूचिस्तान संशोधन) अधिनियम 2025 पारित करवाया है, ताकि अपने अधिकार के लिए लड़ रहे बलूचिस्तानियों की आवाज को बंद किया जा सके। इस कानून को लेकर मानवाधिकार संगठनों, कानूनी विशेषज्ञों और नागरिक समाज ने तीखी प्रतिक्रिया दी है और चेताया है ।

## फ्रांस के लिए हुए रवाना विदेश मंत्री, 14 जून तक रहेंगे दौरे पर

# सात दिन के विदेश दौरे पर रहेंगे एस जयशंकर फ्रांस, बेल्जियम और यूरोपीय संघ की करेंगे यात्रा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*विदेश मंत्री एस जयशंकर अपनी यात्रा के दौरान अलग-अलग देशों के वरिष्ठ नेतृत्व से मिलेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि उनकी यात्रा से यूरोपीय संघ, फ्रांस और बेल्जियम के साथ भारत के मैत्रीपूर्ण संबंधों को और गहरा करने और विविध क्षेत्रों में चल रहे सहयोग को नई गति मिलने की उम्मीद है।*

विदेश मंत्री एस जयशंकर सात दिन के विदेश दौरे पर रहेंगे। वे 8 से 14 जून तक बेल्जियम, फ्रांस और यूरोपीय संघ की यात्रा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने बताया कि यात्रा के दौरान विदेश मंत्री फ्रांस में द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। साथ ही बेल्जियम में विदेश मंत्री एस जयशंकर अपने समकक्ष से बात करने के साथ ही प्रवासी भारतीयों से भी मुलाकात करेंगे।

विदेश मंत्री फ्रांस के पेरिस और मार्सिले की यात्रा करेंगे। जहां वे फ्रांस के यूरोप और विदेश मामलों के अपने समकक्ष मंत्री जीन नोएल बरोट के साथ द्विपक्षीय चर्चा करेंगे। वह फ्रांस के वरिष्ठ नेतृत्व के साथ-साथ थिंक टैंक और मीडिया के साथ भी बात करेंगे। इसके अलावा विदेश मंत्री मार्सिले शहर में आयोजित होने वाले भूमध्यसागरीय रायसीना वार्ता के उद्घाटन समारोह में भी भाग लेंगे।


फाइल फोटो

### भारत बेल्जियम के संबंध मजबूत होंगे
### भारत और बेल्जियम के आर्थिक साझेदारी से संबंध मजबूत होंगे

मंत्रालय ने कहा कि भारत और बेल्जियम बहुत मजबूत आर्थिक साझेदारी के साथ-साथ मधुर और मैत्रीपूर्ण संबंध साझा करते हैं। दोनों देशों के बीच सहयोग व्यापार और निवेश, हरित ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, फार्मास्यूटिकल, हीरा क्षेत्र और लोगों के बीच मजबूत संबंधों जैसे विभिन्न क्षेत्रों में फैला हुआ है।

### यूरोपियन के नेताओं से करेंगे मुलाकात

*विदेश मंत्री एस जयशंकर आज यूरोप के दौरे पर रवाना हो रहे हैं, जहां वे सबसे पहले फ्रांस पहुंचेंगे। इसके बाद उनकी यूरोपियन यूनियन के नेताओं के साथ मुलाकात होगी और वे बेल्जियम भी जाएंगे। यह दौरा 14 जून तक चलेगा विदेश मंत्रालय के मुताबिक विदेश मंत्री यूरोपीय संघ के उच्च प्रतिनिधि और उपाध्यक्ष काजा कालास के साथ एक रणनीतिक वार्ता करेंगे और थिंक टैंक और मीडिया के साथ बातचीत करने के अलावा यूरोपीय आयोग और यूरोपीय संसद के वरिष्ठ नेतृत्व के साथ जुड़ेंगे। विदेश मंत्री एस जयशंकर बेल्जियम की यात्रा के दौरान वहां के उप प्रधान मंत्री और विदेश मंत्री मैक्सिम प्रीवोट के साथ द्विपक्षीय परामर्श करेंगे। वे बेल्जियम के वरिष्ठ नेतृत्व से भी मिलेंगे। वह भारतीय समुदाय के सदस्यों के साथ भी बातचीत करेंगे।*

### ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी देंगे जयशंकर

मामले में जानकारी देते हुए विदेश मंत्रालय ने रविवार को बताया कि 'विदेश मंत्री एस. जयशंकर 19 से 24 मई तक नीदरलैंड, डेनमार्क और जर्मनी की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे। मंत्रालय ने कहा कि जयशंकर तीनों देशों के नेतृत्व से मिलेंगे और अपने समकक्षों के साथ द्विपक्षीय संबंधों तथा आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मामलों पर चर्चा करेंगे। उम्मीद है कि जयशंकर तीनों देशों के अपने समकक्षों को पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर शुरू करने संबंधी भारत के फैसले से भी अवगत कराएंगे।

## हालात बिगड़ने पर प्रशासन ने उठाया ये कदम

# मणिपुर के 5 जिलों में अगले 5 दिनों के लिए इंटरनेट बंद



एजेंसी ▶▶ मणिपुर

मणिपुर के पांच जिले इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, थौबल, काकचिंग और बिष्णुपुर में सरकार ने अगले 5 दिनों के लिए इंटरनेट सेवाओं को बंद कर दिया है। सरकार ने राष्ट्र विरोधी और असामाजिक तत्वों की साजिशों और गतिविधियों को विफल करने और शांति और सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने और सार्वजनिक/निजी संपत्ति को किसी भी तरह के जान-माल के नुकसान से बचाने के लिए ये कदम उठाया है। मणिपुर सरकार ने 5 दिनों के लिए पांच जिलों में इंटरनेट सेवाओं बंद करने का आदेश दिया है।

### सड़कों पर टायरों को जलाया गया

प्रदर्शनकारियों ने इंफाल पश्चिम जिले के उरिपोक और कोइरेंगई और इम्फाल पूर्व जिले के खुराई में सड़कों पर जलते टायरों को फेंककर निषेधाज्ञा का उल्लंघन किया। कोइरेंगई में प्रदर्शनकारियों ने सड़क खोदकर उस पर मिट्टी के ढेर लगा दिए, ताकि सुरक्षा बलों की आवाजाही को रोका जा सके। इसी तरह के विरोध प्रदर्शन असम के पड़ोसी जिले जिरिबाम में भी हुए। सहित इंटरनेट और मोबाइल डेटा सेवाओं को 5 दिनों के लिए निलंबित/रोकने का आदेश दिया गया है।

### राज्य में स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है

जानकारी के अनुसार, पांच जिले इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, थौबल, काकचिंग और बिष्णुपुर हैं। आयुक्त-सह-सचिव (गृह) एन अशोक कुमार ने एक आदेश में कहा कि मणिपुर राज्य में विशेष रूप से इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, थौबल, काकचिंग और बिष्णुपुर जिलों में मौजूदा कानून और व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए, यह आशंका है कि कुछ असामाजिक तत्व जनता की भावनाओं को भड़काने वाले गंभीर चित्र, अभद्र भाषा और घृणास्पद वीडियो संदेशों को प्रसारित करने के लिए सोशल मीडिया का बड़े पैमाने पर उपयोग कर सकते हैं, जिसका मणिपुर राज्य में कानून और व्यवस्था की स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

## 10 वर्षों में 300 टर्बोप्रॉप बेचने की योजना

# यूरोपीय विमान निर्माता कंपनी एटीआर भारत को लेकर उत्साहित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यूरोपीय विमान निर्माता कंपनी एटीआर भारत में कारोबारी अवसरों को लेकर उत्साहित है। एटीआर भारत में अपने विमानों की बिक्री की संभावनाओं को तलाशने के लिए विभिन्न ऑपरेटर्स और एयरलाइंस के साथ बातचीत कर रही है।

भारतीय बाजार की विकास संभावनाओं को देखते हुए एटीआर के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि उन्हें उम्मीद है कि अगले 10 वर्षों में देश में 300 और टर्बोप्रॉप होंगे।



### देश में अभी 70 एटीआर विमान संचालित हो रहे

एयरबस और लियोनार्डो के संयुक्त उद्यम वाली कंपनी एटीआर 78 सीटों वाले टर्बोप्रॉप विमान के साथ-साथ मालवाहक विमान भी बनाती है। वर्तमान में, देश में 70 एटीआर विमान हैं, जिनका संचालन इंडिगो, एलायंस एयर और फ्लाई91 जैसी एयरलाइंस और ऑपरेटर्स द्वारा किया जाता है।

### छोटे मार्गों के लिए एटीआर विमानों के लिए संभावनाएं

*एटीआर ने 100 देशों में 200 ऑपरेटरों को 1,800 विमान बेचे हैं। टैरिफ अनिश्चितताओं के बारे में, क्लेरसिन ने कहा कि कोई नहीं कह सकता कि इसका परिणाम क्या होगा। उन्होंने कहा, हम कीमतें कम रखने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत जैसे घरेलू बाजार के लिए, जहां कई छोटे मार्ग हैं, जहां एक घंटे में पहुंचा जा सकता है, वहां ऑपरेटरों को एटीआर विमान जैसे सस्ते उत्पाद की जरूरत होगी। भारत दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते नागरिक उड्डयन बाजारों में से एक है और यहां हवाई अड्डों की संख्या के साथ-साथ क्षेत्रीय हवाई संपर्क भी बढ़ रहा है।*

## फ्रांस ने खोली पाकिस्तान और चीन की पोल

# राफेल को लेकर दोनों देश चला रहे फर्जी अभियान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना द्वारा पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर की गई दंडात्मक कार्रवाई में राफेल विमानों का इस्तेमाल मिसाइलों के साथ किया गया था। तभी से कुछ ताकतें राफेल की कार्यक्षमता को लेकर झूठा नैरेटिव गढ़ने में जुट गई हैं। राफेल लड़ाकू विमान की प्रतिष्ठा को धूमिल करने के लिए एक सुनियोजित फर्जी प्रचार अभियान डिसइनफॉर्मेशन ऑपरेशन चलाया जा रहा है, भारतीय वायुसेना द्वारा पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर की गई दंडात्मक कार्रवाई में राफेल विमानों का इस्तेमाल मिसाइलों के साथ किया गया था।

### फर्जी खबरों और वीडियो का प्रसार

फ्रांसीसी सूत्रों ने बताया कि चीन और पाकिस्तान से चलाए जा रहे इस अभियान में टिकटॉक वीडियो, सोशल मीडिया पोस्ट और गलत तकनीकी विश्लेषण के ज़रिए गलत जानकारियां फैलाई जा रही हैं। एक प्रमुख उदाहरण यह भी है कि चीनी सोशल मीडिया और मीडिया आउटलेट्स ने यह भ्रम फैलाया कि इंडोनेशिया भारत की कार्रवाई के बाद राफेल खरीद पर पुनर्विचार कर रहा है। लेकिन यह पूरी तरह झूठा निकला क्योंकि फ्रांस और इंडोनेशिया ने हाल ही में राफेल के अतिरिक्त जेट खरीदने के लिए आशय पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं।

## 8 से 13 जून तक संयुक्त राष्ट्र महासागर सम्मेलन में होंगे शामिल

### पृथ्वी विज्ञान मंत्री की फ्रांस यात्रा भारत सरकार द्वारा उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम

# डॉ. जितेन्द्र सिंह महासागरों पर अंतर्राष्ट्रीय बैठक में उच्च स्तरीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने के लिए फ्रांस पहुंचे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेन्द्र सिंह रविवार को अंतर्राष्ट्रीय महासागर सम्मेलन में एक उच्च स्तरीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने के लिए फ्रांस पहुंचे। बता दे कि फ्रांस के खूबसूरत तटीय शहर नीस में 8 से 13 जून तक संयुक्त राष्ट्र महासागर सम्मेलन" (यूएनओसी3) आयोजित होने वाला है। उच्च स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में विश्व भर के नेता, वैज्ञानिक, नीति निर्माता और नागरिक समाज के कार्यकर्ता एक साथ आएंगे तथा विश्व के महासागरों के स्वास्थ्य के लिए सतत महासागर व्यवस्था और ठोस कार्रवाई पर चर्चा करेंगे। पृथ्वी विज्ञान मंत्री की फ्रांस यात्रा भारत सरकार द्वारा उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है क्योंकि यह महासागरीय सततता और समुद्री सहयोग पर भारत की वैश्विक भागीदारी के प्रति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतिबद्धता को दोहराएगा।

### भारत ने यूएनओसी3 की तैयारी में योगदान दिया

*भारत ने यूएनओसी3 की तैयारी में सक्रिय रूप से योगदान दिया है। सम्मेलन से पहले पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (एमओईएस) ने नई दिल्ली में फ्रांस और कोस्टा रिका के दूतावासों के सहयोग से दो ब्लू टॉक आयोजित किए। इन सत्रों में कई क्षेत्रों के वैज्ञानिक, अधिकारी और हितधारक एक साथ आए और समुद्री प्रबंधन संरक्षण पर सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा किया तथा ठोस सिफारिशें की। यूएनओसी3 में आम चर्चा के दौरान, डॉ. जितेन्द्र सिंह समुद्री नीति पर भारत के रुख को स्पष्ट करेंगे। समुद्री अनुसंधान, तटीय लचीलापन और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में क्षेत्रीय सहयोग में देश की पहलों के बारे में बताएंगे।*

### चिली के प्रतिनिधियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे

सम्मेलन के औपचारिक सत्रों के अलावा, डॉ. जितेन्द्र सिंह फ्रांस, जर्मनी, वियतनाम, इंडोनेशिया और चिली के प्रतिनिधियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे। इन बैठकों से समुद्री प्रदूषण से लेकर महासागर विज्ञान और नीली अर्थव्यवस्था से संबंधित पहलों के लिए वित्तपोषण जैसे मुद्दों पर प्रमुख वैश्विक नेताओं के साथ भारत के सहयोग को मजबूत होने की उम्मीद है।



## थाना चांपा क्षेत्र की गणेश मोबाइल दुकान पर चोरों ने बोला था धावा

# केवल दस घंटों में पुलिस ने किया चोरी का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

ज़िले के थाना चांपा क्षेत्र स्थित गणेश मोबाइल दुकान में हुई लाखों की चोरी की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। महज़ 10 घंटे में साइबर सेल और थाना चांपा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई ने 5 आरोपियों को धरदबोचा, जिनमें 2 नाबालिग शामिल हैं। पुलिस ने 10 लाख रुपये का सामान भी बरामद किया है। घटना दिनांक 7 जून 2025 की रात करीब



3 बजे की है, जब चोरों ने गणेश मोबाइल दुकान का शटर तोड़कर 18 महंगे मोबाइल और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान चुरा लिया।

लेकिन डायल 112 की मुस्तैद पेट्रोलिंग टीम की सक्रियता से आरोपी बड़ी चोरी को अंजाम नहीं दे पाए और हड़बड़ी में कुछ सामान लेकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देश पर तत्काल कार्रवाई की गई। थाना चांपा एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम ने जांच शुरू की। दुकान में लगे उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरों ने आरोपियों की पहचान करने में अहम भूमिका निभाई। पुलिस ने करीब 25 किलोमीटर क्षेत्र में लगे सभी सीसीटीवी फुटेज खंगाले और तकनीकी जानकारी के आधार पर अलग-अलग स्थानों से आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए पांच आरोपियों में 2 विधि विरुद्ध संघर्षरत बालक और 3 वयस्क शामिल हैं। आरोपियों के कब्जे से चोरी गए 18 मोबाइल, ब्लूटूथ, सेल्फी स्टैंड, ईयरफोन सहित कुल 7 लाख रुपये का सामान और चोरी में प्रयुक्त एक्टिवा, बाइक, हथौड़ा, पाना सहित करीब 3 लाख रुपये का अन्य सामान जब्त किया गया। तीनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है, जबकि दोनों नाबालिगों को किशोर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

**18 मोबाइल, ब्लूटूथ, सेल्फी स्टैंड, ईयरफोन सहित कुल 7 लाख का सामान बरामद**

---

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कुंडम में सांदीपनि विद्यालय और आईटीआई भवन का किया लोकार्पण

# 1400 करोड़ की लागत से बनेगा गोमुख जलाशय
# मध्य प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में बन रहे नए मापदंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

### आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र को दीं सौगातें

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र कुंडम में जबलपुर और मंडला जिले के किसानों को बड़ी सौगात दी। मुख्यमंत्री ने कुंडम के समीप ग्राम छपरा में सांदीपनि विद्यालय और आईटीआई का लोकार्पण करने के बाद समारोह को संबोधित करते हुए 1400 करोड़ रुपए की लागत से गोमुख जलाशय बनाने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गोमुख जलाशय से 25 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई होगी। जलाशय से जबलपुर जिले के 14 हजार 900 और मंडला जिले के 10 हजार 100 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई संभावित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र को सांदीपनि विद्यालय और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था की सौगात मिल रही है। यह शिक्षा के मंदिर इस क्षेत्र में रहने वाले छात्र-छात्राओं के जीवन में बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे और विद्यार्थियों के जीवन की बेहतर दिशा तय करेंगे। उन्होंने कहा कि हम सभी जानते हैं कि भगवान कृष्ण और बलराम ने सांदीपनि आश्रम में अपनी शिक्षा ग्रहण की। शिक्षा ग्रहण करने के बाद विद्यार्थी नए रूप में उभरकर सामने आते हैं। इस अवसर पर राज्यमंत्री डॉ. गौतम टेंटवाल, विधायक संतोष बरकड़े, अजय विश्नोई, अशोक रोहाणी एवं सुशील कुमार तिवारी इंदु सहित अन्य जनप्रतिनिधि मंचासीन थे।

**खास बातें**

- गोमुख जलाशय से 25 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई होगी
- जबलपुर जिले के 14 हजार 900 और मंडला जिले के 10 हजार 100 हेक्टेयर क्षेत्र में होगी सिंचाई संभावित



### शासकीय स्कूल के विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन किया

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि मुझे प्रसन्नता है कि प्रदेश शिक्षा के क्षेत्र में नित नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने बताया कि उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर दो सांदीपनि विद्यालय क्रमशः रतलाम का विनोबा सीएम राइज स्कूल विश्व के सर्वश्रेष्ठ स्कूल पुरस्कार, 2024 के 'नवाचार' श्रेणी में प्रथम स्थान पर घोषित हुआ है। सीएम राइज मॉडल उच्चतर माध्यमिक स्कूल झाबुआ को 'सपोर्टिंग हेल्दी लाइफ' में चुना गया है। लंदन स्थित टी-4 एजुकेशन संस्था ने विभिन्न श्रेणियों में हमारे सांदीपनि विद्यालियों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ स्कूलों में शामिल किया है। कक्षा 10 वी एवं 12वी बोर्ड परीक्षा के परिणामों में शासकीय स्कूल के विद्यार्थियों ने निजी विद्यालयों की तुलना में अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि गोंडवाना समाज की रानी दुर्गावती ने अपने पराक्रम से दुश्मनों को मात दी। उन्होंने 52 लड़ाईयां लड़कर दुश्मनों के दांत खट्टे किए। उन्होंने अपने शौर्य के साथ-साथ जल संरक्षण की दिशा में भी महत्वपूर्ण कार्य किया।

### मध्यप्रदेश में तीन नदी जोड़ो परियोजना

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के नदी जोड़ो परियोजना के स्वप्न को पूरा करने की दिशा में काम किया जा रहा है। वर्तमान में मप्र में तीन नदी जोड़ो परियोजना चल रही है। किसानों की आमदनी दोगुनी हो इसके लिए किसान मेले भी लगाए जा रहे हैं। हाल ही में नरसिंहपुर जिले में तीन दिवसीय कृषि उद्योग मेला लगाया गया। इन मेलों का उद्देश्य किसानों को उन्नत खेती, नई तकनीक और विशेषज्ञों का मार्गदर्शन देकर उन्हें जानकारी प्रदान करना है।

#### छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण प्रदान

तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री गौतम टेटवाल ने तकनीकी शिक्षा, कौशल एवं रोजगार की उपलब्धियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि कुंडम आईटीआई में वर्तमान मे लगभग 12 करोड़ 63 लाख से आईटीआई भवन, बालक बालिका हॉस्टल एवं क्वार्टर तैयार किया गया है।

#### जल सरंक्षण की दिशा में जल गंगा संवर्धन अभियान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार जल सरंक्षण की दिशा में जल गंगा संवर्धन अभियान चला रही है। तीन माह चलने वाले इस अभियान में प्रदेश में 75 हजार खेत तालाब बनाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें ढाई महीने में 70 हजार खेत तालाब बन चुके हैं। आगामी रक्षाबंधन के पर्व पर लाडली बहना योजना की राशि बढ़ाई जाएगी और पांच साल में इस राशि को 3 हजार रुपए तक पहुंचाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में विकास के कार्य हो रहे हैं।

**18 करोड़ 41 लाख की लागत से बना सांदीपनि विद्यालय**

### गुणवत्तापूर्ण शिक्षा आदिवासी अंचल में स्थापित करेगी विकास के नए आयाम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा आदिवासी अंचल में विकास के नए आयाम स्थापित करेगी। मुख्यमंत्री ने कुंडम विकासखंड के ग्राम छपरा में सांदीपनि विद्यालय के लोकार्पण के अवसर पर बताया कि सीएम राइज स्कूल परिसर के आधारभूत ढांचे का विस्तार कर सांदीपनि विद्यालय का निर्माण किया गया है। मुख्यमंत्री ने लगभग 18 करोड़ 41 लाख की लागत से बने सांदीपनि विद्यालय का लोकार्पण दीप प्रज्ज्वल और कन्या-पूजन के साथ किया। यह विद्यालय 12 एकड़ के परिसर में फैला है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आनंदमय गणित की कक्षा में गये। उन्होंने प्रायमरी स्कूल के बच्चों की बनाई आकृतियां देखीं और आकृतियां बनाने वाले बच्चों से चर्चा की। मुख्यमंत्री पुस्तकालय पहुंचे और बच्चों के अनुरोध पर श्रीमदभगवद् गीता पर हस्ताक्षर किए।

#### *शैक्षणिक सुविधाओं से युक्त विद्यालय भवन का किया अवलोकन*

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आधुनिक शैक्षणिक सुविधाओं से युक्त विद्यालय भवन का अवलोकन किया। विद्यालय में बच्चे वाद्य यंत्रों के साथ प्रार्थना करते हैं। विद्यार्थियों को टीचर लार्निंग मैथड के माध्यम से मॉडल तैयार कर पढ़ाया जा रहा है। बच्चों को होमवर्क उनकी मेधा और क्षमता अनुसार दिया जाता है। कक्षा में बच्चों की संख्या 40 तय है, संख्या बढ़ने पर अलग सेक्शन बना दिया जाएगा। सांदीपनि विद्यालयों में कॅरियर काउंसिलिंग पर विशेष फोकस किया जा रहा है। बैंकर्स, प्रोफेसर्स आदि विभिन्न क्षेत्रों के प्रोफेशनल का विद्यालय में निरंतर भ्रमण भी होता है। स्मार्ट क्लास में विद्यार्थी पीपीटी से शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।*



---

## स्कूल शिक्षा विभाग, नियमों में बदलाव

# प्रभारी मंत्री के अनुमोदन पर होंगे जिलों में अधिकारियों कर्मचारियों के स्थानांतरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्कूल शिक्षा विभाग की राज्य एवं जिला स्तर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों की स्थानांतरण नीति-2022 की कण्डिकाओं में शिथिलता प्रदान करते हुए संशोधित आदेश जारी किए गए हैं। यह प्रशासकीय स्थानांतरण संबंधी अधिकार 7 से 16 जून की अवधि में जिला स्तर पर प्रभारी मंत्री को प्रत्यायोजित किए गए हैं। जिला स्तर पर स्थानांतरण की अवधि में जिला संवर्ग में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के शासकीय सेवकों, जिनमें प्राथमिक शिक्षक, सहायक शिक्षक, प्राथमिक शिक्षक (विज्ञान), सहायक शिक्षक (विज्ञान), प्रधानाध्यापक प्राथमिक शाला, लिपिकीय वर्ग संवर्ग तथा भृत्य संवर्ग के लोक-सेवकों का जिले के भीतर स्थानांतरण जिला कलेक्टर के माध्यम से प्रभारी मंत्री के अनुमोदन के बाद किया जाएगा।

विभागीय स्थानांतरण नीति-2022 के प्रावधानों का पालन करते हुए ऑनलाइन स्थानांतरण आदेश एजुकेशन पोर्टल 3.0 के माध्यम से जारी किए जाएंगे। स्थानांतरण आदेश पोर्टल पर जिला कलेक्टर की लॉगिन से अनुमोदन उपरांत जिला शिक्षाधिकारी के डिजिटल हस्ताक्षर से जारी होंगे। कोई भी आदेश ऑफलाइन जारी नहीं किया जायेगा।

#### *10 से कम नामांकन तो स्थानांतरण नहीं*

*जिले में 10 से कम नामांकन वाली किसी भी शाला में किसी भी शिक्षक का स्थानांतरण नहीं किया जाएगा। पारस्परिक स्थानांतरण समान पद एवं विषय होने पर ही किए जा सकेंगे, किन्तु 31 मई, 2025 से एक वर्ष की समयावधि में सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों का पारस्परिक स्थानांतरण नहीं किया जा सकेगा। आदेश में प्रदर्शित किए गए संवर्ग को छोड़कर शेष संवर्गों में प्रशासकीय स्थानांतरण राज्य स्तर से ही किए जा सकेंगे।*

#### *समय-सारणी जारी*

*एजुकेशन पोर्टल 3.0 के माध्यम से ऑनलाइन स्थानांतरण आदेश जारी किए जाने के लिए विभाग ने समय-सारणी नियत की है। स्थानांतरण किए जाने की अवधि 16 जून नियत की गई है। स्थानांतरण के लिए प्रशासकीय प्रस्ताव 14 जून तक दर्ज किए जा सकेंगे। ऑनलाइन स्थानांतरण आदेश जारी करने का कार्य 16 जून तक ही किया जा सकेगा। विभाग द्वारा उक्त आदेश समस्त जिला कलेक्टर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, संभागीय संयुक्त संचालक लोक शिक्षण और जिला शिक्षाधिकारी को जारी किए गए हैं।*

### जबलपुर डीईओ सोनी बने मदरसा बोर्ड सचिव

स्कूल शिक्षा विभाग ने करीब एक दर्जन अधिकारी-कर्मचारियों के तबादले किए हैं। इनमें जिला शिक्षा अधिकारी, संयुक्त संचालक, उप संचालक और प्राचार्य स्तर के अधिकारियों के आदेश जारी किए गए हैं। जबलपुर के जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी को मदरसा बोर्ड का सचिव नियुक्त किया गया है। इसके अलावा नर्मदापुरम के जिला शिक्षा अधिकारी एपी सिंह बिसेन को डिप्टी डायरेक्टर के पद पर डीपीआई में तैनात किया गया है। इसी तरह, ग्वालियर के डीईओ अजय कटियार और कटनी के डीईओ पीपी सिंह को जबलपुर के संयुक्त संचालक कार्यालय में स्थानांतरित किया गया है।

---


## कार से बीयर और शराब की बोतल बरामद, पुलिस ने की कार जब्त, आरोपी को किया गिरफ्तार

# कार चालक ने चार को रौंदा, एक मृत, तीन गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

नशे में धुत कार चालक ने चार लोगों को रौंद दिया। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई है और तीन लोगों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपी कार चालक को तोरवा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

कार से बीयर और शराब की बोतल बरामद कर कार को पुलिस ने जब्त कर लिया है। दरअसल, तोरवा थाना क्षेत्र के ढेका लालखदान के पास एक तेज रफ्तार कार ने सड़क पर चल रहे लोगों को अपनी चपेट मे ले लिया। जिसमें एक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकी अन्य घायल हो गए। जिसे अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। चालक प्रणय जुनेजा ने शराब का सेवन किया हुआ



था और अपने कार को तेज रफ्तार से दौड़ाया और चार लोगों की टक्कर मार दी। जिससे एक शख्स की मौके पर ही मौत हो गई और तीन लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। वही सीएसपी अक्षय साबद्रा ने हादसे के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चालक ने शराब का सेवन किया हुआ था। उसने गाड़ी से चार लोगों को टक्कर मार दी। एक की मौत हो गई और तीन गंभीर हालत में भर्ती कराया गया है। चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### *सड़क किनारे खड़ी जेसीबी से टकराई बाइक, मौत*



*जिले में फिर एक बार रफ्तार का कहर देखने को मिला है। एक तेज रफ्तार बाइक सड़क किनारे खड़ी जेसीबी से टकरा गई। हादसे के बाद घायल युवक को आसपास के लोग 108 की मदद से जिला अस्पताल लेकर गए, जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद बिलासपुर ले जाने के दौरान युवक की मौत हो गई। फिलहाल गौरेला पुलिस मामले में मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। सारबहरा गांव के रहने वाले शिवम धवारिया जब गौरेला से अपने घर सारबहरा सरकारी टोला जा रहे थे तभी सड़क किनारे खड़े एक जेसीबी से उसकी बाइक टकरा गई जिसके बाद आसपास के राहगीरों की शिवम पर नजर पड़ी तो वे शिवम को 112 की मदद से जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां अस्पताल में मौजूद डॉक्टरों के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद शिवम को आगे बेहतर इलाज के लिए बिलासपुर रेफर कर दिया गया, पर बिलासपुर जाने के दौरान रास्ते में शिवम ने दम तोड़ दिया शिवम को सिर और पैर में गंभीर चोट आई थी। जिसके बाद परिजन मृतक के शव को वापस जिला अस्पताल ले आए हैं वही अस्पताल से मिले मेमू के आधार पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं शिवम अपने माँ बाप का इकलौता बेटा था, पिता की मौत पहले ही हो गई थी और अब शिवम की मौत के बाद सिर्फ उसकी माँ रह गई घटना के बाद से मां का रो-रोकर बुरा हाल है।*

---


## 23 दुकानें तोड़ीं, 1 को स्टे, पीड़ित दुकानदार नाराज, जनता खुश

# भूपेन्द्र क्लब के अतिक्रमण पर गरजा बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मनेन्द्रगढ़

नगर में लंबे समय से चर्चा का विषय बना भूपेंद्र क्लब का अतिक्रमण प्रशासनिक कार्रवाई के दायरे में आ गया है। रविवार सुबह होते ही नगर प्रशासन और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम भारी सुरक्षा व्यवस्था के साथ क्लब परिसर पहुंची। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई, जिसमें 23 दुकाने तोड़ी गई।

वहीं 1 दुकान को स्टे मिलने के कारण नहीं तोड़ी गई। भूपेंद्र क्लब के आसपास के हिस्सों में कई वर्षों से अवैध कब्जे की शिकायतें मिल रही थीं, शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए नगर प्रशासन ने पूर्व में ही नोटिस जारी कर दिया था और अब उसी पर अमल करते हुए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई प्रारंभ की गई। हालांकि कुछ दुकानदारों ने खुद से अतिक्रमण हटाया है।



### मौजूद रहा भारी पुलिस बल

कार्रवाई के दौरान किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस बल की भारी तैनाती की गई है। मौके पर तहसीलदार, नगर पालिका के अधिकारी, पुलिस विभाग के उच्च अधिकारी, तथा अतिक्रमण हटाओ दल उपस्थित हैं। सभी कार्यवाही वीडियोग्राफी के साथ संपन्न की जा रही है ताकि किसी भी पक्ष को कानूनी आपत्ति का मौका न मिले। जहां एक ओर स्थानीय नागरिक प्रशासन की इस कार्रवाई की सराहना कर रहे हैं, वहीं कुछ प्रभावित दुकानदारों और कब्जाधारियों ने नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि उन्हें वैकल्पिक व्यवस्था देने के बाद ही कार्रवाई होनी चाहिए थी। प्रशासन का कहना है कि उन्हें पहले ही नोटिस और पर्याप्त समय दिया गया था। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह अभियान केवल भूपेंद्र क्लब तक सीमित नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि नगर की सुंदरता, सार्वजनिक स्थानों की उपलब्धता और आम नागरिकों की सुविधा के लिए यह आवश्यक कदम है।

---

## रेगुलर, नॉन रेगुलर कर्मचारियों के डेटा का परीक्षण सरकार की निरंतर प्रक्रिया

### राज्य स्तरीय वित्तीय इंटेलिजेंस सेल की जिम्मेदारी हुई तय

# 50 हजार कर्मचारियों के कर्मचारी कोड के डेटा का विश्लेषण शुरू, पहली बार ऐसा करने से मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

◆ *सभी कोषालय अधिकारियों को डेटा की पुष्टि करने के लिए दिए गए निर्देश*

राज्यवित्तीय इंटेलिजेंस सेल (एसएफआईसी) ने ऐसे लगभग 50 हजार कर्मचारियों के कर्मचारी कोड के डेटा का विश्लेषण करना शुरू किया है, जिनके पिछले चार महीनों से वेतन का आहरण कोषालय सॉफ्टवेयर से नहीं किया गया। इसलिए ऐसे कर्मचारियों के विवरण का सत्यापन कोषालय अधिकारियों के माध्यम से संबंधित डीडीओ से करवाए जाने के लिए आयुक्त कोष एवं लेखा भास्कर लाक्षकार ने निर्देश जारी किए हैं।

कोषालयों में पहली बार इस तरह के विश्लेषण करने से कर्मचारियों में हड़कंप मचा हुआ है। राज्य शासन ने रेगुलर और नॉन रेगुलर कर्मचारियों के डेटा का परीक्षण आईएफएमआईएस सॉफ्टवेयर के जरिए नियमित रूप से कर रहा है।

आयुक्त कोष एवं लेखा कार्यालय के अंतर्गत एक राज्य वित्तीय इंटेलिजेंस सेल (एसएफआईसी) भी संचालित है, जो नियमित अंतराल पर कोषालय के डेटा का विश्लेषण करता है। इसमें कर्मचारियों के वेतन आहरण की मॉनिटरिंग भी की जाती है। अब यह सेल जिलों से प्राप्त सभी तरीह के डेटा का परीक्षण भी कर रहा है।




### सेवानिवृत्ति की जानकारी वेतन प्रविष्टि से हुई

यह भी दिलचस्प है कि दिसंबर 2024 के डेटा के परीक्षण में पाया गया कि ऐसे कर्मचारी हैं, जिनके एम्प्लाई कोड आवंटित है, किंतु सेवानिवृत्ति तिथि की प्रविष्टि नहीं हुई है। आईएफएमआईएस सॉफ्टवेयर में एग्जिट प्रक्रिया भी पूरी नहीं हुई है, फिर भी चार माह से वेतन आहरण नहीं किया जा रहा है। इस संबंध में भी आयुक्त कोष एवं लेखा ने सभी कोषालय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि संबंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को संबंधित डेटा प्रदान कर 15 दिन में कारण सहित पुष्टि कराई जाए। उनके वेतन आहरण किस कारण से नहीं किया जा रहा है।

#### *रेगुलर और नॉन रेगुलर एम्पलाई का डेटा संबंधी होगा परीक्षण*

*आयुक्त कोष एवं लेखा लक्षकार ने आहरण एवं संवितरण अधिकारियों से प्राप्त जानकारी को कार्यालय आयुक्त कोष-लेखा को अवगत कराने को भी कहा है। उन्होंने कहा कि यदि डेटा के सत्यापन में कोई त्रुटि संज्ञान में आती है, तो संभागीय संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा के माध्यम से तत्काल प्रतिवेदन भेजा जाना होगा। इससे स्पष्ट है कि रेगुलर और नॉन रेगुलर एम्पलाई के डेटा संबंधी परीक्षण और निरीक्षण एक सामान्य और निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है।*

---

### मरवाही वन मंडल के बरवासन गांव का मामला, महिला भर्ती

# घर के बाहर खड़ी महिला पर भालू ने किया हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गौरेला पेंड्रा मरवाही

मरवाही वन मंडल में एक भालू ने घर के सामने खड़ी महिला पर अचानक हमला कर दिया। भालू के हमले से महिला बुरी तरह से घायल हो गई। महिला और आसपास के लोगो के द्वारा शोर मचाने के बाद भालू वहां से भाग निकला। महिला को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**आसपास के लोगों ने जब शोर मचाया तो वहां से भाग गया भालू**



फिलहाल महिला खतरे से बाहर बताई जा रही है। मामला मरवाही वन मंडल के बरवासन गांव का है जहां पर गांव की रहने वाली परवतिया बाई अपने घर के बाहर खड़ी थी, तभी अचानक वहां भालू आ धमका। इससे पहले की महिला कुछ समझ पाती। भालू ने महिला पर हमला कर दिया। भालू के अचानक हुए हमले से महिला हड़बड़ा गई और चीखने लगी। भालू के हमले से महिला घायल हो गई। महिला और आसपास के लोगों के द्वारा शोर मचाने के बाद भालू वहां से भाग गया। इसके बाद ग्रामीणों ने 108 एंबुलेंस एवं वन विभाग को घटना की सूचना दी और महिला को आनन-फानन में जिला अस्पताल लेकर आया गया। फिलहाल महिला का इलाज अस्पताल में चल रहा है।

# शहर के प्रमुख क्षेत्रों में अराजक यातायात से हाहाकार

## सड़कों पर लोडिंग, अनलोडिंग, चौपाया वाहनों व ई-रिक्शों ने बिगाड़े हालात

**हरिभूमि, जबलपुर। शहर का हर कोना कराहते यातायात से हाहाकार कर रहा हैं। ई रिक्शों की बढ़ती संख्या और बाजार क्षेत्रों के अतिक्रमणों ने सड़के निगल ली हैं। व्यापारी भी इस बात को नहीं समझ रहे कि अराजक यातायात से उनका काम ठप्प हो रहा हैं। रानीताल चौराहा के बीचोबीच सड़क पर ई रिक्शा आटो के जमघट स्टेशन की वजह से यहां से निकलना मुश्किल है। वहीं दमोहनाका चौराहा, रसल चौक, उखरी चौराहा, घमापुर चौक, कांचघर, चुंगीचौकी, बल्देवबाग चौराहा, पेंटीनाका, मिलौनीगंज से मालवीय चौक और फिर अंधेरदेव दोनों तरफ के सहायक मार्गों में आज यातायात व्यवस्था अराजकता की सीमा पार कर चुकी है।**



### बाजारों में प्रवेश कर रहे चौपाया वाहन

मालवीय चौक, करमचंद चौक, तुलाराम चौक, कमानिया, बड़ा फुहारा, मालवीय चौक जैसे व्यस्तम मार्गों में चार पहिया वाहन, कार, जीप सब प्रवेश कर रहे है। इसी बीच ई रिक्शा वालें कही भी मोड़ते है और कही भी रुक जाते हैं। लिहाजा तुलाराम चौक से कार घुसती है और मिलौनी गंज से सैंकड़ों की तादाद ई रिक्शे और दोनों मिलकर इस पूरे मार्ग को ब्लॉक कर देते हैं। यदि तुलाराम चौक, करमचंद चौक और मालवीय चौक से अंदर घुसने वाले कार और ई रिक्शा को यदि डायवर्ट कर दिया जाए। तो 70 प्रतिशत ट्रैफिक समस्या वहीं खत्म हो जाएगी। ट्रैफिक एक फ्लो में बाहर निकलेगा। लेकिन महीने में 4 दिन के अलावा यहां कभी पुलिस या ट्रैफिक पुलिस के जवान नहीं होते।

हनुमानत ताल से शहर के अंदर के मार्ग के जरिये करमचंद चौक या मालवीय चौक आने में 40 से 60 मिनट लग रहा है। हालत इतने अराजक हैं कि लोग हनुमानताल, मिलौनीगंज से सिविक सेंटर आने के लिये सिंधी कैम्प, घमापुर, कलेक्ट्रेट होते हुये घंटाघर का मार्ग पकड़ना आसान समझ रहे हैं। मिलौनीगंज से मालवीय चौक, कमानिया - फुहारा करमचंद चौक, अंधेरदेव हर दिन ई रिक्शा की रैली के नजारे हैं। इतने से ही अराजकता की स्थिति बन जाती है। करमचंद चौक, तुलाराम चौक से शहर के मध्य में घुसने वाले फोरव्हीलर इस अराजकता को बढ़ा देते हैं। आज शहर के मध्य ट्रैफिक समस्या से पीड़ति है, परेशान है, हर दिन रो रहा है। लेकिन पुलिस प्रशासन यातायात विभाग करोड़ों की सैलरी और अरबों रुपये के संसाधन जनता के पैसे से पाने के बाद भी मूक दर्शक बना हुआ तमाशा देख रहा है। एक पान वाले को भी पता है कि क्या क्या मामूली कदम उठा लिये जाएं तो इस क्षेत्र में ट्रैफिक संभल जाएगा। लेकिन एसी कमरों में गर्मी काटते टैफिक विभाग के अधिकारियों नहीं पता कि क्या कदम उठाने हैं, जिससे यहां का यातायात संभल जाए।

### बर्बाद हो गया कारोबार

गंजीपुरा, अंधेरदेव, फुहारा, कमानिया और इसके चारों तरफ के क्षेत्र शहर की कारोबारी रीढ़ कहे जाते हैं। लेकिन बीते एक साल से जिस तरह से यहां का आवागमन और यातायात दम तोड़ रहा है। उससे यह कहना अतिश्योक्ति नहीं कि शहर की कारोबारी रीढ़ कमजोर पड़ रही है। आज हालत यह है कि भीषण जाम की स्थिति के चलते शहरवासी इन क्षेत्रों के बाजारों से कतरा रहे हैं। खरीदादारी के लिये ऑनलाईन शापिंग या फिर सदर गोरखपुर की तरफ जा रहे हैं। जिसके चलते यहां के हजारों छोटे बड़े दुकानदार और कारोबारी धीरे धीरे बर्बाद हो रहे हैं।

### रानीताल चौक ई-रिक्शों का स्टेंड

शहर का सबसे व्यस्तम और प्राचीन व अब सुंदर चौराहों में शुमार रानीताल चौराहा वाहनों का पार्किंग स्टेशन बनने से परेशानी का सबब बन गया है। यहां बीच चौराहे पर सुभाष मेडीकल के सामने ई रिक्शा चालक और आटो दोनों तीन तीन की लाईन में खड़े हो जाते है लिहाजा खड़े होने तक की जगह नहीं रहती ऐसे में ट्रेफिक जाम रहता है। मजे की बात तो यह है कि यही चार कदम आगे ट्रैफिक की पुलिस दो पहिया वाहन चालकों का चालान करने में व्यस्त रहती है। पर अवैध रुप से बीच सड़क में खड़े वाहनों को हटाने की कोशिश भी नहीं की जाती, जिससे लोगों को रोड पार करने में दिक्कत जाती है।

### आगा चौक में ट्रांसपोर्ट की धमाचौकड़ी

आगा चौक से मरघटाई रोड, आगा चौक से बल्देवबाग रोड, और बल्देवबाग से निवाड़गंज रोड पर फुटपाथ के ऊपर और सड़क पर दो-दो, तीन-तीन ट्रक खड़े रहते हैं और लोडिंग अनलोडिंग का काम चलता रहता है। इसी बीच लाईव मेडिसिटी हॉस्पिटल से चार पहिया वाहन और अग्रवाल पेट्रोलपंप से पेट्रोल भराकर आने वालें दो पहिया वाहन रॉन्ग साईड से प्रवेश करते है। इससे दुर्घटनाओं का आंदेशा बना रहता है। कमोबेश यही हालत बल्देवबाग से निवाड़गंज रोड का है जहां यातायात के दबाव के समय आधी सड़क तक ट्रक खड़े रहते है।

# कदम मित्र अभिलेख सोनी का हुआ अंशरोपण



**जबलपुर।** कदम मित्र अभिलेख सोनी का अंशरोपण गुरुवार 05 जून 2025 को उनके निज निवास गोहलपुर अमखेरा रोड श्रीराम परिसर में संपन्न हुआ। बताया गया जिन समाजों में दाह संस्कार होता है उस समाज के व्यक्ति दाह संस्कार के बाद दिवंगत व्यक्ति की मुठ्ठी भर पवित्र भस्म को लाकर 10वें या 13वें दिन उसे गमले में खाद, मिट्टी के साथ मिलाकर उसमें एक-दो बीज रोप देते हैं। 15-20 दिन बाद जब पौधा अंकुरित होता तब परिवार के सदस्य यह महसूस करते हैं कि वह दिवंगत व्यक्ति पौधे के रूप में हमारे साथ रहने वाला है। भावनात्मक लगाव के साथ-साथ अंशरोपण का वैज्ञानिक पक्ष भी है कि पवित्र भस्म में कैल्शियम कार्बोनेट प्रचुर मात्रा में होता है जो कि अम्लीय मिट्टी के लिये वरदान है, साथ ही इसमें पोटाश एवं फॉस्फेट पाया जाता है जो पौधों की ग्रोथ के लिये आवश्यक है। अंशरोपण से कई सौ परिवार पूरे देश में जुड़ चुके हैं। कार्यक्रम में उपस्थित कदम के संस्थापक योगेश गनौरे, सीमा चतुर्वेदी, सोनिया वाकुलकर रायत ने कहा कि हमारे परिजन जब इस दुनिया से चले जाते हैं, तो उन्हें याद करने का और खुशी पाने का माध्यम है अंशरोपण, अमित सोनी एवं उनके परिवारजन को अंशरोपण करके एक सुखद अनुभूति हुई। इस अवसर पर कृष्ण कुमार सोनी, सुरसुता सोनी, अभिषेक सोनी, महेश सोनी, आदित्य सोनी, आरुष सोनी, श्रीनिवास महाराणा, अंकित पांडे परिवारजन एवं गणमान्य नागरिक आदि उपस्थित रहे। साथ ही अपील की गई कि अंशरोपण को प्रथा बनाएं।

# जहां मन करे वहां बैठकर पी जा रही शराब

**हरिभूमि, जबलपुर।** शहर में शराबखोरी फिर चरम पर पहुंचने लगी। हर गली, हर नुक्कड़ और सूनसान जगहों के अलावा सार्वजनिक स्थानों पर शाम ढलते ही शराबियों का जमावड़ा लग जाता है। आम जनता शराबखोरी से त्रस्त हो चुकी है। जबसे अहाते बंद हुए है तब से इसका नाकारात्मक प्रभाव यह सामने आया है कि लोग सड़कों पर शराब खोरी करने लगे। शाम ढलने के बाद देर रात तक सड़क किनारे कार खड़ी करके और मोपेड वाहन खडा करके शराब पी जा रही है बल्कि शराब पीकर वाहन भी चलाए जा रहे है देर रात 12 बजे के बाद बेलगाम रफ्तार से चार पहिया और दो पहिया, सभी वाहन तेज रफ्तार से दौड़ते नजर आते हैं। शराबी दुकान से खरीदकर सूनसान वाले इलाकों से लेकर पब्लिक प्लेस तक में शराब खोरी कर रहे हैं. जिसके बाद लूट, चाकू बाजी, छेड़छाड़ जैसी वारदातें बढ़ रही है. बढ़ती शराब खोरी और उसके नतीजे में बढ़ती अपराधिक वारदातों से आम लोग चिंतित हैं. जब कभी घटनाएं और जन आक्रोश बढ़ता है, पुलिस हरकत में आ जाती है, नाईट पेट्रोलिंग शुरु हो जाती है. लेकिन कुछ दिन बाद हालात वहीं ढाक के तीन पात हो जाते हैं. तो यह आवारा शराबी क्या कर सकते हैं, यह जग जाहिर है. लेकिन इस गंभीर मामले में पुलिस की निष्क्रियता और लापरवाही किसी बड़े अपराध की आहट का अहसास करा रही है।

# फ्लाईओवर का लोकार्पण अधर में आम जनता परेशान

## कांग्रेस ने दी चेतावनी, आज सौंपेगी ज्ञापन

**हरिभूमि, जबलपुर।**

जबलपुर शहर के बहुप्रतीक्षित दमोहनाका - मदन महल फ्लाईओवर का लोकार्पण मार्च माह में प्रस्तावित था, कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ शर्मा ने आरोप लगाया है कि भाजपा के दो नेताओं के बीच चल रही खींचतान और श्रेय लेने की राजनीति के कारण लोकार्पण अधर में अटक गया है जिससे आम जनता परेशान हो रही है। इस आपसी खींचतान का खामियाजा जबलपुर की आम जनता को उठाना पड़ रहा है। फ्लाईओवर का निर्माण कार्य पूर्ण होने के बावजूद केवल राजनीतिक कारणों से जनता को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। शहर में लगातार बढ़ते ट्रैफिक, दुर्घटनाओं की आशंका एवं रोजाना हो रही असुविधा के लिए सीधे तौर पर भाजपा सरकार जिम्मेदार है।

शहर (जिला) कांग्रेस कमेटी का कहना है कि यदि शीघ्रातिशीघ्र इस फ्लाईओवर का लोकर्पण नहीं किया गया, तो कांग्रेस पार्टी स्थानीय जनप्रतिनिधि और आम जनता के साथ स्वयं इस फ्लाईओवर का उद्घाटन कर देंगे और जनता को उसका अधिकार दिलायेंगे।

इसी मांग को लेकर आज 9 जून 2025 को सायं 4:00 बजे शहर (जिला) कांग्रेस कमेटी के द्वारा कलेक्टर जबलपुर को ज्ञापन सौंपा जाएगा, जिसमें प्रशासन से मांग की जाएगी कि अविलंब फ्लाईओवर का लोकार्पण कर जनता को राहत प्रदान की जाए।

# सॉफ्ट ड्रिंक्स और पैक जूस की जांच जरूरी

## सिंथेटिक लस्सी और कोल्ड ड्रिंक्स भी खतरनाक

**हरिभूमि, जबलपुर।**

जाते-जाते गर्मी अपने पूरे शबाब पर है। ऐसे में लोग गर्मी से राहत पाने लस्सी और कोल्ड ड्रिंक्स का सहारा लेते हैं लेकिन बाजार में चल रही प्रतिस्पर्धा और अंधी कमाई की दौड़ में लस्सी व कोल्ड ड्रिंक्स, दूध व अन्य सॉफ्ट ड्रिंक्स सेहत को राहत देने वाले पेय-पदार्थों से सावधान रहें। क्योंकि बाजार में जहां-तहां बिकने वाले पेय पदार्थ आपके लिये खतरनाक साबित हो सकते हैं। इस बात की पुष्टि कोई और नहीं बल्कि डॉक्टर्स खुद करते हैं। पेय पदार्थों की शुद्धता पर बात की जाये तो इसमें लस्सी और कोल्ड ड्रिंक्स सबसे ज्यादा सवालों के घेरे में है क्योंकि बाजार में कुछ लोग सिंथेटिक लस्सी भी बेच रहे हैं, जो सबसे ज्यादा सेहत के लिये खतरनाक है। इसी तरह अन्य सॉफ्ट-ड्रिंक व डिब्बा पैक जूस सवालों के घेरे में आ चुके हैं। इनमें पेस्टीसाईज (हानिकारक कैमिकल) होने का हल्ला कई बार मच चुका है। बड़ी-बड़ी कम्पनियां मुनाफा कमाने के चक्कर में मानव स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहीं हैं। तो फिर छोटे व्यापारी कैसे पीछे रह सकते हैं वे है। वर्षों से मुनाफा कमाने लस्सी और जूस विक्रेताओं ने गर्मी के मौसम में पैसा कमाने पेय पदार्थों की गुणवत्ता के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।

### ऐसे बन रही सिंथेटिक लस्सी

बाजार में दूध की बढ़ती कीमतों के कारण विक्रताओं द्वारा सिंथेटिक लस्सी बनाकर मुनाफा कमाने का आसान रास्ता चुना गया है। दूध को गर्म करते समय ब्लॉटिंग पेपर डाल कर आंच में घुमाया जाता है। जिससे दूध गाढ़ा हो जाता है, फिर इसी दूध का दही जमाने से कम दूध में ही अधिक दही मिल जाता है। लस्सी विक्रेता इसी दही का इस्तेमाल कर लस्सी को गाढ़ा करने अरारोट का इस्तेमाल भी करते हैं। वहीं दूसरी ओर महंगी हुई शक्कर के चलते लस्सी विक्रेता शक्कर से आधी कीमत में आने वाले सेक्रीन का इस्तेमाल मिठास लाने के लिये कर रहे हैं।

### सिंथेटिक लस्सी से किडनी पर असर

चिकित्सकों के मुताबिक सिंथेटिक लस्सी के सेवन से किडनी ज्यादा प्रभावित होती है। इसका लगातार सेवन करने से शरीर में सुन्नपन आने लगता है साथ ही गर्मी में बाजारों में बिकने वाले अन्य पेय पदार्थों के पीने से सेहत बिगड़ने का डर बना रहता है। बाजार में बिकने वाले सड़े-गले फलों के जूस और मैंगो शैक लोगों की सेहत से बिगाड़ते हैं। बोतलबंद पानी और पाउच सबसे ज्यादा सेहत पर विपरीत असर डालते हैं।

# विकास कार्यों में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं होने दी जायेगी : महापौर



**जबलपुर।** नगर निगम के द्वारा लगातार शहर में कराये जा रहे विकास कार्यो की श्रृंखला में आज एक और सौगात नागरिकों को दी गयी। महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'', बरगी विधानसभा क्षेत्र के विधायक नीरज सिंह, निगमाध्यक्ष रिकुंज विज, जिला पंचायत अध्यक्ष आशा मुकेश गोटिया और वार्ड पार्षद श्रीमती ज्योति विनोद पटैल ने पाँच कन्याओं से भूमिपूजन कराकर एम-30 सी.सी. सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' ने बताया कि सी.सी. सड़क निर्माण के लिए बरगी विधानसभा क्षेत्र के विधायक नीरज सिंह एवं वार्ड पार्षद श्रीमती ज्योति विनोद पटैल के द्वारा लगातार प्रयास किये गए, जिसके परिणाम स्वरूप आज वीर दुर्गादास राठौर वार्ड के अंतर्गत जसूजा सिटी एवं पी.एन.टी. कॉलोनी में 23.22 लाख रूपये की लागत से एम-30 सी.सी. सड़क का निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने कहा कि जनता जनार्दन की सेवा के लिए ही हम समर्पित हैं। जनता की सुविधा से जुड़े विकास कार्यो में किसी प्रकार की कमी नहीं होने दी जायेगी। बरगी विधानसभा क्षेत्र के विधायक नीरज सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वार्ड के नागरिकों के लिए मूलभूत सुविधाओं में विस्तार हुआ है। उन्होंने कहा कि आगे भी इसी तरह उनके द्वारा लगातार विकास के कार्य कराये जायेगें। भूमिपूजन के अवसर पर क्षेत्रीय नागरिक धीरज पटेल, राजकुमार पटेल, ओम नारायण दुबे, दिव्या पटेल आदि जन उपस्थिति थे।

# कार खेत में पलटी, महिला की मौत, 3 घायल

**जबलपुर।** मझौली थाना अतंर्गत इंद्राना रोड़ पर डेरा सच्चा सौदा आश्रम के पास बुलेरो को बचाने के चक्कर में एक चालक ने अपनी कार को बाहर की तरफ काटा जिससे कार सड़क से नीचे खेत में उतरकर पलट गई और उसमें सवार एक महिला की मौत हो गई वहीं तीन लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए शासकीय अस्पताल मझौली में भर्ती कराया गया है। मझौली पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बस स्टेंड के पास बरेला निवासी 30 वर्षीय ड्रायवर गौरव विश्वकर्मा गत दिवस मझौली में अपने मामा डब्लू विश्वकर्मा के यहां अपनी मम्मी गौरी बाई, बहन शिवानी , भांजी परी को साथ लेकर अपने दोस्त की कार क्रमांक एमपी 20 सीएम 2067 से दोपहर लगभग 12 बजे गया था। शाम लगभग 5 बजे मझौली से अपने घर कार से घर वापस आ रहे थे। जैसे ही इंद्राना रोड़ पर डेरा सच्चा सौदा आश्रम के पास पहुंचे, तभी मोड़ पर बुलरो सामने से आ रही थी जिसे बचाने के लिये उसने अपनी कार को बाहर की तरफ काटा तो उसकी कार सड़क से नीचे खेत में उतरकर पलट गई जिससे उसकी मां गौरीबाई को सिर पर चोट आने के कारण वह बेहोश हो गयीं। बहन शिवानी को साधारण चोट, भांजी के सिर में चोट तथा उसे कान के पीछे चोटें आ गई थी। सभी घायलों को उपचार के लिए मझौली अस्पताल लेकर आए जहां डाक्टर ने चैक कर मां गौरी बाई विश्वकर्मा उर्फ प्रभा को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट पर कार चालक गौरव विश्वकर्मा के विरूद्ध धारा 281, 125(1), 106(1) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# अंतर्राष्ट्रीय मेहरा समाज का विवाह सम्मेलन, सम्मान समारोह संपन्न



**जबलपुर।** मेहरा समाज के सभी वर्गों (झारिया, डेहरिया, मेहर-गढवाल, पठारिया, शाहुपरिया, महोबिया, नुन्हारिया) का अंतर्राष्ट्रीय मेहरा समाज सम्मेलन 2025 का आयोजन 08 जून को मानस भवन जबलपुर में सुबह 9 से शाम 6 बजे तक किया गया।

कार्यक्रम मुख्य अतिथि राकेश सिंह मंत्री लोक निर्माण विभाग एवं आरके मेहरा, कार्यक्रम अध्यक्ष एवं से.नि. प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग की अध्यक्षता में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जगत बहादुर सिंह महापौर एवं रिकुंज विज सम्मिलित हुए। बैठक में मेहरा समाज के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारीगण, सदस्यगण एवं वरिष्ठजन, मातायें, बहनें, युवक-युवतियां और बच्चे परिवार सहित अधिक से अधिक संख्या में विभिन्न प्रदेशों एवं जिलों से सम्मिलित हुए। सम्मेलन में 11 जोड़ों (वर-वधु) का विवाह संपन्न कराया गया। कार्यक्रम का संचालन नेतराम झारिया एवं आभार प्रदर्शन इंजी. भूपेन्द्र मेहरा, राष्ट्रीय सचिव कार्यक्रम संयोजक द्वारा किया गया।बैठक में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष एस.एल. मेहरा, अमित मेहरा, देवांशु मेहरा, अशोक डेहरिया, प्रकाश महोबिया, प्रेमनारायण पठारिया, बसंत कुमार सोने, इंजी. अनुराग झारिया, राजेन्द्र मेहरा, हरि मेहरा, अजय झारिया, जमना प्रसाद मेहरा, रामदीन पठारिया, सी.एल. झारिया, डॉ. राममिलन झारिया, नवनीत झारिया, नरेश झारिया, प्रभाकर मेहरा, एड. कंचन सिंह मेहरा, अंजू डेहरिया, भागवती झारिया, एड. रजनी झारिया, दशरथ झारिया, गोलू झारिया, राहुल बडोदे, राकेश झारिया, संगीता झारिया, बालकृष्ण झारिया, कौशल्या झारिया, शुभ मेहरा, डॉ. व्ही.एस. झारिया, सुंदर लाल झारिया, श्याम लाल झारिया, बालकराम झारिया, मलखान झारिया, बुधराज झारिया सहित अधिक से अधिक संख्या में सामाजिकजन ने सम्मेलन में परिवार सहित सम्मिलित होकर कार्यक्रम को सफल एवं भव्य बनाया।

# ऑनलाईन एजेंट दंपत्ति ने पुराना एसी बेचकर की धोखाधड़ी

**जबलपुर।** अधारताल थानांतर्गत एक जालसाज दंपत्ति ने एसी बेचने का ऑनलाइन विज्ञापन देकर खुद को एल जी कंपनी का एजेंट बताकर रांझी निवासी युवक को पुराना एसी बेचकर 37 हजार रुपये हड़प लिए। अधारताल पुलिस ने बताया कि तुलसी नगर रांझी निवासी नवीन तिवारी ने एक वर्ष पूर्व अपने मोबाइल पर कस्टमर केयर सर्विस सेंटर के नाम से एसी बेचने का विज्ञापन देखा था। जब नवीन ने विज्ञान में दिए मोबाइल नंबर पर संपर्क किया तो मोबाइलधारक ने अपना नाम प्रणय राय बताते हुए उसे पुष्पक नगर अधारताल बुलाया। नवीन ने प्रणव राय से बात की तो उसने खुद को एल जी कंपनी का एजेंट बताया। और कस्टमर केयर सेंटर का मालिक बताया। नवीन ने प्रणय से दो टन की एल जी कंपनी की एसी खरीदने की बात की। प्रणय ने उससे 37 हजार रुपये में एसी बेचने का सौदा किया। नवीन ने प्रणय को 19 हजार व दो हजार रुपये ट्रांसफर किए तथा चार हजार रुपये और ट्रांसफर किए। गत 8 जून 2024 को प्रणय राय ने नवीन तिवारी के घर दो टन का एल जी एसी लाकर इंस्टल कर दिया। नवीन तिवारी द्वारा 37 हजार रुपये का भुगतान करने पर प्रणय राय ने उसे कस्टमर केयर सर्विस सेंटर के नाम से बिल दिया था। एक माह तक एसी ठीक चलने के बाद वह खराब हो गया। नवीन ने प्रणय राय से संपर्क किया तो उसने मिस्त्री भेजकर एसी बनवा दिया। इसके बाद एसी बार बार बिगड़ने लगा। गत 17 अप्रैल 2025 को प्रणय राय नवीन के घर से एसी निकालकर ले गया। जब प्रणय से एसी वापस करने बोला तो वह बहाने बना कर बहलाता रहा। वहीं उसकी पत्नी भी गुमराह करती रही। नवीन ने एल जी कंपनी में पता किया तो उसे जानकारी मिली कि ऐसा कोई कर्मचारी नहीं है। इस तरह दंपत्ति ने एल जी कंपनी का एजेंट बनकर नवीन तिवारी को पुराना एसी थमाकर 37 हजार हड़प लिए।

### लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर बधाई दी

# सिहोरा में हर्षोल्लास के साथ मनाया ईद उल अजहा का पर्व



हरिभूमि सिहोरा।

मुस्लिम धर्मावलम्बियों के पवित्र त्यौहार ईद-उल-अजहा पर चारों तरफ ईद की खुशियां बिखरी। कुर्बानी के इस महापर्व पर जहां मुस्लिम समाज सुबह से एक दूसरे को गले मिल कर मुबारकबाद दी, वहीं सिहोरा-खितौला में ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की गई। मुसलमानों को ईद-उल-अजहा पर्व की महत्ता बताते हुए संदेश दिया कि हमें अपने बच्चों को दीनी और दुनियावी इल्म दिलाना चाहिए।

मुस्लिम धर्मावलंबियों का प्रमुख त्योहार ईद उल अजहा शनिवार को सिहोरा में ऐतिहासिक परंपरा के अनुसार सौहार्द्र -भाईचारे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुस्लिम धर्मावलंबियों ने ईदगाह सिहोरा एवं खितौला के साथ मस्जिदों में ईद की नमाज अता की। सिहोरा विभिन्न जगह नमाज अदा की गई ईदगाह में कारी बदी उद्दीन साहब, नूरी मस्जिद में हाफिज तौसीफ साहब, आजाद चैक सिहोरा मदीना मस्जिद में शाकिर मिस्बाही साहब और हुसैनिया मस्जिद में हाफिज रिजवान साहब, उपनगर खितौला ईदगाह में जुलकर नैन साहब, पौड़ी ईदगाह में हाफिज शाहिद साहब ने बकरीद की नमाज अदा करवाई,, सभी जगह नमाज के दौरान अमन चैन और कौमी एकता के लिए दुआ की गई। इसके साथ ही गोसलपुर, मझगवां, आश्रम पिपरिया, रमखिरियों में ईद की नमाज अदा की गई।

### प्रशासन-पुलिस का अमला रहा मौजूद

ईद उल अजहा की नमाज के दौरान नमाज क्षेत्र के आसपास सिहोरा नगरपालिका एवं पुलिस प्रशासन का अमला मुस्तैद रहा। नमाज के उपरांत सभी ने गले मिलकर एक दूसरे को बधाई दी। नमाज के उपरांत सभी मुस्लिम भाइयों ने कब्रिस्तान पहुंचकर मरहूम रिश्तेदार जो अब इस दुनिया में नहीं है उनकी मगफिरत के लिए दुआ की।



# यश नर्सरी हायर सेकेंडरी स्कूल में समर कैंप का हुआ रंगारंग समापन

**जबलपुर**। यश नर्सरी हायर सेकेंडरी स्कूल, गोहलपुर में एक माह से आयोजित समर कैंप का समापन समारोह 08 जून को उत्साह और उमंग के साथ हुआ। यह रचनात्मक शिविर बच्चों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से संचालित किया गया था, जिसमें विद्यार्थियों ने नृत्य, कला एवं क्राफ्ट, स्पोकन इंग्लिश और कैलीग्राफी जैसी बहुआयामी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाई। समापन समारोह के मुख्य अतिथि एवं संस्था के डायरेक्टर डॉ. विजयकांत तिवारी ने सभी प्रतिभागियों को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किए और बच्चों की रचनात्मकता व सीखने की लगन की सराहना की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा "समर कैंप जैसे कार्यक्रम बच्चों के आत्मविश्वास, व्यक्तित्व विकास और सृजनात्मक क्षमता को निखारने का सर्वोत्तम माध्यम हैं।" इस आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती वर्षा झारिया के कुशल निर्देशन के साथ शिक्षिकाओं अंजलि श्रीवास्तव, श्रीमती इल्तिज़ा, ज्योति यादव एवं मानसी सिंह का समर्पित सहयोग रहा। समापन अवसर पर बच्चों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग कार्यक्रमों, कलात्मक प्रदर्शनों और सजीव प्रस्तुतियों ने सभी उपस्थित अभिभावकों व शिक्षकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस समर कैंप ने सिद्ध कर दिया कि यह केवल अवकाश बिताने का माध्यम नहीं, बल्कि ज्ञान, कला और आत्म-अभिव्यक्ति का उत्सव था। विद्यालय प्रबंधन ने भविष्य में भी ऐसे रचनात्मक आयोजनों की प्रतिबद्धता व्यक्त की है।

### पत्नी से बात करने के विवाद पर वारदात

# ढाबे में फायरिंग से मची भगदड़, एक घायल

हरिभूमि सिहोरा।

गढ़ा रेलवे स्टेशन के सामने जंगसन ढाबा में कल रात 10 बजे के लगभग उस वक्त सनसनी फैल गई जब स्कूटी से आए बदमाशों ने ढाबे में काम करने वाले कर्मचारी पर फायरिंग कर दी। निशाने पर कोई ओर था गोली किसी ओर को लग गई। गोली लगने से घायल युवक को इलाज के लिए मेडीकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के संबंध में तिलवारा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गढ़ा स्टेशन के सामने स्थित जंगसन ढाबा में अंधमुख वाईपास के पास ग्राम कुंगवा थाना संजीवनीनगर निवासी 22 वर्षी मोहित चौधरी में काम करता है। उसेक साथ शिवम गुप्ता सहित अन्य कर्मचारी ढाबा के बाहर दशमेश द्वार मदनमहल के पास खड़े थे। तभी आरोपी तुषार उर्फ गुल्लू सोनी निवासी सूपाताल अपने दो साथियों के साथ आया और मोहित चौधरी को बात करने लगा, इस दौरान गुल्लू ने मोहित पर आरोप लगाते हुए धमकी दी कि पत्नी से फोन पर बात न करना. इस बात को लेकर दोनों में विवाद हुआ तभी गुल्लू ने पिस्टल निकाल ली, जिसे देख मोहित भागकर ढाबा के अंदर आ गया और पथराव कर दिया, तभी गुल्लू ने पिस्टल से फायरिंग शुरु कर दी।

एक गोली मोहित को न लगकर शिवम उर्फ नाटी गुप्ता के हाथ में लगी और वह गिर गया. अचानक गोलियां चलने की आवाज सुनकर ढाबा के अन्य कर्मचारियों व ग्राहकों में भगदड़ व अफरातफरी मच गई. वहीं हमलावर भी मोहित चौधरी को धमकी देते हुए मौके से भाग निकले. खबर मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए और पूछताछ के बाद हमलावरों को पकड़ने के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश देना शुरु कर दिया. पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 109, 351(2), 3(5) बीएनएस तथा 3(1)द, 3(1)द, 3(2)(व्हीए) एससी-एसटी एक्ट का प्रकरण दर्ज कर लिया है। आरोपी अभी फरार है।

### लम्हेटा घाट में डूबे युवक की उतराती मिली लाश

**जबलपुर**। भेड़ाघाट थाना अतंर्गत लम्हेटा घाट में गत दिवस नहाने गए एक युवक की डूबने से मौत हो गई। एक दिन पहले युवक अपने दोस्तों के साथ यहां नहाने पहुंचा था जहां नहाते समय वह गहरे पानी में चला गया था। गोताखोरों से उसकी तलाश कराई जा रही थी। दूसरे दिन नर्मदा नदी के लम्हेटा तट पर उसकी लाश उतराती हुई मिली। सूचना पर पहुंची पुलीस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। भेड़ाघाट पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बम्हनी बंजर जिला मंडला निवासी 22 वर्षीय अभिषेक दुबे देशी ठाठ ढाबा में काम करता था। गत सुबह लगभग 6 बजे अभिषेक दुबे अपने दोस्त धर्मेन्द्र बेदी, कान्हा के साथ गौरी नहाने गया था, जहां नहाते समय अभिषेक गहरे पानी में डूब कर बह गया था। जिसकी सूचना गुमइंसान कायम कर तलाश करवाई जा रही थी। वहीं रविवार की सुबह लम्हेटा घाट नर्मदा नदी में शव उताराता मिला जो अभिषेक दुबे का था। अभिषेक के छोटे भाई अनुज ने शव की पहचान की। पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

### प्रथम वार्षिकोत्सव में अनेक संस्थाओं का सम्मान

# साहित्य के क्षेत्र में अभिव्यक्ति एक चमकता सितारा : कुलगुरु कुररिया

हरिभूमि सिहोरा।

अभिव्यक्ति सहित अन्य साहित्यिक संस्थाओं द्वारा समय समय पर विभिन्न विषयों पर लगातार पुस्तकें प्रकाशित करके समाज में एक सकारात्मक संदेश दिया जा रहा है जिसका श्रेय नगर के साहित्य शिल्पियों को जाता है। इसी क्रम में अभिव्यक्ति सिहोरा का वार्षिकोत्स० समारोह आयोजित किया गया जिसमें साहित्यिक, समाजिक,सांस्कृतिक शैक्षणिक क्षेत्र में नगर का गौरव बढ़ाने अनेक प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया जिसका शुभारंभ गणेश वंदना सुशील जैन एंव सुषमा खरे द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से किया गया।

### नगर का गौरव मणिका, प्रियंका भी सम्मानित

वार्षिकोत्सव का आयोजन डॉ राजेन्द्र कुररिया कुलगुरु अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा के मुख्य आतिथ्य, वरिष्ठ साहित्यकार अश्वनी कुमार पाठक की अध्यक्षता,दिलीप दुबे पूर्व विधायक,डॉ मनोज श्रीवास्तव प्राचार्य श्याम सुंदर स्नातकोत्तर अग्रवाल महाविद्यालय,डॉ श्रीकृष्ण तिवारी विभागाध्यक्ष हिन्दी,डॉ कौशल दुबे,समाजसेवी श्रीमती अंजना सराफ,अभिजात कृष्ण त्रिपाठी प्राचार्य जानकीरमण महाविद्यालय के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित किया गया। जिसमें देश में सिहोरा का नाम रोशन कर रही कवयित्री मणिका दुबे,प्रियंका मिश्रा आदि को साहित्यिक, सामाजिक,सांस्कृतिक व शैक्षिक क्षेत्र में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा साहित्य के क्षेत्र में अभिव्यक्ति एक चमकता सितारा है।

### बीस से अधिक संस्थाएं भी सम्मानित

आयोजन में सिहोरा,कटनी,जबलपुर,उमरिया की लगभग बीस से अधिक साहित्यिक संस्थाओं को सम्मानित किया जिसमें श्रीमती संध्या जैन, प्रभा विश्वकर्मा, प्रभा खरे, आशा श्रीवास्तव, राज सागरी, सुरेश मिश्र, अजय मिश्रा, अभिमन्यु जैन, सुरेश मित्र आदि शामिल थे संस्था का प्रतिवेदन सचिव मुकेश त्रिपाठी ने एंव संचालन आशुतोष तिवारी, नारायण तिवारी ने किया।

### पुस्तक विमोचन के साथ शार्ट फिल्म का प्रदर्शन

अतिथियों ने अभिव्यक्ति की अध्यक्ष डा.अरुणा पांडे की कृति हृदयोद्गगार का विमोचन करने के साथ सहायक जेल अधीक्षक दिलीप नायक को उनकी शार्ट फिल्म द इनोसेंट के लिए सम्मानित किया गया फिल्म का प्रदर्शन भी छोटू महाराज मल्टीप्लेक्स में किया गया। द्वितीय चरण में आयोजित काव्य गोष्ठी में अध्यक्ष विजय बागरी विजय,मुख्य अतिथि अनिल मिश्रा व विशिष्ट अतिथि रामनरेश विद्यार्थी थे। जिसमें सिहोरा, जबलपुर, कटनी, कछारगांव, उमरिया आदि से पधारे कवियों ने अपनी कविताओं से सभी को भाव विभोर कर दिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्र के साहित्यकार उपस्थित थे।

# कार खेत में पलटी, महिला की मौत, 3 घायल

**जबलपुर**। मझौली थाना अतंर्गत इंद्राना रोड़ पर डेरा सच्चा सौदा आश्रम के पास बुलेरो को बचाने के चक्कर में एक चालक ने अपनी कार को बाहर की तरफ काटा जिससे कार सड़क से नीचे खेत में उतरकर पलट गई और उसमें सवार एक महिला की मौत हो गई वहीं तीन लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए शासकीय अस्पताल मझौली में भर्ती कराया गया है। मझौली पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बस स्टेंड के पास बरेला निवासी 30 वर्षीय ड्रायवर गौरव विश्वकर्मा गत दिवस मझौली में अपने मामा डब्लू विश्वकर्मा के यहां अपनी मम्मी गौरी बाई, बहन शिवानी , भांजी परी को साथ लेकर अपने दोस्त की कार क्रमांक एमपी 20 सीएम 2067 से दोपहर लगभग 12 बजे गया था। शाम लगभग 5 बजे मझौली से अपने घर कार से घर वापस आ रहे थे। जैसे ही इंद्राना रोड़ पर डेरा सच्चा सौदा आश्रम के पास पहुंचे, तभी मोड़ पर बुलरो सामने से आ रही थी जिसे बचाने के लिये उसने अपनी कार को बाहर की तरफ काटा तो उसकी कार सड़क से नीचे खेत में उतरकर पलट गई जिससे उसकी मां गौरीबाई को सिर पर चोट आने के कारण वह बेहोश हो गयीं। बहन शिवानी को साधारण चोट, भांजी के सिर में चोट तथा उसे कान के पीछे चोटें आ गई थी। सभी घायलों को उपचार के लिए मझौली अस्पताल लेकर आए जहां डाक्टर ने चैक कर मां गौरी बाई विश्वकर्मा उर्फ प्रभा को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट पर कार चालक गौरव विश्वकर्मा के विरूद्ध धारा 281, 125(1), 106(1) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# ऑनलाईन एजेंट दंपत्ति ने पुराना एसी बेचकर की धोखाधड़ी

**जबलपुर**। अधारताल थानांतर्गत एक जालसाज दंपत्ति ने एसी बेचने का ऑनलाइन विज्ञापन देकर खुद को एल जी कंपनी का एजेंट बताकर रांझी निवासी युवक को पुराना एसी बेचकर 37 हजार रुपये हड़प लिए। अधारताल पुलिस ने बताया कि तुलसी नगर रांझी निवासी नवीन तिवारी ने एक वर्ष पूर्व अपने मोबाइल पर कस्टमर केयर सर्विस सेंटर के नाम से एसी बेचने का विज्ञापन देखा था। जब नवीन ने विज्ञान में दिए मोबाइल नंबर पर संपर्क किया तो मोबाइलधारक ने अपना नाम प्रणय राय बताते हुए उसे पुष्पक नगर अधारताल बुलाया। नवीन ने प्रणव राय से बात की तो उसने खुद को एल जी कंपनी का एजेंट बताया। और कस्टमर केयर सेंटर का मालिक बताया। नवीन ने प्रणय से दो टन की एल जी कंपनी की एसी खरीदने की बात की। प्रणय ने उससे 37 हजार रुपये में एसी बेचने का सौदा किया। नवीन ने प्रणय को 19 हजार व दो हजार रुपये ट्रांसफर किए तथा चार हजार रुपये और ट्रांसफर किए।

# घर से जेवर, वेयर हाउस से गेंहू चोरी

**जबलपुर**। गढ़ा व कटंगी थाना क्षेत्रों में कल अज्ञात चोरों ने अलग-अलग वारदातों में एक सूने घर का ताला तोड़कर जहां नगदी समेत लाखों के जेवर पार कर दिए वहीं एक वेयरहाउस में खुले मैदान में रखी गेहूं की बोरियों में से 22 बोरी गेहूं चोरी कर ले गए। सूने घर से लाखों के जेवर चोरी- गढ़ा थानान्तर्गत त्रिपुरी चौक गढ़ा निवासी मनीषपुरी गोस्वामी कल दोपहर लगभग 1 बजे कोट गया था वहीं उसकी बेटी प्रिसीं दोपहर 3 बजे घर में ताला लगाकर अपनी दादी के घर चली गई थी। मनीष शाम लगभग साढ़े चार बजे कोर्ट से वापस घर लौटा तो देखा कि घर का सामान बिखरा पड़ा था वहीं अलमारी खुली थी। अलमारी में रखी दो घड़ियां, दो सोने की अंगूठी, एक मंगलसूत्र का पेंडल व नगदी 10 हजार रूपए गायब थे। भगवान के मंदिर में रखे 5 सौ रूपए व एक चांदी का एक सिक्का भी गायब था। कोई अज्ञात चोर नगदी समेत लाखों के जेवर चोरी कर ले गया था।

### वेयर हाऊस से 22 बोरी गेहूं चोरी

कटंगी थानान्तर्गत रोहणी वेयर हाऊस में मैदान में रखी गेहूं की बोरियों में से 22 बोरियां कोई चोरी कर ले गया। वेयर हाऊस के मैनेजर भगीरथ रजक को शक होने पर उसने जब बोरियों की गिनती की तो पता चला कि 22 गेहूं की बोरियां कम हैं।


## देशी कट्टा, कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**जबलपुर**। लार्डगंज पुलिस ने शहनाई गार्डन के पास शताब्दीपुरम में अवैध हथियार लेकर घूम रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से देशी 1 कट्टा एवं 1 कारतूस जब्त की है। लार्डगंज थाना प्रभारी नवल आर्य ने बताया कि गत दिवस मुखबिर की सूचना पर शहनाई गार्डन के पास शताब्दीपुर में देशी कट्टा लेकर बैठे यशवंत कालोनी अधारताल निवासी 22 वर्षीय मोह. जैद मंसूरी को गिरफ्तार कर उसके पास से एक देशी कट्टा और एक कारतूस जब्त की है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।



## वृद्धा के गले से सोने की चेन लूटकर भागे बाईकर्स

**जबलपुर**। माढ़ोताल थाना अतंर्गत गली नंबर 8 के पास बाईक सवार दो अज्ञात बदमाशों ने एक वृद्धा के गले से सोने की चेन लूट ली और भाग गए। माढ़ोताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्रीनसिटी पानी की टंकी के पास निवासी 64 वर्षीय श्रीमति मालती जैन गत दिवस मोहल्ले की अरूणा भारिल के साथ पैदल अपने घर से ग्रीन सिटी जैन मंदिर दर्शन करने जा रही थी। गली नम्बर 8 के पास शाम लगभग 7.45 बजे, पीछे से दो अज्ञात लड़के बाईक से आए और बाईक धीरे करके उसके पास पास चलने लगे तथा पीछे बैठे लड़के ने उसके गले में पहनी हुयी सोने की चैन छीन ली और दोनों मोटर सायकल से भाग गये। दोनों की उम्र लगभग 20 से 25 वर्ष की होगी। पुलिस ने अज्ञात दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 309(6) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



## पनागर में तलवार चली, 2 घायल

**जबलपुर**। पनागर थाना अतंर्गत ग्राम निभौरा में शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने की बात पर एक बदमाश ने दो युवक पर तलवार से हमला कर घायल कर दिया। पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम निभौरा निवासी 35 वर्षीय मजदूर राजेंद्र केवट गत रात लगभग 9.30 बजे अपने गांव के मनोज केवट के साथ बरा के पेड़ के पास ग्राम निभौरा में खड़ा था उसी समय गांव का जागेश्वर उर्फ बड्डा केवट उससे शराब पीने के लिये पैसों की मांग करने लगा, पैसे देने से मना करने पर गाली गलोज कर तलवार से सिर पर हमला कर घायल कर दिया। दुबारा तलवार से हमला किया तो मनोज केवट ने तलवार पकड़ ली जिससे मनोज के हाथ के पंजे में तथा माथे में चोटें आ गयी। आसपास के लोगों ने बीच बचाव किया तो जागेश्वर उर्फ बड्डा केवट जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 118(1), 119(1), 351(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।



### अवैध वसूली करने शराब दुकान में तोड़फोड़

**जबलपुर**। गोसलपुर थानांतर्गत कल देर रात कार से आये बादमाशों ने शराब दुकान चलाने के लिए सेल्समेन को धमकाते हुए हर माह 50 हजार रुपये व रोज दो बोतल शराब मुफ्त में देने की मांग की। मना करने पर बदमाशों ने दुकान में तोड़फोड़ कर जान से मारने की धमकी देकर भाग गये। पुलिस ने एक आरोपी को अभिरक्षा में लिया है। गोसलपुर पुलिस ने बताया कि फतेहपुर उप्र निवासी महेन्द्र सिंह गोसलपुर स्थित शराब दुकान में सेल्समेन का काम करता है। कल रात लगभग 11.30 बजे सेल्समेन नरेन्द्र सिंह ने दुकान बंद कर दी थी। तभी कार से छोटू उर्फ भूपेन्द्र सिंह राजपूत, चिक्की शहंशाह अपने दो साथियों के साथ आये और गालीगलौज कर बोले कि दुकान चलाना है तो हर माह 50 हजार रुपये व रोज दो शराब बोतल मुफ्त में देना पड़ेगी। मना करने पर आरोपियों ने दुकान में तोड़फोड़ कर जान से मारने की धमकी देकर भाग गये।

**श्री सुरेश कुमार सैनी**- साठिया कुआं मलखम निवासी श्री सुरेश कुमार सैनी (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री किशोरी लाल भोरेल**- प्रेमसागर महर्षि अरविंद वार्ड निवासी श्री किशोरी लाल भोरेल (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती निर्मला देवी बुधरानी**- बोस कॉलोनी नर्मदा रोड निवासी श्री नारायण दास बुधरानी की धर्मपत्नी श्रीमती निर्मला देवी बुधरानी (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री नन्हें लाल चौधरी**- सिद्धबाबा वार्ड नगर निगम बिल्डिंग निवासी श्री नन्हें लाल चौधरी (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री संपत लाल कुरील**- चांदमारी तलैया लालमाटी निवासी श्री संपत लाल कुरील (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती पिंकी बिरहा**- हनुमान टोरिया कांचघर निवासी श्री गोविंद प्रसाद बिरहा की धर्मपत्नी श्रीमती पिंकी बिरहा (43) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री मोहन सिंह ठाकुर**- पीपी कॉलोनी गौरीघाट रोड निवासी श्री जीवन लाल ठाकुर के पुत्र श्री मोहन सिंह ठाकुर (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मदन लाल ग्रानिया**- बड़ी ओमती छोटी खेरमाई मंदिर के पास निवासी श्री मदन लाल ग्रानिया (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राजेश सेन**- गुप्तेश्वर मंदिर के निकट निवासी श्री मुन्ना लाल सेन के पुत्र श्री राजेश सेन (44) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार




गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती लक्ष्मी बाई चौधरी**- बापूनगर राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री हनुमान प्रसाद चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी बाई चौधरी (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती शीला बाई गोंटिया**- गंगा मैया व्हीकल निवासी श्री सिद्धलाल गोंटिया की धर्मपत्नी श्रीमती शीला बाई गोंटिया (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती लीला शर्मा**- बिलहरी निवासी श्री एमएन शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती लीला शर्मा (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री नरेंद्र कुमार यादव**- विद्या नगर जीसीएफ एस्टेट निवासी श्री नरेंद्र कुमार यादव (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती गिरजा राय**- डीडी कॉलोनी मानेगांव रांझी निवासी श्री कमलेश्वर राय की धर्मपत्नी श्रीमती गिरजा राय (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री मुन्ना प्रधान**- राजीव नगर कटंगा केंट निवासी श्री मुन्ना प्रधान (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती दुर्गा देवी आसवानी**- आस्था नगर गौरीघाट रोड निवासी श्री नंदलाल आसवानी की धर्मपत्नी श्रीमती दुर्गा देवी आसवानी (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट श्मशान भूमि में किया गया।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग

## खबर संक्षेप

### इंफोसिस ने गिफ्ट सिटी में खोला नया विकास केंद्र




**नई दिल्ली।** इंफोसिस ने गांधीनगर के गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी (गिफ्ट सिटी) में एक नया विकास केंद्र खोला है। वित्तीय सेवाओं और बीमा ग्राहकों के लिए समाधान विकसित करेगा। इस केंद्र का उद्घाटन गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्रभाई पटेल ने किया, और इसमें 1,000 से अधिक कर्मचारियों को समायोजित करने की क्षमता है।

### हुंडई, मारुति सुजुकी को मजबूत वृद्धि की उम्मीद




**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी और हुंडई मोटर इंडिया को चालू वित्त वर्ष में घरेलू बाजार में चुनौतीपूर्ण कारोबारी माहौल के बीच निर्यात में अच्छी वृद्धि की उम्मीद है। मात्रा के लिहाज से अपने निर्यात में एकल अंकों की वृद्धि की उम्मीद कर रही है। दूसरी ओर मारुति सुजुकी अपने निर्यात में मात्रा के लिहाज से लगभग 20 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद कर रही है।

### एटीआर भारत में विमानों की बिक्री करने तैयार



**नई दिल्ली।** भारत में कारोबारी अवसरों को देखते हुए यूरोपीय विमान विनिर्माता एटीआर अपने विमानों की बिक्री की संभावना तलाशने के लिए अनुसूचित और गैर-अनुसूचित एयरलाइन कंपनियों के साथ बातचीत कर रही है। भारतीय बाजार की वृद्धि संभावनाओं को देखते हुए एटीआर के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि अगले 10 वर्षों में देश में 300 से अधिक टर्बोप्रॉप होंगे।

### भारत में एफडीआई में महाराष्ट्र कर्नाटक का योगदान 51 फीसदी




**नई दिल्ली।** पिछले वित्त वर्ष के दौरान देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्रवाह में महाराष्ट्र और कर्नाटक का योगदान 51 प्रतिशत था। व्यापार संवर्धन विभाग के नवीनतम आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। महाराष्ट्र ने मार्च 2024-25 के दौरान अधिकतम 19.6 अरब डॉलर का विदेशी प्रवाह आकर्षित किया और देश के कुल एफडीआई का 31 प्रतिशत हिस्सा रहा।

### सतपाल को एमडी, सीईओ का मिला अतिरिक्त प्रभार



**नई दिल्ली।** भारतीय जीवन बीमा निगम ने रविवार को कहा कि वित्तीय सेवा विभाग की मंजूरी के बाद सत पाल भानु को बीमा कंपनी के एमडी और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। एलआईसी ने शेयर बाजार को बताया, ''वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग ने सात जून, 2025 के अपने पत्र के माध्यम से सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी से अवगत कराया।

### अदाणी को मिला 10.41 करोड़ रुपए का वेतन



**नई दिल्ली।** भारत के दूसरे सबसे धनी व्यक्ति गौतम अदाणी को 31 मार्च, 2025 को समाप्त वित्त वर्ष में कुल 10.41 करोड़ रुपए का पारिश्रमिक मिला। यह राशि उद्योग के उनके अधिकांश प्रतिस्पर्धियों और उनके अपने प्रमुख अधिकारियों से कम है। समूह की सूचीबद्ध संस्थाओं की ताजा वार्षिक रिपोर्ट से पता चला कि अदाणी (62) ने बंदरगाहों से लेकर ऊर्जा तक फैसे अपने कारोबारी समूह की नौ सूचीबद्ध कंपनियों में सिर्फ दो से वेतन लिया।

# 61 फीसदी ईमेल यूजर साइबर अटैक का शिकार, पासवर्ड से अब नहीं चलेगा काम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली


गूगल ने जीमेल अकाउंट की सुरक्षा को लेकर चेतावनी जारी की है। कंपनी का कहना है कि पुराने पासवर्ड और टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन अब सुरक्षित नहीं हैं। इनकी जगह पासकीज या सोशल साइन-इन जैसे नए विकल्पों का इस्तेमाल करें जो अधिक सुरक्षित हैं। गूगल के अनुसार पासवर्ड याद रखने में मुश्किल होते हैं और फिशिंग का शिकार हो सकते हैं। क्या आप अभी भी अपने जीमेल अकाउंट के लिए पुराने पासवर्ड या टू फैक्टर ऑथेंटिकेशन जैसे पुराने सिक्योरिटी मेथड्स पर डिपेंड हैं? तो सावधान हो जाइए।

- पासकीज या सोशल साइन-इन जैसे नए विकल्पों का इस्तेमाल करें जो सुरक्षित हैं

## जीमेल अकाउंट के लिए पुराने पासवर्ड, तो सावधान हो जाइए

### क्या है ये पासकीस?

जो लोग पासकी के बारे में नहीं जानते, उन्हें बता दें कि यह एक नया लॉगिन सिस्टम है जिसमें पासवर्ड की जगह फिंगरप्रिंट, फेस आईडी या पैटर्न लॉक जैसे बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन का इस्तेमाल किया जाता है। यह तरीका आपको फिशिंग अटैक से बचा सकता है क्योंकि इसमें यूजर को उसी प्रोसेस से गुजरना पड़ता है जिससे वह स्मार्टफोन को अनलॉक करते हैं।






### गूगल ने दी ये सलाह

दरअसल टेक दिग्गज का कहना है कि पासवर्ड अब सेफ नहीं हैं। गूगल का साफ कहना है कि पासवर्ड को मेन्टेन करना मुश्किल है, पासवर्ड न सिर्फ याद रखने में मुश्किल होते हैं, बल्कि आसानी से फिशिंग का शिकार भी हो सकते हैं। इसके साथ ही यह डेटा लीक के टाइम भी सामने आ जाते हैं। ऐसे में अब गूगल **Passkeys** जैसे नए ऑप्शन पर स्विच होने की सलाह दे रहा है।

### पासकीस से करें लॉगइन

टेक दिग्गज का कहना है कि इसकी जगह आप पासकीस या सोशल साइन-इन जैसे नए ऑप्शंस का इस्तेमाल करें, जो ज्यादा सेफ हैं। फोर्ब की एक रिपोर्ट में भी यह खुलासा हुआ है कि 61 फीसदी ईमेल यूजर साइबर अटैक का शिकार हुए हैं और माना जा रहा है कि इसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस बेस्ड साइबर क्राइम की बड़ी भूमिका रही है। चलिए इसके बारे में विस्तार से जानते हैं...

### बुजुर्गों को बदलाव में दिक्कत

गूगल की एक रिपोर्ट में यह भी खुलासा हुआ है कि युवा पीढ़ी तेजी से पासकी पर स्विच कर रही है और सोशल मीडिया साइन-इन जैसे सुरक्षित ऑप्शंस को अपना रही है, जबकि बुजुर्ग यूजर्स अभी भी पुरानी पासवर्ड सिस्टम को छोड़ने के लिए तैयार नहीं हैं, जो उनके लिए अधिक जोखिम पैदा कर सकता है।

## देश में गरीबी दर 27.1 फीसदी से गिरकर 2022-23 में 5.3 प्रतिशत पर

# दुनिया में 12.5 करोड़ गरीब बढ़े, लेकिन भारत में 80 फीसदी कम हो गई गरीबी

*बीते एक दशक के दौरान भारत में चरम गरीबी की दर में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। विश्व बैंक की ओर से जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार, देश में चरम गरीबी दर 2011-12 के 27.1 फीसदी से गिरकर 2022-23 में 5.3 प्रतिशत पर पहुंच गई।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विश्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, 2011-12 में देश में 34.45 करोड़ लोग चरम गरीबी में जीवनयापन कर रहे थे, जो 2022-23 में घटकर 7.52 करोड़ रह गए। इस प्रकार पिछले 11 वर्षों में लगभग 26.9 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठे हैं।

विश्व बैंक ने 3 डॉलर प्रतिदन (2021 कीमतों पर) की अंतरराष्ट्रीय गरीबी रेखा के आधार पर यह आकलन किया है। 2.15 डॉलर प्रतिदिन (2017 कीमतों पर) की पुरानी गरीबी रेखा के मानक पर देखें तो भारत में चरम गरीबी दर 2011-12 के 16.2 प्रतिशत से गिरकर 2022-23 में 2.3 प्रतिशत रह गई है। रिपोर्ट के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्रों में चरम गरीबी दर 18.4 प्रतिशत से घटकर 2.8 प्रतिशत हुई है, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह 10.7 प्रतिशत से गिरकर 1.1 प्रतिशत पर पहुंच गई है।




### बहुआयामी गरीबी सूचकांक

बहुआयामी गरीबी सूचकांक के मामले में भी भारत ने उल्लेखनीय प्रगति की है। 2005-06 में यह 53.8 फीसदी था, जो 2019-21 में घटकर 16.4 फीसदी और 2022-23 में 15.5 फीसदी रह गया। उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों ने गरीबी को समाप्त करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। 2011-12 में इन राज्यों में देश की कुल गरीब आबादी का 65 प्रतिशत हिस्सा रहता था।

### विश्व बैंक ने किया बदलाव

वित्त मंत्रालय के मुताबिक, विश्व बैंक ने वैश्विक गरीबी के आकलन में बदलाव करते हुए अंतरराष्ट्रीय गरीबी रेखा को 2.15 डॉलर प्रति दिन से बढ़ाकर 3 डॉलर प्रति दिन कर दिया गया है। इस बदलाव के कारण दुनिया भर में चरम गरीबों की संख्या में 12.5 करोड़ की वृद्धि हो गई।

### क्यों बनाई जाती है यह रिपोर्ट?

विश्व बैंक की यह रिपोर्ट 100 से अधिक विकासशील देशों में गरीबी, साझा समृद्धि और असमानता के रुझानों के बारे में बताते हैं। विश्व बैंक समूह और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की वसंत और वार्षिक बैठकों के लिए साल में दो बार जारी होने वाली ये जानकारी किसी देश की गरीबी और असमानता के बारे में तस्वीर पेश करते हैं। रिपोर्ट के अनुसार

- ग्रामीण क्षेत्रों में अत्यधिक गरीबी 2011-12 में 18.4% से घटकर 2022-23 में 2.8% हुई।
- शहरी क्षेत्रों में अत्यधिक गरीबी 2011-12 में 10.7% से घटकर 1.1% हुई।
- ग्रामीण और शहरी गरीबी के बीच का अंतर 7.7 प्रतिशत अंक से घटकर 1.7 प्रतिशत अंक रह गया।

### रोजगार में हुई वृद्धि

- वर्ल्ड बैंक के अनुसार, भारत को निम्न-मध्यम आय स्तर पर गरीबी कम करने से फायदा हुआ।
- प्रतिदिन 3.65 अमेरिकी डॉलर मापा गया है।
- ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में इस व्यापक-आधारित वृद्धि से लाखों लोगों को लाभ हुआ है।
- रोजगार वृद्धि में सकारात्मक रुझान देखे गए हैं विशेषकर 2021-22 के बाद से ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, जैसा कि विश्व बैंक की रिपोर्ट में बताया गया है।
- 2021-22 से रोजगार वृद्धि ने कामकाजी आयु वर्ग की आबादी को पीछे छोड़ दिया है, खासकर महिलाओं के बीच रोजगार दरों में वृद्धि हुई है।
- शहरी बेरोजगारी वित्त वर्ष 24-25 की पहली तिमाही में 6.6 प्रतिशत तक गिर गई, जो 2017-18 के

# अमेरिका से ट्रेड डील में किसानों के हितों की रक्षा करेगा भारत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भारत, अमेरिका के साथ कृषि बाजार पहुंच को लेकर चल रही व्यापार वार्ता में संभावित लाभ और हानि का आकलन करते हुए अपने किसानों के हितों की रक्षा को प्राथमिकता देगा। चौहान ने साक्षात्कार में कहा, हमारी प्राथमिकता अपने किसानों के हितों की रक्षा करना है। भारत आंखें मूंदकर काम नहीं करेगा। हम अपने लाभ और हानि का आकलन करेंगे। इसे ध्यान में रखते हुए समझौते को अंतिम रूप दिया जाएगा।

कृषि मंत्री चौहान एक सवाल का जवाब दे रहे थे कि अमेरिकी कृषि और बागवानी उत्पादों के लिए अधिक बाजार पहुंच के लिए दबाव के बीच भारत किसानों की सुरक्षा कैसे करेगा। वार्ताकार द्विपक्षीय सौदे के पहले चरण की व्यापक रूपरेखा के लिए खाके पर सहमत हो सकते हैं, जिस पर 2025 की शरद ऋतु (सितंबर-अक्टूबर) तक हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। मंत्री ने कहा, भारत और अमेरिका के बीच चर्चा चल रही है। एक बात स्पष्ट है, हम अपने किसानों के हितों की रक्षा करेंगे।



### इन उत्पादों का निर्यात

*अमेरिका को भारत के मुख्य कृषि निर्यात में जमे हुए झींगा, बासमती चावल, मसाले, प्रसंस्कृत अनाज और अन्य मूल्यवर्धित उत्पाद शामिल हैं। अमेरिका मक्का, सोयाबीन और पशु आहार जैसे अधिक कृषि उत्पादों का निर्यात करना चाहता है, लेकिन उसे भारत से, विशेष रूप से कृषि में उच्च शुल्क का सामना करना पड़ रहा है, जहां औसत शुल्क 39-50 प्रतिशत तक पहुंच सकता है।*

### बेहतर बाजार पहुंच की मांग


मंत्री की टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब भारत और अमेरिका कृषि व्यापार के विस्तार पर बातचीत जारी रखे हुए हैं, जिसमें वाशिंगटन भारतीय बाजार में अपने कृषि उत्पादों के लिए कम शुल्क और बेहतर बाजार पहुंच की मांग कर रहा है। भारत, ग्रामीण समुदायों से संभावित प्रतिक्रिया की चिंता और घरेलू उत्पादकों को वैश्विक मूल्य अस्थिरता से बचाने की आवश्यकता के कारण अपने कृषि और डेयरी बाजारों को पूरी तरह से खोलने के प्रति सतर्क है।

# 3 से 6 माह में लगभग एक दर्जन आईपीओ पेश होने के लिए तैयार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

साल 2025 की सुस्त शुरुआत के बाद, प्राथमिक बाजार में सुधार के संकेत दिख रहे हैं। एक दर्जन से अधिक कंपनियों ने अगले तीन से छह महीनों में अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) पेश करने की तैयारी कर ली है। यह द्वितीयक बाजार में स्थिरता और भू-राजनीतिक तनाव में कमी के कारण संभव हो पाया है।

मर्चेंट बैंकरों ने यह कहा है। उन्होंने कहा कि पूंजी बाजार में उतरने की तैयारी कर रही कंपनियों में एचडीएफसी बैंक की अनुषंगी कंपनी एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज, नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड, कल्पतरु, रूबिकॉन रिसर्च, ऑल टाइम प्लास्टिक्स, रीग्रीन-एक्सेल ईपीसी इंडिया और परमेसु बायोटेक शामिल हैं। इसके अलावा, क्रेडिला, एसके फाइनेंस, वेरिटास फाइनेंस, पारस हेल्थकेयर, सीआईईएल एचआर सर्विसेज, एवांसे फाइनेंशियल सर्विसेज, ड्रोफ-केटल केमिकल्स इंडिया, ब्रिगेड होटल वेंचर्स और श्रीजी शिपिंग भी अपने आईपीओ पेश करने की योजना बना रही हैं। इन सभी कंपनियों को पहले ही बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) से मंजूरी मिल चुकी है।




- इन सभी कंपनियों को सेबी से मंजूरी मिल चुकी है

### 2025 में आईपीओ गतिविधि धीमी

ये कंपनियां पूंजीगत व्यय आवश्यकताओं, खासकर विस्तार योजनाओं, उधारों के पुनर्भुगतान और सामान्य कॉरपोरेट उद्देश्यों के लिए धन जुटा रही हैं। यह नई गतिविधि पिछले महीने छह आईपीओ पेश करने के बाद हुई है, जिसमें लक्जरी होटल श्रृंखला 'द लीला' के मालिक श्लॉस बैंगलोर भी शामिल हैं। हालांकि, 2025 में कुल आईपीओ गतिविधि धीमी हो गई है, पिछले साल इसी अवधि में 29 आईपीओ की तुलना में अब तक केवल 16 फर्म ही सार्वजनिक निर्गम लेकर आई हैं। वैश्विक और घरेलू कारकों के मिश्रण के कारण इक्विटी बाजार में चल रही अस्थिरता के कारण मंदी आई है।


# टाटा स्टील की ईएएफ परियोजना का निर्माण शुरू करने की योजना

- ब्रिटेन में परिचालन बंद कर दिया गया है और कंपनी अपने भारत और नीदरलैंड परिचालन से अपने ग्राहकों को सेवा दे रही

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

घरेलू कंपनी टाटा स्टील को उम्मीद है कि वह जुलाई 2025 से ब्रिटेन में अपनी कम कार्बन ईएएफ-आधारित इस्पात बनाने वाली परियोजना का निर्माण शुरू कर देगी और 2027 तक परिचालन शुरू कर देगी।

कंपनी के शीर्ष अधिकारियों ने यह कहा है। टाटा स्टील के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक (एमडी) टी वी नरेंद्रन और कार्यकारी निदेशक (ईडी) और मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) कौशिक




चटर्जी ने कंपनी की वित्त वर्ष 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट में कहा कि कंपनी को पोर्ट टैलबोट में अपनी 1.5 अरब डॉलर की परियोजना के लिए आवश्यक मंजूरी मिल गई है। प्रबंधन ने कहा, अब हम वित्त वर्ष 2027-28 तक कार्बन उत्सर्जन रहित और अत्याधुनिक ईएएफ-आधारित इस्पात विनिर्माण की ओर बढ़ रहे हैं, जिसे ब्रिटेन सरकार के 50 करोड़ पाउंड के वित्तपोषण से समर्थन मिलेगा उन्होंने कहा कि पोर्ट टैलबोट में ईएएफ (इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस) परियोजना के लिए योजना अनुमोदन प्राप्त हो गया है और निर्माण जुलाई 2025 में शुरू होने की उम्मीद है। ब्रिटेन में परिचालन बंद कर दिया गया है और कंपनी अपने भारत और नीदरलैंड परिचालन से अपने ग्राहकों को सेवा दे रही है।

### वाहन उद्योग ने की दुर्लभ पृथ्वी चुंबकों के आयात में तेजी की मांग



**नई दिल्ली।** वाहन उद्योग ने यात्री कारों सहित विभिन्न अनुप्रयोगों में इस्तेमाल होने वाले दुर्लभ पृथ्वी चुंबकों के आयात के लिए चीन की सरकार से मंजूरी में तेजी लाने के लिए सरकार से मदद मांगी है। उद्योग के सूत्रों के अनुसार, विभिन्न घरेलू आपूर्तिकर्ताओं ने पहले ही चीन में अपने स्थानीय विक्रेताओं के माध्यम से चीनी सरकार से मंजूरी मांगी है। सूत्रों ने कहा कि अभी तक कोई मंजूरी नहीं दी गई है। दुर्लभ पृथ्वी चुंबकों के वैश्विक प्रसंस्करण क्षमता के 90 प्रतिशत से अधिक पर चीन का नियंत्रण है। इनका इस्तेमाल वाहन, घरेलू उपकरणों और स्वच्छ ऊर्जा सहित कई क्षेत्रों में किया जाता है।

# रिलायंस की कंपनी इन्फ्रास्ट्रक्चर विमान उन्नयन पर लगाएगी 5,000 करोड़ रुपए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर अपने रक्षा कारोबार को विमान उन्नयन कार्यक्रमों पर ध्यान केंद्रित करके गति देने की योजना बना रही है, जिसके तहत अगले सात से 10 वर्षों में 5,000 करोड़ रुपये के अवसर प्राप्त होंगे।

इस रणनीतिक कदम से रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर भारत की पहली निजी क्षेत्र की कंपनी बन गई है, जो मूल विनिर्माता बने बिना ही स्वतंत्र रूप से व्यापक विमान उन्नयन कार्यक्रम को क्रियान्वित कर रही है। यह एक ऐसा क्षेत्र है, जिस पर पारंपरिक रूप से सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों और ओईएम (मूल उपकरण विनिर्माताओं) का प्रभुत्व है। रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर के एक सूत्र के अनुसार, कंपनी ने अमेरिका स्थित एवियोनिक्स फर्म जेनेसिस के सहयोग से हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ एक अनुबंध के तहत 55 डोर्नियर-228 विमानों का सफलतापूर्वक उन्नयन करके पहले ही एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर ली है।

## एयरटेल ने डिजिटल धोखाधड़ी का मुकाबला करने के लिए लिखा पत्र




**नई दिल्ली।** दूरसंचार कंपनी एयरटेल ने डिजिटल धोखाधड़ी को रोकने के लिए 40 से अधिक बैंकों के साथ-साथ भारतीय रिजर्व बैंक और भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम से संपर्क किया है। एयरटेल ने इसके लिए घनिष्ठ सहयोग और एकीकृत मोर्चा बनाने का प्रस्ताव दिया है, जिसमें ज्ञात धोखाधड़ी वाले वित्तीय डोमेन के भंडार पर खुफिया जानकारी साझा करना शामिल है। एयरटेल ने एनपीसीआई से संपर्क किया है, और डिजिटल धोखाधड़ी से निपटने के लिए बहुस्तरीय रक्षा बनाने के लिए 'करीबी सहयोग' का प्रस्ताव दिया है। सूत्रों ने बताया कि सुनील मित्तल की अगुआई वाली इस दूरसंचार कंपनी ने भारतीय स्टेट बैंक, एचडीएफसी और अन्य प्रमुख बैंकों के साथ भी इसी तरह की पहल की है। कंपनी ने धोखाधड़ी वाले ज्ञात वित्तीय डोमेन का संग्रह बनाने के लिए 'सहयोग' के लिए आरबीआई से भी संपर्क किया है।

## निफ्टी 252.15 अंक या 1.02 प्रतिशत चढ़कर 25,003.05 पर हुआ बंद

# मुद्रास्फीति, एफआईआई के रुख से तय होगी बाजार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इस सप्ताह शेयर बाजारों की चाल वैश्विक रुझानों, मुद्रास्फीति के आंकड़ों और विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह उम्मीद जताई। इसके अलावा, मानसून की प्रगति और व्यापार वार्ता से संबंधित घटनाक्रमों पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, ''कारोबारियों की नजर प्रमुख वृहद आर्थिक आंकड़ों पर होगी। मांग के रुझान और केंद्रीय बैंक के अगले कदमों का अनुमान लगाने के लिए सीपीआई मुद्रास्फीति जैसे उच्च आवृत्ति संकेतकों पर बारीकी से नजर रखी जाएगी। मिश्रा ने कहा कि वैश्विक मोर्चे पर, व्यापार वार्ता और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में उतार-चढ़ाव से निवेशकों की भावना प्रभावित होगी। शुक्रवार को 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 746.95 अंक या 0.92 प्रतिशत की बढ़त के साथ 82,188.99 पर बंद हुआ था। एनएसई निफ्टी 252.15 अंक या 1.02 प्रतिशत चढ़कर 25,003.05 पर बंद हुआ।

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के शोध प्रमुख (संपत्ति प्रबंधन) सिद्धार्थ खेमका ने कहा, ''हमें उम्मीद है कि भारतीय बाजारों में धीरे-धीरे तेजी आएगी, जिसे आरबीआई द्वारा उम्मीद से अधिक ब्याज दरों में कटौती और अमेरिका-भारत व्यापार समझौते को लेकर आशावाद से समर्थन मिलेगा। अमेरिकी शुल्क में अप्रत्याशित बदलाव और मौजूदा भू-राजनीतिक तनाव सहित वैश्विक प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण अस्थिरता पैदा हो सकती है।

- मानसून की प्रगति और व्यापार वार्ता से संबंधित घटनाक्रमों पर भी निवेशकों की रहेगी नजर

### बाजार मूल्यांकन में एक लाख करोड़ रुपए का उछाल

शीर्ष 10 सूचीबद्ध कंपनियों में नौ के बाजार मूल्यांकन में पिछले सप्ताह कुल 1,00,850.96 करोड़ रुपए का इजाफा हुआ। इसमें रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक ने सबसे ज्यादा बढ़त हासिल की। पिछले सप्ताह बीएसई का सेंसेक्स सूचकांक 737.98 अंक या 0.90 फीसदी चढ़ा। शीर्ष 10 कंपनियों में केवल टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ही पिछड़ी रही। दूसरी ओर रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इंफोसिस, भारतीय जीवन बीमा निगम, बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड को लाभ हुआ।



### चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने से आत्मसंतुष्ट न हो भारत



**नई दिल्ली।** विश्व आर्थिक मंच के पूर्व प्रबंध निदेशक (एमडी) क्लॉड स्मदजा ने कहा कि भारत, जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए तैयार है, लेकिन उसे आत्मसंतुष्ट नहीं होना चाहिए, क्योंकि प्रति व्यक्ति जीडीपी के मामले में देश जापान से बहुत पीछे है। अप्रैल, 2025 के आईएमएफ आंकड़ों के अनुसार भारत की प्रति व्यक्ति जीडीपी 2,878.4 डॉलर है जो जापान की प्रति व्यक्ति जीडीपी 33,955.7 डॉलर का लगभग 8.5 प्रतिशत है।

चिंतन

# गरीबी कम हुई, अब आर्थिक सुधार की दिशा में बढ़े केंद्र

पीएम मोदी की राजग सरकार 3.0 ने आज नौ जून को एक वर्ष पूरा कर लिया है। इस तरह वर्ष 2014 में भारी बहुमत से सत्ता में आई मोदी सरकार ने अपने 11 वर्ष के कार्यकाल सफलतापूर्वक पूरे कर लिए हैं। मोदी सरकार के कामकाज का आकलन किया जाए तो सरकार के खाते में अनेक उपलब्धियां हैं, लेकिन साथ में कई विफलताएं भी हैं। सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि गरीबी कम करने में सफलता है, तो सबसे बड़ी विफलता पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को हैंडल करने के मोर्चे पर है। विश्व बैंक के ताजा आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2011-12 से वर्ष 2022-23 के बीच 11 वर्ष में अत्यधिक गरीबी में 21.8 फीसदी की कमी आई है। देश में अत्यधिक गरीबी दर वर्ष 2011-12 में 27.1 प्रतिशत थी, जो वर्ष 2022-23 में घटकर 5.3 प्रतिशत रह गई है। करीब 17 करोड़ लोग बेहद गरीबी से बाहर निकले हैं। खास बात है कि गरीबी में कमी नए पैमाने के आधार पर आई है। अब रोजाना 3 डॉलर (लगभग 257 रुपये) तक खर्च करने वाले बेहद गरीब की श्रेणी में माने जाएंगे, जबकि पहले यह सीमा 2.15 डॉलर थी। काफी पहले संयुक्त राष्ट्र और नीति आयोग ने गरीबी से बाहर निकलने को लेकर अलग-अलग पर उत्साहजनक आंकड़े जारी किए हैं। 2024 तक भारत में करीब 5.44 प्रतिशत लोग ऐसे हैं, जो प्रतिदिन 3 डॉलर से भी कम खर्च में जीवन जी रहे हैं। यह आंकड़ा कई विकसित देश के गरीबी के आंकड़े से कम है। गरीबी से बाहर निकलने में लोगों को सरकार की पीडीएस जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं से मदद मिली है। अब सरकार को इस आंकड़े का प्रयोग जनकल्याणकारी योजनाओं को रिमॉडल करने में करना चाहिए और सब्सिडी को तर्कसंगत बनाना चाहिए। कयास के विपरीत मोदी सरकार 3.0 मजबूत व आत्मविश्वास से भरी नजर आ रही है। 400 पार के नारों के बीच जब भाजपा को वर्ष 2024 के आम चुनाव में अपने दम पर बहुमत नहीं मिला और उसकी टीडीपी व जेडीयू पर निर्भरता हो गई तो नीतीश कुमार व चंद्रबाबू नायडू की पाला बदलने की सियासी फितरत के चलते कांग्रेस ने मोदी सरकार में उथलपुथल की संभावना को रेखांकित किया था। पर जहां नायडू व नीतीश भरोसेमंद साबित हुए, वहीं पीएम काफी सहज हैं। अब भाजपा ने अपनी राजनीतिक और प्रशासनिक पहुंच को नए सिरे से तैयार करने के लिए फिर से काम शुरू किया है। मोदी सरकार ने महिला केंद्रित व नीत विकास को बढ़ावा देकर अपने लिए नया जनाधार तैयार किया है। डिजिटल सेक्टर में सरकार ने काफी क्रांतिकारी बदलाव किए हैं। हालांकि विनिर्माण सेक्टर में ग्रोथ चुनौती बनी हुई है। नक्सलवाद को कम करने में मदद मिली है, पर आतंकवाद के खिलाफ बहुत कुछ करना बाकी है। विदेश नीति की धार ऑपरेशन सिंदूर के बाद कुंद हुई है, इसे तुरंत पटरी पर लाने की जरूरत है। अमेरिका से रिश्ते बराबरी के स्तर पर रखने चाहिए। शिक्षा व स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार जरूरी हैं, रक्षा क्षेत्र को मॉडर्न वार टेक्नीक से लैस करने की आवश्यकता है। प्रशासनिक, न्यायिक और पुलिस सुधार की दिशा में बढ़ने की जरूरत है। सरकार को कृषि, सेवा क्षेत्र के साथ उद्योग क्षेत्र पर केंद्रित रहना चाहिए, आर्थिक सुधार के अगले चरण को लागू करना चाहिए, विभिन्न करों का सरलीकरण करना चाहिए। अपनी सभी योजनाओं का सोशल ऑडिट करना चाहिए। विकसित भारत के लक्ष्य सभी मानकों पर विकास से हासिल होंगे, केवल चौथी अर्थव्यवस्था के आंकड़े भर से नहीं।



विशेष आलेख
डॉ. मोहन यादव

# भारत की प्रगति, समृद्धि और सम्मान के 11 वर्ष

> प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है स्वतंत्रता के 100वें वर्ष यानी वर्ष 2047 तक भारत को 35 ट्रिलियन डॉलर की पूर्ण विकसित अर्थव्यवस्था बनाना और विश्व की सर्वोच्च शक्ति के रूप में स्थापित करना है। इस संकल्प की पूर्ति में मध्यप्रदेश सहभागी बनने के लिए प्रतिबद्ध है। उनके आशीर्वाद और सहयोग से मध्यप्रदेश प्रगति के साथ नया इतिहास रच रहा है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि प्रधानमंत्री के नए भारत निर्माण लक्ष्य को सार्थक करने में मध्यप्रदेश की अग्रणी भूमिका रहेगी।

नए भारत निर्माण के दृष्टा, वैश्विक राजनेता और हमारे मार्गदर्शक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्षों का कार्यकाल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के लिए समर्पित रहा है। यह समय अनूठा, अद्भुत और अकल्पनीय है। इस यात्रा में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत को विश्व में मान, सम्मान और श्रेष्ठ स्थान प्राप्त हुआ है। इस विशेष उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री को हार्दिक बधाई। प्रधानमंत्री की यह यात्रा देश की बहुआयामी प्रगति, समृद्धि और सम्मान की यात्रा है। इसमें एक ओर भारत विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बना है, देश का रक्षा निर्यात 34 गुना बढ़ा है और भारत अब डिफेंस इम्पोर्टर से एक्सपोर्टर बन गया है। वहीं 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। यह हमारा सौभाग्य है कि डबल इंजन की सरकार का लाभ मध्यप्रदेश और प्रदेशवासियों को मिल रहा है। इस विशेष संयोग में प्रदेश ने नवाचारों के साथ विकास के कई कीर्तिमान स्थापित किए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी (जीवायएएन) के सम्मान का मंत्र दिया। उन्होंने इन्हीं चार स्तंभों के समग्र विकास से वर्ष 2047 तक विकसित भारत निर्माण का मार्ग बताया। हमने इन्हीं स्तंभों पर केंद्रित मिशन बनाकर कार्य आरंभ कर दिया है।

अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण, भारत में नागरिकता कानून (सीएए) बनाने, तीन तलाक जैसे अमानवीय कानून को समाप्त करने, वक्फ संपत्ति का मुस्लिम समाज के कल्याण में उपयोग के लिए वक्फ संशोधन विधेयक कानून लाने जैसे निर्णय प्रधानमंत्री की संकल्प शक्ति से ही संभव हुए हैं। उनका दृढ़ संकल्प सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक में भी दिखाई दिया। बालाकोट के बाद ऑपरेशन सिंदूर से भारत के सामर्थ्य को पूरी दुनिया ने देखा है। पहलगाम में बहनों के सामने आतंकियों ने उनका सिंदूर मिटाया था, प्रधानमंत्री के आह्वान पर भारत ने ऑपरेशन सिंदूर से यह साबित कर दिया कि यह नया भारत है जो राष्ट्र के सम्मान, नागरिकों की सुरक्षा और मानवता के लिए घर में घुसकर भी मारना जानता है। देश के 80 करोड़ से अधिक गरीबों को निःशुल्क अन्न, 4 करोड़ से अधिक परिवारों को पक्का घर, हर घर में शौचालय, 15.6 करोड़ से अधिक घरों में नल से जल, 10 करोड़ से अधिक घरों में उज्ज्वला योजना से गैस कनेक्शन और गांवों को रोशन किया है। उनके स्वच्छ भारत अभियान के आह्वान पर पूरा देश स्वच्छता एवं साफ सफाई में जुट गया। मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता है कि प्रदेश के इंदौर को लगातार सात बार स्वच्छ शहर का पुरस्कार और मध्यप्रदेश को दूसरा सबसे स्वच्छ राज्य बनने का गौरव प्राप्त हुआ। प्रधानमंत्री ने 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास' का उद्‌घोष किया। उनकी नीतियों में अंतिम छोर के अंतिम व्यक्ति के कल्याण की अवधारणा है। सबके स्वस्थ और सुखमय जीवन के लिए 'आयुष्मान भारत' अभियान चलाया। इसमें 9 करोड़ से अधिक लोगों का मुफ्त उपचार हुआ है। सत्तर वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति को भी निःशुल्क उपचार मिला है। 16 हजार से अधिक जन औषधि केंद्रों से सस्ती और अच्छी दवाएं उपलब्ध करवाई है। जनधन योजना से 55 करोड़ से अधिक लोगों को वित्तीय धारा से जोड़ा गया। डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से गरीबों को 44



लाख करोड़ रुपए का लाभ प्राप्त हुआ है। पीएम स्वनिधि और स्ट्रीट वेंडर से रेहड़ी-पटरी के व्यवसायियों को आधार दिया और आत्मनिर्भर भारत की नींव रखी, युवा शक्ति को सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए, नई शिक्षा नीति के साथ 1.6 करोड़ से अधिक युवाओं का कौशल विकास और 1.6 लाख से अधिक स्टार्टअप्स शुरू कर युवाओं को विकसित भारत के संकल्प की पूर्ति के लिए भागीदार बनाया है। मध्यप्रदेश ने सबसे पहले नई शिक्षा नीति को अमल में लाया और युवाओं को कौशल विकास का प्रशिक्षण देकर रोज़गार तथा स्व-रोज़गार के लिये अनंत संभावनाए विकसित की हैं।

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, 7.7 करोड़ से अधिक किसान क्रेडिट कार्ड तथा फसल बीमा से अन्नदाताओं को संबल मिला है। महिलाओं की सुरक्षा के उपाय, आर्थिक स्वावलंबन, सामाजिक उत्थान और राजनीतिक सशक्तिकरण के लिए लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया है। देशभर में लगभग 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा है। देश में 90 लाख से अधिक स्व सहायता समूहों के माध्यम से 10 करोड़ ग्रामीण महिलाएं लाभान्वित हुई हैं। मध्यप्रदेश में लगभग 5 लाख स्व सहायता समूहों से 62 लाख महिलाएं आत्मनिर्भर हुई हैं।

भारत दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था वाला देश बन गया। प्रधानमंत्री ने विकास के साथ विरासत का आह्वान किया है। विरासत को सहेजने के लिए उन्होंने धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों के विकास और पुनर्प्रतिष्ठा का कार्य आरंभ किया तथा इसे धार्मिक पर्यटन से जोड़ा। नमामि गंगे योजना से पवित्र नदियों की सफाई अभियान के साथ जल संरक्षण की परम्परा विकसित हो रही है।

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हमने मध्यप्रदेश में विकास के साथ विरासत के संकल्प को आत्मसात किया और भव्य और दिव्य महाकाल महालोक का निर्माण किया। श्रीराम वन गमन पथ, श्रीकृष्ण पाथेय निर्माण और विक्रमोत्सव का आयोजन किया है। प्रदेश को केन-बेतवा और पार्वती-कालीसिंध-चंबल रिवर लिंक परियोजनाओं की सौगात मिली है। मध्यप्रदेश में हमने प्रत्येक क्षेत्र के विशिष्ट उत्पादों के अनुरूप उद्योग स्थापित करने का नवाचार प्रारंभ किया है। इसके लिए पहले रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव फिर महानगरों और विदेशों में रोड शो तथा ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की सफलता के बाद अब सेक्टर आधारित समिट के विस्तार का उपक्रम शुरू किया है। इससे प्रदेश के औद्योगिक विकास में क्रांतिकारी परिवर्तन आयेगा। मोदी ऐसे युगदृष्टा हैं जिन्होंने आधारभूत समस्याओं के समाधान और विरासत को सहेजने के साथ भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान की भी नई उड़ान भरी है। उन्होंने स्वदेशी तकनीक विकसित करने का आह्वान किया था भारत की अंतरिक्ष अनुसंधान तकनीक विश्व में अग्रणी बनी और चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला भारत दुनिया का पहला देश बन गया।

प्रधानमंत्री ने सड़क और रेल नेटवर्क का विस्तार, 23 शहरों में मेट्रो परियोजनाओं की प्रगति, बंदरगाह, हवाई मार्ग, हाई स्पीड कॉरिडोर निर्माण के लक्ष्य को स्वरूप प्रदान किया है। अटल टनल और दुनिया का सबसे ऊंचा आर्च ब्रिज चिनाब आकार ले चुका है।

प्रधानमंत्री का संकल्प है स्वतंत्रता के 100वें वर्ष यानी वर्ष 2047 तक भारत को 35 ट्रिलियन डॉलर की पूर्ण विकसित अर्थव्यवस्था बनाना और विश्व की सर्वोच्च शक्ति के रूप में स्थापित करना है। इस संकल्प की पूर्ति में मध्यप्रदेश सहभागी बनने के लिए प्रतिबद्ध है। उनके आशीर्वाद और सहयोग से मध्यप्रदेश प्रगति के साथ नया इतिहास रच रहा है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि प्रधानमंत्री के नए भारत निर्माण लक्ष्य को सार्थक करने में मध्यप्रदेश की अग्रणी भूमिका रहेगी।

( लेखक मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री हैं)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

मस्क-ट्रंप महासमर
प्रो. आर.के. जैन



# स्पेसएक्स से व्हाइट हाउस तक, कौन किसे मात देगा

एक ऐसी जंग शुरू हो चुकी है, जो न केवल दो दिग्गजों एलन मस्क और डोनाल्ड ट्रंप के बीच का टकराव है, बल्कि यह सत्ता, पूंजी और तकनीक का वह महासमर है, जो दुनिया को नई दिशा दे सकता है। यह दो तूफानों का मिलन है। एक ओर मस्क, जिन्होंने टेस्ला और स्पेसएक्स जैसी कंपनियों से भविष्य को फिर से परिभाषित किया, दूसरी ओर ट्रंप, जिनका राजनीतिक प्रभाव वैश्विक समीकरणों को हिलाने की ताकत रखता है। इनके बीच की यह लड़ाई अब केवल शब्दों की जंग नहीं रही, यह टेस्ला के शेयरों की गिरावट, अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुसंधान और वैश्विक सत्ता के गलियारों तक को हिला रही है। दोनों के पास दुनिया के सबसे बड़े मंच हैं, और अब ये मंच एक-दूसरे के खिलाफ खतरनाक हथियार बन चुके हैं। यह टकराव एक ऐतिहासिक मोड़ है, जो भविष्य की दुनिया को आकार दे सकता है। इस जंग की शुरुआत तब हुई, जब डोनाल्ड ट्रंप ने मस्क की कंपनियों, खासकर स्पेसएक्स को मिलने वाली अरबों डॉलर की सरकारी सब्सिडी और अनुबंधों को खत्म करने की धमकी दी। ट्रंप ने अपनी सोशल मीडिया साइट पर लिखा - बजट बचाने का सबसे आसान तरीका मस्क की सब्सिडी और कॉन्ट्रैक्ट्स को रद करना है। एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, स्पेसएक्स नासा के लिए इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) तक अंतरिक्ष यात्रियों और सामग्री पहुंचाने का महत्वपूर्ण साधन है। ट्रंप की यह धमकी मस्क के कारोबारी साम्राज्य की रीढ़ तोड़ने की कोशिश हो सकती है। इसका असर तुरंत दिखा। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, गुरुवार को टेस्ला के शेयर 14% तक गिर गए, जिससे निवेशकों में खलबली मच गई। यह गिरावट इस बात का संकेत है कि मस्क की कंपनियां इस जंग में कितनी जोखिम में हैं। एलन मस्क, जिन्हें दुनिया एक दूरदर्शी नवप्रवर्तक के रूप में जानती है, ने ट्रंप की इस चुनौती को चुपचाप स्वीकार नहीं किया। उन्होंने जवाबी हमला बोलते हुए ट्रंप के खिलाफ महाभियोग की मांग की और अपने ड्रैगन अंतरिक्ष यान के कार्यों को तेज करने की बात कही। बीबीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार, यह यान अमेरिका के अंतरिक्ष कार्यक्रमों के लिए अपरिहार्य हैं। मस्क का यह कदम ट्रंप को यह स्पष्ट संदेश देता है कि वे किसी भी कीमत पर झुकने वाले नहीं। इस टकराव के परिणाम मस्क और ट्रंप तक सीमित नहीं हैं। मस्क के पास असीमित संसाधन हैं, जिनका उपयोग वे राजनीतिक प्रभाव डालने के लिए कर सकते हैं। ब्लूमबर्ग के अनुसार, मस्क ने दावा किया कि वे "सचमुच एक बड़ा बम गिरा रहे हैं," जिससे संकेत मिलता है कि वे अगले अमेरिकी मध्यावधि चुनावों में रिपब्लिकन पार्टी के विद्रोही उम्मीदवारों को फंडिंग दे सकते हैं। यह कदम ट्रंप की राजनीतिक स्थिति को कमजोर कर सकता है। दूसरी ओर, ट्रंप के पास सरकारी मशीनरी का नियंत्रण है, जिसका उपयोग वे मस्क की कंपनियों को निशाना बनाने के लिए कर सकते हैं। यदि ट्रंप अपनी धमकी को अमल में लाते हैं, तो स्पेसएक्स के अनुबंधों पर असर पड़ सकता है, जिसका प्रभाव अमेरिका के अंतरिक्ष कार्यक्रम और वैश्विक अंतरिक्ष सहयोग पर होगा। आर्थिक प्रभाव पहले ही सामने आ चुका है। टेस्ला के शेयरों की गिरावट से निवेशकों का भरोसा डगमगा रहा है, जैसा कि रॉयटर्स ने उल्लेख किया। स्पेसएक्स के अनुबंधों पर खतरा वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला और अंतरिक्ष अनुसंधान को प्रभावित कर सकता है। यदि मस्क अपने ड्रैगन यान के कार्यों को बंद करते हैं, तो नासा को वैकल्पिक व्यवस्था ढूंढनी पड़ेगी, जो एक जटिल और महंगा कदम होगा। यह जंग तकनीक और सत्ता के बीच संबंधों को उजागर करती है। मस्क की कंपनियां निजी क्षेत्र की ताकत का प्रतीक हैं, जबकि ट्रंप सरकारी शक्ति का चेहरा हैं। यह टकराव यह सवाल उठाता है कि क्या निजी कंपनियां सरकारों को चुनौती देने की ताकत रख सकती हैं? यह जंग अब केवल दो व्यक्तियों की लड़ाई नहीं, बल्कि एक वैश्विक रण है, जो तकनीक, पूंजी और सत्ता के भविष्य को परिभाषित करेगा। दुनिया की नजरें इस पर टिकी हैं कि यह टकराव कहां तक जाएगा। क्या मस्क अपने संसाधनों के दम पर ट्रंप को पछाड़ देंगे, या ट्रंप की सरकारी मशीनरी मस्क के साम्राज्य को झुका देगी? यह युद्ध न केवल इन दो दिग्गजों की साख का सवाल है, बल्कि यह वैश्विक अर्थव्यवस्था, तकनीकी नवाचार और राजनीतिक समीकरणों को नया आकार दे रहा है। यह एक ऐसी आंधी है, जो दुनिया को यह सोचने पर मजबूर कर रही है कि सत्ता और पूंजी का यह महासंग्राम हमें किस भविष्य की ओर ले जाएगा। यह टकराव एक नई कहानी लिख रहा है, एक ऐसी कहानी, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए मिसाल बनेगी।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# मनुष्य हो तो पहले प्राप्त करो ज्ञान



संकलित
दर्शन

मन में पहली जिज्ञासा यही होती है कि एक साधक होने के लिए व्यक्ति में क्या योग्यता होनी चाहिए। क्या साधक में आयु, ज्ञान या फिर चरित्र संबंधी योग्यता होनी चाहिए। ज्ञानीजन कहते हैं कि एक साधक के भीतर मनुष्यता होना जरूरी है, तभी वह अपने कर्त्तव्यों को अच्छी तरह से निभा पाएगा। मनुष्य का प्राथमिक कर्तव्य ज्ञान प्राप्त करना है। व्यक्ति को सांसारिक कर्तव्यों को पूरा करना चाहिए और धर्म साधना भी करनी चाहिए। इसके साथ ही पारिवारिक जिम्मेदारियों को भी देखना चाहिए। यह मनुष्य की साधना का एक चरण है। पार्वती ने शिव से पूछा, 'साधक बनने के लिए न्यूनतम आवश्यकता क्या है?' शिव ने उत्तर दिया, 'जब जीव अपने कर्मों के फलस्वरूप मानव रूप धारण कर लेते हैं, तब वे साधना करने के योग्य हो जाते हैं।' पार्वती द्वारा रखा गया अगला प्रश्न था, 'साधना करने के लिए मनुष्य में आयु, योग्यता, चरित्र आदि जैसी कौन-सी योग्यताएं होनी चाहिए?' इस पर शिव के उत्तर को इस तरह समझा जा सकता है कि उम्र के संबंध में यह कहना उचित होगा कि मानव जीवन में मूल रूप से चार चरण होते हैं। पहले चरण में मनुष्य का पहला कर्तव्य ज्ञान प्राप्त करना और धर्म साधना करना है। दूसरे चरण में, व्यक्ति को सांसारिक कर्तव्यों को पूरा करना चाहिए और धर्म साधना करनी चाहिए। तीसरे चरण में, किसी भी शेष पारिवारिक जिम्मेदारियों को देखना चाहिए और धर्म साधना करनी चाहिए। अंत में यानी चौथे चरण में जब मानव शरीर सांसारिक कर्तव्यों को निभाने में अक्षम हो जाता है, तो व्यक्ति को अकेले धर्म साधना करनी चाहिए।

# आप पर कैसे बरसेगी कृपा



संकलित
प्रेरणा

कृपा कोई अमूर्त, गैरहाजिर विचार या कल्पना नहीं है पर ये एक जीवित शक्ति है, जिसे हम अपने जीवन में आमंत्रित कर सकते हैं। हम अपनी शक्ति, बुद्धि और जानकारी से जो कुछ भी कर सकते हैं, वह सब बहुत सीमित है। अगर आप कृपा की खिड़की को खोल सकें तो जीवन ऐसे अद्भुत तरीके से चलेगा, जो संभव होने की आपने कल्पना भी नहीं की होगी। आपके सामने हर जगह यह सवाल है, 'मैं ऐसा कैसे कर सकता हूं?' पर, यह कोई करने वाली चीज नहीं है। आपके अंदर, अगर कोई खाली जगह है, जहां आपके विचार और पूर्वाग्रह, आपकी भावनाएं और विचारधाराएं अंदर न आ सकें, तो आपके जीवन में कृपा एक प्रबल शक्ति की तरह होगी। अगर आप अपने ही विचारों, अपनी ही भावनाओं और कल्पनाओं आदि से भरे हुए हैं तो कृपा आपके आसपास बहते हुए भी, आपके अंदर कुछ नहीं होगा। ज्यादातर लोगों के जीवन के साथ यही त्रासदी है कि उनके आसपास एक जबर्दस्त संभावना हमेशा बनी रहने के बावजूद वे उसे पूरी होने नहीं देते। सभी आध्यात्मिक प्रक्रियाओं के लिए विचार, फोकस और करने के तरीके यही हैं कि आपके व्यक्तित्व को खत्म कर दिया जाए, जिससे आपके अंदर कोई खाली उपस्थिति बने और वह आपके लिए कृपा और संभावना का ऐसा प्रवेश द्वार बने, जिसके बनने की संभावना के बारे में आपने कभी सोचा ही नहीं होगा। सवाल यह नहीं है कि आप पर कृपा काम कर रही है या नहीं? वह तो कर ही रही है, वरना आपका अस्तित्व ही संभव नहीं।

## सटाका




## आज की पाती

### नाबालिग वाहन चालकों के लिए सख्ती हो

नाबालिग वाहन चालकों के लिए सख्ती होना चाहिए। अगर कोई नाबालिग वाहन चलाते हुए पुलिस पकड़ लेती है तो इसके लिए सख्त कानून का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। इस कानून के तहत लगभग 25 हजार जुर्माना और लगभग तीन साल की सजा का भी प्रावधान है। हालांकि सरकार और प्रशासन इसके लिए जागरूकता अभियान भी चलाए। स्कूलों में इसके लिए बच्चों को जागरूक भी किया जाए और स्कूलों से विद्यार्थियों के माता-पिता को इसके लिए नोटिस भी भेजे जाए कि वो अपने नाबालिग बच्चों को वाहन न दें। दोपहिया वाहन एक्सीडेंट का आंकड़ा भी दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। दोपहिया वाहन, मोटरसाइकिल, स्कूटर या फिर एक्टिवा चलाते समय हैलमेट का प्रयोग अपनी जान की सुरक्षा के लिए बहुत जरूरी है, न कि चालान के डर से।

*-कुणाण सिंह ठाकुर, रायपुर*

## X ट्रेंड f

### किसानों के इनोवेशन



हमारे वैज्ञानिकों ने जो रिसर्च और इनोवेशन किया है, और इनोवेशन से फार्मर को भी जोड़ा है, उसका परिणाम मैं आज देख रहा हूँ। हमारे किसानों ने भी अलग-अलग ढंग के इनोवेशन किये हैं।
**- शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री**

### खुले में शौच से मुक्ति




हर घर में शौचालयों के निर्माण से नारी शक्ति के लिए सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण सुनिश्चित हुआ। 11 वर्षों में, भारत खुले में शौच से मुक्त हो गया, 12 करोड़ से अधिक घरेलू शौचालय और 2.49 लाख सामुदायिक स्वच्छता परिसर बने हैं।
**- हिमंत विश्व शर्मा, सीएम, असम**

### जनता का भरोसा जीता



सिर्फ़ एक साल में हमने दिखा दिया है कि एक सच्ची जनता की सरकार कैसी होती है। बीजेडी के कई सालों के झूठे वादों और आकर्षक विज्ञापनों के बाद, ओडिशा के लोगों ने बदलाव को चुना और हमने उस भरोसे को कार्रवाई से पूरा किया है।
**- मोहन चरण माझी, सीएम, ओडिशा**

### बिजली कटौती शुरू



भाजपा की राजस्थान में सरकार बनने का एक वर्ष पूरा होने पर प्रचार किया गया कि प्रदेश अब बिजली में सरप्लस स्टेट हो गया है लेकिन गर्मी बढ़ते ही हर जगह बिजली कटौती शुरू हो गई। बिजली वितरण का ढांचा चरमराया है जिससे आमजन त्रस्त है।
**-अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान**

## करंट अफेयर

# कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या 6,000



देश में पिछले 48 घंटे में कोविड-19 के 769 नये मामले सामने आए, जिसके साथ ही उपचाराधीन मरीजों की संख्या छह हजार के पार पहुंच गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा रविवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। मंत्रालय के अनुसार, केरल सबसे अधिक प्रभावित राज्य है, उसके बाद गुजरात, पश्चिम बंगाल और दिल्ली का स्थान है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि कोविड के बढ़ते मामलों के मद्देनजर, तैयारियों का जायजा लेने के लिए केंद्र 'मॉक ड्रिल' आयोजित कर रहा है और सभी राज्यों को ऑक्सीजन, वेंटिलेटर और जरूरी दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। भारत में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या 6,133 है और पिछले 24 घंटों में छह और संक्रमितों की मौतें हुई हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि अधिकतर मरीजों में हल्के लक्षण थे और वे घर पर ही उपचार के बाद ठीक हो गए। कोविड-19 की मौजूदा स्थिति और तैयारी के उपायों का आकलन करने के लिए आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ, आपात प्रबंधन प्रतिक्रिया प्रकोष्ठ, राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद, एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम तथा सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधियों की समीक्षा बैठकें स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक डॉ. सुनीता शर्मा की अध्यक्षता में दो जून और तीन जून को हुईं।

## ऑफ बीट

# ऑक्सफोर्ड विवि में भारतीय छात्रों को रोड्स छात्रवृत्ति



ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में अध्ययन के लिए छात्रवृत्ति प्रदान करने वाले रोड्स स्कॉलरशिप ट्रस्ट ने 2028 से भारतीयों के लिए छात्रवृत्तियों की संख्या को देश की जनसंख्या के अनुरूप बढ़ाने की योजना बनाई है। अगले साल से शुरू हो रहे शैक्षणिक सत्र के लिए आवेदनों की घोषणा से पहले, भारत आए ट्रेनर ने साक्षात्कार में बताया कि वर्तमान में भारतीय अभ्यर्थियों को सालाना छह छात्रवृत्तियां प्रदान की जाती हैं। अब प्राथमिकता उन स्थानों के लिए कुछ अतिरिक्त छात्रवृत्तियां प्रदान करने की है, जहां जनसंख्या के अनुपात में विद्वानों की संख्या अधिक हो सकती है और भारत उन देशों में से एक है। इसलिए, हमारे पास भारत के लिए प्रति वर्ष छह छात्रवृत्तियां हैं, जो अच्छी बात है, लेकिन जैसा कि आप जानते हैं, इस देश में डेढ़ अरब लोग हैं, इसलिए अधिक छात्रवृत्तियां होनी चाहिए। रोड्स हाउस के अंतरिम 'वॉर्डन' ने कहा, हम अतिरिक्त छात्रवृत्तियों के लिए धन जुटाने का प्रयास कर रहे हैं, क्योंकि ट्रस्ट को ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय की फीस का भुगतान करने तथा छात्रों के जीवन-यापन के व्यय का भुगतान करने के लिए निधि में धन की आवश्यकता है। छात्रवृत्ति की संख्या बढ़ाने के लिए चीन और अफ्रीका जैसे अन्य देश भी प्राथमिकता में हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# शुभांशु रचेंगे इतिहास, 10 को भरेंगे उड़ान, 11 को वेलकम टू स्पेस स्टेशन

*भारत के अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला कल यानि 10 जून को इतिहास रचने जा रहे हैं। नासा और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की साझेदारी में 10 जून को एक्सिओम मिशन 4 लॉन्च होगा। जिसका नेतृत्व भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला करेंगे। वे 11 जून 2025 को दोपहर 12:30 बजे अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से जुड़ेंगे। यह मिशन एक्स-4 का हिस्सा है, जो भारत और अमेरिका के अंतरिक्ष सहयोग का परिणाम है।*


## सुबह 8:22 बजे होगी लान्चिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

प्रक्षेपण भारतीय समयानुसार सुबह 8:22 बजे फ्लोरिडा में नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर के लॉन्च कॉम्प्लेक्स 39ए से निर्धारित है। यह मिशन एक्सिओम स्पेस की चौथी निजी अंतरिक्ष यात्री उड़ान और इसरो के अंतरिक्ष यात्री को अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन तक ले जाने वाला पहला मिशन है। यह पहली बार होगा, जब पोलैंड और हंगरी के अंतरिक्ष यात्री आईएसएस पर रहेंगे, जिससे अंतरिक्ष मिशनों में अंतरराष्ट्रीय भागीदारी का और विस्तार होगा।

### आईएसएस में 14 दिन रहकर ये प्रयोग करेंगे शुभांशु

शुभांशु शुक्ला आईएसएस पर 14 दिन रहेंगे और 7 प्रयोग करेंगे, जो भारतीय शिक्षण संस्थानों ने बनाए हैं। इनमें ज्यादातर जैविक प्रयोग होंगे, जैसे कि पौधों के बीज और मानव शरीर पर सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण का असर। इसके अलावा, नासा के साथ मिलकर मानव शोध के 5 प्रयोग भी होंगे।



### अंतरिक्ष यान और नाम

एक्स-4 मिशन के लिए इस्तेमाल होने वाला ड्रैगन अंतरिक्ष यान पूरी तरह नया है। स्पेसएक्स के ड्रैगन मिशन मैनेजमेंट डायरेक्टर सारा वॉकर ने बताया कि यह यान क्रू द्वारा एक नाम दिया जाएगा। कमांडर पेगी व्हिटसन ने पिछले हफ्ते कहा कि नया नाम जल्द ही घोषित होगा।

### चालक दल में कौन-कौन हैं शामिल?

नासा की पूर्व अंतरिक्ष यात्री और एक्सिओम स्पेस में मानव अंतरिक्ष उड़ान की निदेशक पैगी व्हिटसन इस मिशन की कमान संभालेंगी, जबकि इसरो के शुभांशु शुक्ला पायलट की भूमिका में होंगे। मिशन विशेषज्ञ पोलैंड से ईएसए अंतरिक्ष यात्री स्लावोज उज्नांस्की-विस्नीव्स्की और हंगरी से टिबोर कापू शामिल हैं।

### ड्रैगन कैप्सूल की खासियत

ड्रैगन कैप्सूल की खास बात ये है कि ये इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से खुद जुड़ सकता है। इससे किसी भी मिशन को अंजाम देना सेफ और आसान होता है। क्रू ड्रैगन को कई बार इस्तेमाल किया जा सकता है। कैप्सूल की ऊंचाई 8.1 मीटर और व्यास 4 मीटर है। इसमें 8 सुपरड्रैको इंजन हैं, जो इमरजेंसी में कैप्सूल को रॉकेट से अलग कर सकते हैं।

### कितना वजन ले जा सकता है यान

क्रू ड्रैगन 7 यात्रियों को साथ ले जा सकता है जबकि कार्गो कैप्सूल से 6 हजार किलोग्राम सामान ले जाया जा सकता है। यह पैराशूट के साथ समंदर में उतरता है। इसमें तीन टचस्क्रीन डिस्प्ले वाला कंट्रोल पैनल है, जो अंतरिक्ष यात्री को यान चलाने में मदद करता है। इसे 15 मिशनों तक इस्तेमाल के लिए डिजाइन किया गया है। कैप्सूल के ट्रंक पैनल में सोलर पैनल लगे होते हैं, जो बिजली बनाते हैं।

### मिशन का महत्व 548 करोड़ हुए खर्च

*एक्स-4 मिशन स्पेसएक्स का 53वां ड्रैगन मिशन होगा. यह 15वां मानव अंतरिक्ष मिशन और 48वां ISS यात्रा होगी. शुभांशु शुक्ला भारत के गगनयान कार्यक्रम के चार अंतरिक्ष यात्रियों में से एक हैं। भारत ने इस मिशन पर अब तक कम से कम 548 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। इसमें लॉन्च के साथ-साथ शुभांशु शुक्ला और उनके बैकअप ग्रुप कैप्टन प्रशांत नायर की ट्रेनिंग भी शामिल है। प्रशांत नायर भी गगनयान कार्यक्रम का हिस्सा हैं। शुभांशु को स्पेसएक्स और एक्सिओम स्पेस ने विशेष ट्रेनिंग दी है।*

## खबर संक्षेप

### भ्रष्टाचारियों को बख्शा नहीं जाएगाः मुख्यमंत्री धामी



**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चेतावनी दी कि प्रदेश में भ्रष्टाचार करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को बख्शा नहीं जाएगा और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में समान नागरिक संहिता लागू किए जाने पर हरिद्वार जिले के मंगलौर क्षेत्र के लिब्बरहेड़ी में आयोजित 'धन्यवाद रैली' को संबोधित करते हुए यह चेतावनी दी। "चाहे छोटा हो या बड़ा अधिकारी, अगर प्रदेश में कोई भ्रष्टाचार करेगा तो उसे बख्शा नहीं जाएगा।"

### बदमाशों की गोलीबारी में पुलिस एसआई सहित तीन घायल



**पटना।** पटना के धनरुआ इलाके में रविवार को भूमि विवाद को लेकर बदमाशों द्वारा कथित तौर पर की गई गोलीबारी में पुलिस उपनिरीक्षक, उसका बेटा सहित तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि घायल उपनिरीक्षक की पहचान मनोज सिंह के रूप में हुई है और वह सहरसा जिले में तैनात हैं। उनका अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। अनुमंडल पुलिस अधिकारी कन्हैया सिंह ने बताया घटना पूर्वाह्न करीब 11.30 बजे सेवती गांव में हुई।

### गोगी गिरोह का बदमाश हथियार समेत गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने जबरन वसूली, मारपीट और अवैध हथियार रखने के कई मामलों में वांछित गोगी गिरोह के बदमाश को गिरफ्तार किया है। नरेला निवासी आरोपी सचिन खत्री उर्फ शिन्नी (26) को एक खुफिया जानकारी मिलने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। , खत्री के पास से 4 पिस्टल, 50 से ज्यादा कारतूस, एक लग्जरी कार, 26 लाख रुपए नगद, एवं एक डायरी जिसमें लोगों से पैसे ऐंठने व धमकी का हिसाब किताब है बरामद किया गया। खत्री ने एक मामले में, उसने और उसके साथी ने महिला से पैसे ऐंठने के लिए उसके घर पर कई गोलियां चलाईं थी।


## यमन शाखा प्रमुख आतंकी अवलाकी पर अमेरिका ने 60 लाख डॉलर का रखा है ईनाम

# अलकायदा ने दी ट्रंप व मस्क की हत्या की धमकी, बोला- मौका मिलते ही लेंगे बदला

*अलकायदा की यमन शाखा का प्रमुख साद बिन अतेफ अल-अवलाकी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और अमेरिकी बिजनेस मैन एलन मस्क को जान से मारने की धमकी दी है। अवलाकी के वीडियो में ट्रंप-मस्क के साथ अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, विदेश मंत्री मार्को रुबियो और रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ की तस्वीरें दिखाई गई हैं। साथ ही, अवलाकी ने अपने वीडियो में मिस्र, जॉर्डन और खाड़ी अरब देशों के नेताओं की हत्या की बात कही है।*

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अल-कायदा की यमन शाखा के प्रमुख का पद संभालने के बाद साद बिन अतेफ अल-अवलाकी ने अपने पहले वीडियो संदेश में गाजा पट्टी में इस्राइल-हमास युद्ध पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। अल-अवलाकी ने पिछले साल एक्यूएपी की कमान खालिद अल-बतरफी की मौत के बाद संभाली थी। अपने आधे घंटे के वीडियो संदेश में अल-अवलाकी ने ट्रंप और मस्क के साथ-साथ अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, विदेश मंत्री मार्को रुबियो और विदेश मंत्री पीट हेगसेथ को धमकी दी। साथ ही कहा कि इन लोगों ने मिस्र, जॉर्डन और खाड़ी अरब राज्यों में नेताओं की हत्या करने के लिए आतंकवाद का सहारा लिया। गाजा को तबाह करने में भी यही लोग शामिल हैं।



### अवलाकी पर 60 लाख डालर का इनाम

बता दें कि यमन की अल-कायदा शाखा को लंबे समय से सबसे खतरनाक शाखा माना जाता है। यह 2011 में अमेरिकी नौसेना के सील द्वारा इसके संस्थापक ओसामा बिन लादेन की हत्या के बाद भी सक्रिय है। अल-अवलाकी पर अमेरिका ने 60 लाख डॉलर (51 करोड़ रुपये) का इनाम रखा है। वह पहले भी सार्वजनिक रूप से अमेरिका और उसके सहयोगियों के खिलाफ हमले की धमकी दे चुका है।

### हूथियों के प्रभुत्व को चुनौती देने की कोशिश

विशेषज्ञों का कहना है कि यमन अलकायदा प्रमुख अवलाकी इजरायल और पश्चिमी देशों के खिलाफ वीडियो संदेश जारी कर मुस्लिम वर्ल्ड में अपनी स्थिति दर्ज कराना चाहता है। हाल के समय में ईरान समर्थित यमन के विद्रोही गुट हूथियों ने अमेरिकी-इजरायल गठजोड़ पर हमला किया।

### मौका मिलते ही लड़ाके दिखाएंगे अपना कमाल - अल-अवलाकी

इतना ही नहीं शनिवार सुबह जारी हुए धमकी भरे वीडियो में अल-अवलाकी ने गाजा संघर्ष का बदला लेने की बात कही। वीडियो में अवलाकी ने कहा कि गाजा में हमारे लोगों के साथ जो कुछ हुआ और हो रहा है, उसके बाद वैध-अवैध की कोई सीमा नहीं बची। हमें जब भी मौका मिलेगा हमारे लड़ाके अपना कमाल दिखा देंगे और गाजा का बदला ले लेंगे।

### संगठन के पास 4 हजार लड़ाके

*संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञों का मनाना है कि अलकायदा की यमन शाखा के पास 3,000 से 4,000 सक्रिय लड़ाकों की संख्या है। हजारों की तादद में उसके पास अन्य निष्क्रिय लड़ाके भी हैं। यह संगठन बैंकों और मनी एक्सचेंज की दुकानों को लूटने के साथ-साथ हथियारों की तस्करी, नकली मुद्राओं और फिरौती अभियान चलाकर पैसे जुटाता है। इनके संबंध यमन में मौजूद विद्रोही गुट हूथियों के साथ भी हैं, लेकिन हूथियों ने इससे इनकार किया है। अलकायदा की यमन शाखा के लड़ाके यमन में मौजूद साउदी अरब समर्थित सेना पर हमले करते रही है।*

### 2,000 सैनिक लॉस एंजिल्स में तैनात



**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका के लॉस एंजिल्स में आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन की ओर से की गई छापेमारी की कार्रवाई के खिलाफ शुरू हुआ विरोध प्रदर्शन अब और तेज हो गया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने लॉस एंजिल्स में 2,000 नेशनल गार्ड सैनिकों को तैनात कर दिया है। राष्ट्रपति ट्रंप ने स्थिति से निपटने में ढिलाई बरतने के लिए कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम और लॉस एंजिल्स की मेयर करेन बास की आलोचना की है। लॉस एंजिल्स शहर से 20 मील दक्षिण में स्थित उपनगर पैरामाउंट में प्रदर्शनकारियों और संघीय एजेंटों के बीच गंभीर झड़पें हुईं। प्रदर्शनकारी ने होम डिपो के पास एकत्र होकर मैक्सिकन झंडे लहराए और अमेरिकी झंडे को आग लगा दी। सार्वजनिक संपत्तियों में तोड़फोड़ करन के अलावा कई वाहनों को भी आग के हवाले कर दिया।

# महीनेभर में अनावरण नहीं किया तो क्रेन से लाएंगे रायपुर

## अजीत जोगी की प्रतिमा हटाए जाने पर भड़के अमित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ **जिला प्रशासन को दिया महीनेभर का समय**

जनता कांग्रेस जोगी के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने अपने पिता और पार्टी के संस्थापक स्व. अजीत जोगी की प्रतिमा उखाड़े जाने को लेकर कहा, एक महीने में पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी की प्रतिमा का अनावरण नहीं किया गया तो बड़ा आंदोलन करेंगे। उन्होंने कहा, मैं उन लोगों को माफ करता हूं, जिन्होंने प्रतिमा को हटाया। प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने संवाददताओं से चर्चा में शासन-प्रशासन को आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा, 25 मई को यह घटना हुई थी। मानसिक दिवालिएपन से ग्रसित कुछ लोगों ने पटियाला ढाबा में बैठकर खूब शराब पी थी। छत्तीसगढ़ के प्रथम मुख्यमंत्री अजीत जोगी की प्रतिमा को हाइड्रा लाकर उखाड़कर फेंक दिया गया। उनकी प्रतिमा उखाड़ने से पूरे प्रदेश को ठेस पहुंची है। उन्होंने कहा, 2 हफ्ते में कोई कार्रवाई नहीं की गई है, अपराधी निडर होकर घूम रहे हैं।

### महीनेभर बाद लेकर आऊंगा पापा की प्रतिमा

अमित जोगी ने कहा, अगर एक माह में प्रतिमा का अनावरण गौरेला में नहीं हुआ तो मैं पापा की प्रतिमा रायपुर लेकर आऊंगा, सीएम से मैं अपील करूंगा, इसका अनावरण यहीं किया जाए। उन्होंने बताया कि सीएम ने कहा था, गौरेला आऊंगा, गौरेला मुझे अच्छा लगता है, लेकिन वहां छत्तीसगढ़ के पहले सीएम की प्रतिमा हटा दी गई।

### निजी जमीन पर स्थापित की गई थी प्रतिमा

उन्होंने कहा, अगर जोगीजी की प्रतिमा से कोई विरोध होता तो हमसे बात करते। कानून का सहारा लेते, इस तरह प्रतिमा को क्यों उखाड़ा? ये प्रतिमा निजी जमीन पर स्थापित हुई थी तो क्यों उखाड़ा गया है। ये जोगी परिवार के आधिपत्य की भूमि है। 1932 में स्व. मंजेश ने क्रय की थी, जो वर्तमान में लागू है।

## पिता ने की रोक लगाने की मांग

# सिद्धू मूसेवाला पर बनी बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री पर बवाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला की जिंदगी और उनकी हत्या पर आधारित बीबीसी वर्ल्ड सर्विस की आगामी डॉक्यूमेंट्री को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। सिद्धू के पिता बलकौर सिंह सिद्धू ने इस डॉक्यूमेंट्री पर कड़ी आपत्ति जताते हुए महाराष्ट्र के डीजीपी और मुंबई के जुहू पुलिस स्टेशन को लिखित शिकायत भेजी है।

**11 जून को 'सोहो हाउस' में होगी डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग :** बलकौर सिंह के अनुसार, 11 जून को दोपहर 3 बजे मुंबई के जुहू स्थित 'सोहो हाउस' में बीबीसी की ओर से एक विशेष डॉक्यूमेंट्री शोकेस कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस



डॉक्यूमेंट्री में सिद्धू मूसेवाला की निजी जिंदगी और हत्या से जुड़ी कई ऐसी बातें दिखाने का दावा किया गया है, जो अब तक सार्वजनिक नहीं हुई हैं। बलकौर सिंह ने कहा कि यदि जरूरी हुआ तो वे सोमवार को अदालत का दरवाजा भी खटखटाएंगे। उन्होंने आशंका जताई कि डॉक्यूमेंट्री के जरिए उनके बेटे की लेगेसी को खराब करने का प्रयास किया जा सकता है।

### न ली अनुमति न दी जानकारी

बलकौर सिंह ने पत्र में स्पष्ट लिखा है कि बीबीसी ने इस डॉक्यूमेंट्री को बनाने के लिए उनसे कोई अनुमति नहीं ली, न ही उन्हें इसकी जानकारी दी गई। उनका मानना है कि यह डॉक्यूमेंट्री न केवल उनके बेटे की छवि को धूमिल कर सकती है, बल्कि हत्या से जुड़ी चल रही न्यायिक प्रक्रिया को भी प्रभावित कर सकती है। बलकौर सिंह का सबसे गंभीर आरोप यह है कि बीबीसी ने डॉक्यूमेंट्री में उन लोगों के इंटरव्यू शामिल किए हैं, जिनके नाम सिद्धू मूसेवाला की हत्या से जुड़ी एफआईआर में दर्ज हैं।

## ज्योतिर्मठ में कम्युनिटी रेडियो स्टेशन का शुभारंभ...



**चमोली।** ज्योतिर्मठ में पहले कम्युनिटी रेडियो स्टेशन आइबेक्स तराना, 88 .4 एफएम का थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने रविवार को उद्घाटन किया। उन्होंने गढ़वाल क्षेत्र की अग्रिम चौकियों का भी दौरा किया। उन्होंने जवानों से बातचीत करते हुए हौसलाआफजाई की और उनके समर्पण की सराहना कर सतर्कता बनाए रखने पर जोर दिया।

## जेल से रिहाई के बाद जुलूस में लगाए पाक के नारे, फिर हुए अंदर

एजेंसी ▶▶| वाराणसी

जिले की एक जेल से रिहा होने के बाद बिना अनुमति जुलूस निकालने के दौरान आपत्तिजनक नारे लगाए जाने पर आरोपी आबिद समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि इसके अलावा लापरवाही बरतने पर चौकी प्रभारी को निलंबित कर दिया गया। पुलिस उपायुक्त गौरव बंसवाल ने बताया कि शनिवार शाम को जेल से रिहा हुए आरोपी आबिद ने जुलुस निकाला, जिसमें उसके समर्थकों ने आपत्तिजनक नारे लगाए गए थे। उन्होंने बताया कि नारेबाजी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सार्वजनिक भी हुआ है।

## सुप्रीम कोर्ट ने तल्ख टिप्पणी करते हुए आईटीबीपी के जवान की बर्खास्तगी रखी बरकरार

# 'रक्षक ही बन गया लुटेरा', ऐसे कृत्य के लिए सुरक्षाबल में कोई जगह नहीं...

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने इंडो-तिब्बत बॉर्डर पुलिस (आईटीबीपी) के उस कांस्टेबल की बर्खास्तगी को बरकरार रखा है जिसने वेतन वितरण के लिए रखे गए कैश बॉक्स से पैसे चुरा लिए थे। मामले में अदालत ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा, 'जिसे सुरक्षा का जिम्मा दिया गया था, वही लुटेरा बन गया। ऐसे गंभीर कृत्य के लिए सुरक्षाबल में कोई जगह नहीं हो सकती। देश की सर्वोच्च अदालत ने आईटीबीपी के बर्खास्त कांस्टेबल की सेवा बहाली से इनकार कर दिया है। बता दें कि, कांस्टेबल को एक कैश बॉक्स की सुरक्षा का जिम्मा सौंपा गया था, जिसे तोड़कर उसने कैश चुराए और फरार हो गया। मामले में अदालत ने यह भी कहा कि यह एक गंभीर और चौंकाने वाली घटना है और ऐसे मामलों में जीविका का अधिकार जैसे तर्क काम नहीं आते।



### क्या है पूरा मामला?

आईटीबीपी के कांस्टेबल जगेश्वर सिंह को 4 और 5 जुलाई, 2005 की रात को कैश बॉक्स की सुरक्षा का जिम्मा सौंपा गया था। ये पैसे कंपनी के जवानों को वेतन के रूप में देने के लिए रखे गए थे लेकिन जगेश्वर सिंह ने इस भरोसे को तोड़ते हुए कैश बॉक्स का ताला तोड़ा, उसमें रखे लाखों रुपये चुराए और उन्हें पोस्ट से करीब 200 मीटर दूर छुपा कर फरार हो गया। जब कंपनी कमांडर को यह जानकारी मिली तो उन्होंने तत्काल सर्च ऑपरेशन चलाया, लेकिन जगेश्वर सिंह का कुछ पता नहीं चला। बाद में कमांडिंग ऑफिसर को सूचित किया गया और 6 जुलाई 2005 को एफआईआर दर्ज की गई। जांच और गिरफ्तारी के बाद जगेश्वर सिंह ने अपराध कबूल किया, जिसके आधार पर 14 नवंबर 2005 को उन्हें सेवा से बर्खास्त कर दिया गया।

### मामले हाईकोर्ट ने क्या कहा था?

जगेश्वर सिंह ने हाईकोर्ट में बर्खास्तगी को चुनौती दी और दावा किया कि उसका कबूलनामा दबाव में लिया गया था। हालांकि, अदालत ने यह दलील खारिज कर दी, लेकिन आईटीबीपी को सजा पर दोबारा विचार करने को कहा।

### सुप्रीम कोर्ट ने क्या दिया फैसला?

सुप्रीम कोर्ट की दो-न्यायाधीशों की पीठ, जिसमें जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह शामिल थे, ने हाईकोर्ट के उस आदेश को खारिज कर दिया जिसमें सजा पर पुनर्विचार करने को कहा गया था। अदालत ने कहा, 'जब कोई सुरक्षा बल का जवान ऐसा गंभीर और नैतिक पतन वाला अपराध करता है, तो उसे कड़ी से कड़ी सजा देना जरूरी होता है। ऐसे कर्मियों के लिए बल में कोई जगह नहीं होनी चाहिए। यह घटना सिर्फ चोरी नहीं है, बल्कि विश्वासघात भी है।'

### पुराने रिकॉर्ड भी खराब, नहीं मिली राहत

सुप्रीम कोर्ट ने यह भी ध्यान दिया कि आरोपी जगेश्वर सिंह का पिछला रिकॉर्ड भी अच्छा नहीं था। उनके खिलाफ पहले भी आठ बार अनुशासनात्मक कार्रवाई हो चुकी थी। हालांकि अदालत ने माना कि पिछले मामलों को सीधे मौजूदा मामले से जोड़ना सही नहीं होगा, लेकिन यह जरूर दिखाता है कि वह बार-बार अनुशासन तोड़ते रहे।

**भारत का ऐसा खौफ**

# पहली बार गुजरात से नहीं हुआ मछुआरों या बोट का अपहरण

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

■ **मछली पकड़ने का सीजन पूरा होने पर बोला मछुआरा संघ**

गुजरात के मछुआरों के मछली पकड़ने का सीजन 1 जून को पूरा हो गया है। इस बार मछली पकड़ने के सीजन में पहली बार पोरबंदर, जामनगर, द्वारका, जखौ समेत गुजरात से एक भी मछुआरे या मछली पकड़ने वाली बोट का अपहरण नहीं हुआ जिसका कारण भारत द्वारा पिछले कुछ समय से पाकिस्तान की हर हरकत का माकूल जवाब देना है जिसके डर से ही वह कोई दुस्साहस नहीं कर पाया जबकि हर साल वह कई लोगों को बेवजह पकड़कर जेल में डाल देता रहा। पोरबंदर सहित गुजरातभर के मछुआरों के लिए 1 जून से मछली पकड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

### आई जागरूकता, सीमा रेखा तक नहीं जाते मछुआरे

हालांकि जूंगी के मुताबिक अब मछुआरों और बोट मालिकों में भी जागरूकता आई है, इसलिए वे अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा तक मछली पकड़ने नहीं जाते। पाकिस्तानी एजेंसी को भी पता है कि अगर वे अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा पार कर भारतीय मछुआरों व बोटों का अपहरण कर सीमा रेखा का उल्लंघन करते हैं, तो भारत जवाबी कार्रवाई कर सकता है।

# एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिये योग की थीम पर होगा अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस

## जिला स्तर से लेकर पंचायत स्तर तक होंगे सामूहिक योग के कार्यक्रम

**जबलपुर।** ग्यारहवां अंतरराष्ट्रीय दिवस 21 जून को मनाया जायेगा। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर संपूर्ण प्रदेश में जिला स्तर से लेकर विकासखण्ड स्तर और ग्राम पंचायत स्तर तक सामूहिक योग के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग ने इस बारे में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किये हैं। जारी दिशा-निर्देशों में कहा गया है कि इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का एक दशक पूरा हो रहा है इसे देखते हुये अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के साथ-साथ काउंटडाउन एवं अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किये जायें। ज्ञात हो कि योग को वैश्विक पहचान दिलाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों के फलस्वरूप सयुंक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष 2015 में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया था। भारत सरकार द्वारा इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिये योग ( योगा फॉर वन अर्थ, वन नेशन) निर्धारित की गई है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा सभी विभागाध्यक्षों, सभी संभाग कमिश्नर एवं सभी जिलों के कलेक्टर को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के सबन्ध में जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रदेश में जिला स्तर और विकासखण्ड स्तर से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक आयोजित किये जाने वाले सामूहिक योग के कार्यक्रमों में सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों, पॉलिटेक्निक, आई टी आई एवं समस्त शासकीय एवं निजी विश्वविद्यालयों के छात्रों के अलावा




अन्य समस्त शैक्षणिक सस्थानों के विद्यार्थी भाग लेंगे। साथ ही योग सस्थानों, एनसीसी, एनएसएस, पुलिसकर्मियों, विभिन्न प्रशिक्षण संस्थान, शासकीय सेवकों, स्वयंसेवी संगठन, वाणिज्यिक एवं औद्योगिक संगठन तथा आम नागरिकों की सामूहिक योग कार्यक्रम में भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी। दिशा-निर्देशों में कहा गया है कि प्रदेश के समस्त शासकीय अथवा निजी संस्थाओं द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस में भाग लेने के लिए आयुष मंत्रालय, भारत सरकार, द्वाराप्रदाय लिंक में आयोजक के रूप में पंजीयन कराना होगा। जिससे भारत सरकार स्तर पर प्रदेश में आयोजन की संख्या निर्धारित हो सके। अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योग के कार्यक्रम प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर भी किये जायेंगे। सामान्य प्रशासन विभाग ने स्पष्ट किया है कि योग एक शारीरिक एवं आत्मिक किया है, जिसका किसी धर्म अथवा पंथ से कोई संबंध नहीं है। सामूहिक योग प्रदर्शन स्वैच्छिक होगा, किन्तु प्रदेश की समस्त शासकीय एवं अशासकीय शैक्षणिक संस्थाओं द्वारा इसे आवश्यक रूप से आयोजित किया जायेगा। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित किये जाने वाले सामूहिक योग के कार्यक्रमों में योगाभ्यास भारत सरकार के कॉमन योगा प्रोटोकॉल के अनुसार किया जायेगा। संपूर्ण प्रदेश में निम्नानुसार पल-प्रतिपल समय-सारणी अनुसार एक ही समय पर कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। तय समय सारिणी के अनुसारसुबह 6 बजे से 6.30 बजे तक स्थानीय कार्यक्रम एवं माननीय जनप्रतिनिधियों का उद्बोधन होगा। भोपाल से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के उद्बोधन का सीधा प्रसारण सुबह 6.30 बजे से 6.40 तथा विशाखापट्टनम से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के उद्बोधन का सीधा प्रसारण 6.40 बजे से 7 बजे तक होगा। सामान्य योग प्रोटोकॉल के अनुसार योगाभ्यास सुबह 7 बजे से 7.45 बजे तक किया जायेगा। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन को लेकर जारी किये गये निर्देशों में कहा गया है कि प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों एवं प्रमुख पर्यटन स्थलों पर वृहद आयोजन किया जाये। सभी नगर निगम, तहसील, विकासखण्ड, नगर पंचायत एवं ग्राम पंचायतों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में एक प्रमुख स्थान पर वृहद आयोजन किये जाये। ऐसेछात्र या शासकीय सेवक जो सामूहिक योग केवकार्यक्रम में भाग नहीं ले पा रहे हैं, वे अपनी शिक्षण संस्थाओं एवं कार्यालयों में ही योग कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकेंगे। दिशा निर्देशों में यह भी स्पष्ट किया गया है कि योग कार्यक्रम में भाग लेने के लिये किसी विशिष्ट रंग के परिधान की आवश्यकता नहीं है। प्रतिभागी सुविधा जनक परिधान यथा सफेद टी-शर्ट एवं लोवर या अन्य में योगाभ्यास कर सकते हैं। विधार्थी शाला गणवेश में भी आ सकते हैं।

## बिरसा मुण्डा शहादत दिवस पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आज

**जबलपुर।** अ.भा. आदिवासी शबरी महासंघ द्वारा अमर शहीद बिरसा मुण्डा के शहादत दिवस आज 9 जून को अधारताल तिराहा स्थित बिरसा मुण्डा की प्रतिमा स्थल पर पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 9.30 बजे किया गया है। इस मौके पर अतिथि वक्ता उनकी प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर उनके संघर्षपूर्ण जीवन पर व्याख्यान देंगे। कांग्रेसजनों एवं आदिवासी समाज के लोगों से कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील पूर्व राज्य मंत्री सुश्री कोशल्या गोंटिया ने की है।

## मेयर इन काउंसिल की बैठक आज

**जबलपुर।** मेयर इन कांउसिल की बैठक दिनांक 6 जून दिन शुक्रवार को अपरान्ह 4 बजे से आयोजित बैठक अपरिहार्य कारणवश यह बैठक अब 9 जून 2025 दिन सोमवार को शाम 6 बजे से निगम परिसर स्थित महापौर कक्ष में आयोजित की गई है। इस आशय की जानकारी मेयर इन कांउसिल के सचिव खूबचंद पांडेय के द्वारा दी गई है। इसी प्रकार 9 जून 2025 को अपरान्ह 3 बजे से रानीदुर्गावती बलिदान दिवस मनाने की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गयी है। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में नगर निगम के सभी वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ विभागीय प्रमुख, मित्र संघ, रानी दुर्गावती स्मृति रक्षा अभियान, मिलन एवं कार्पोरेशन एथलेटिक संघ के पदाधिकारी शामिल होगें।

## पावर मैनेजमेंट कंपनी चिकित्सालय में निःशुल्क पैथॉलाजी जांच आज

**जबलपुर।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के रामपुर स्थति चिकित्सालय में आज 9 जून को प्रातः 9 से शाम 4 बजे तक एक निजी पैथॉलाजी लेब के सहयोग से निःशुल्क पैथॉलाजी जांच शिविर का आयोजन किया गया है। निःशुल्क पैथॉलाजी जांच शिविर में कम्पलीट ब्लड काउंट, थायरॉयड प्रोफ़ाइल, एचबीए 1 सीए कम्पलीट लिपिड प्रोफ़ाइल, लिवर फंक्शन टेस्ट, किडनी फंक्शन टेस्ट किए जाएंगे। पावर मैनेजमेंट कंपनी के कार्मिक व उनके आश्रित उक्त सुविधा का लाभ बिना किसी भुगतान के ले सकेंगे। जांच के वक्त कार्मिक व उनके आश्रित को पावर मैनेजमेंट कंपनी की चिकित्सा पुस्तिका साथ लाना अनिवार्य होगा। ब्लड शुगर व लिपिड प्रोफाइल की जांच के लिए संबंधित व्यक्ति को खाली पेट आना आवश्यक होगा।

### भारत की पहली आधुनिक वाणी स्पीच एंड हियरिंग क्लिनिक का शुभारंभ

# संस्कारधानी वासियों को मिलेंगी आधुनिकतम श्रवण स्वास्थ्य सुविधाएं

**जबलपुर।**

जटिल से जटिल श्रवण समस्याओं का निदान अब एक ही छत के नीचे संभव है। संस्कारधानी ही नहीं समूचे भारत की सबसे आधुनिक क्लिनिक का शुभारंभ रविवार शाम को जबलपुर में हुआ। अतिथियों ने कहा कि यह क्लिनिक जबलपुर की शान बनेगा, इसने स्वास्थ्य सुविधाओं की दृष्टि से जबलपुर को महानगरों की श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया है। खास बात ये है कि यहां हर वर्ग स्वास्थ्य लाभ उठा सकता है, शासकीय योजनाओं का लाभ भी इस क्लिनिक के माध्यम से उठाया जा सकता है।वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. केके कौल ने फीता काटकर क्लिनिक का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इसे मध्यभारत का ही नहीं बल्कि समूचे भारत की आधुनिक क्लीनिक कहना गलत नहीं होगा। मेरी आशा है कि संस्कारधानीवासी और आसपास के लोग यहां आकर बेहतर स्वास्थ्य लाभ ले सकेंगे। यहां एक ही छत के नीचे उन्हें सारी सुविधाएं मिलेंगी। अतिथि विधायक लखन घनघोरिया ने कहा कि यह क्लिनिक जबलपुर के लिए



एक बड़ी सौगात है। अतिथि बीजेपी नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, पूर्व महापौर प्रभात साहू की विशेष उपस्थिति रही। रसल चौक, बराट रोड समदड़िया होटल के समीप स्थित क्लिनिक के शुभारंभ अवसर पर वरिष्ठ ऑडियोलॉजिस्ट व स्पीच लैंग्वेज पैथोलॉजिस्ट डॉ. विशाल मेहरा,अविनाश पवार, एमडी एंड सीईओ डबल्यू एस ऑडियोलॉजी, किशलय चक्रवर्ती, बिजनेस हेड सिग्निया, अक्षय गुप्ता असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट हिअर डॉट कॉम, मोहन स्वामी हेड ऑडियोलॉजिस्ट डबल्यू ऑडियोलॉजी, प्रोफेसर डॉ. श्रीनिवास दौरासला, ईएनटी सर्जन और प्रख्यात न्यूरोलॉजिस्ट के साथ ग्लोडेट यूनिवर्सिटी की फॉर्मर प्रोफेसर डॉ. संयोक्ता जायसवाल और वाणी स्पीच एंड हियरिंग क्लीनिक की एमडी डॉ सोनल मेहरा मौजूद रहीं।

## विशेष स्वास्थ्य शिविर में हुई निःशुल्क जांचे

**जबलपुर।** एक विशेष स्वास्थ्य शिविर जिसमें न केवल निःशुल्क कोलेस्ट्रॉल, शुगर, कैल्शियम, यूरिक एसिड के अलावा अन्य रक्त परीक्षण किए गए, बल्कि लोगों को रक्त परीक्षण के पूर्व सावधानी एवं किन स्थितियों में रक्त परीक्षण के परिणाम सही प्राप्त होते हैं इन सबकी जानकारी देकर जागरूक किया गया। डॉक्टर अक्षय तिवारी विशेषज्ञ पैथोलॉजी यूनिपेथ मेगा कैंप की टीम द्वारा यह विशिष्ट शिविर कान्यकुब्ज ब्राह्मण सभा भवन चेरीताल में कान्यकुब्ज ब्राह्मण महिला प्रकोष्ठ महिला प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित किया गया। साथ ही डॉक्टर स्नेहा मेठवानी स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा सर्वाइकल कैंसर पर महिलाओं को उसकी रोकथाम के लिए टीकाकरण जैसी जानकारी देकर जागरूक किया गया और उसके प्रचार प्रसार के लिए हर उपस्थित महिला को महिला को जिम्मेदारी सौंपी गई, क्योंकि बीमारी के पूर्व ही बीमारी की रोकथाम सही उपाय है। कान्यकुब्ज ब्राह्मण सभा महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष डॉ. आशा पांडे, डॉ. नमिता त्रिपाठी, डॉ. सरोज शुक्ला. मीरा अग्निहोत्री, अल्का मिश्रा, डीआर श्रद्धा तिवारी, सुजाता अग्निहोत्री, प्रियंका पांडे, रिचा मिश्रा, निधि तिवारी, सभा के पदाधिकारीगण केके शुक्ला, गिरीश अवस्थी ने इस शिविर में उपस्थित होकर जानकारी और परीक्षण के माध्यम से इस शिविर को सफल बनाया एवं खूब सराहना की।

# नकली कीटनाशक बनाने व बेचने वाले बड़े रैकेट का भंडाफोड़, मुख्य आरोपी गिरफ्तार

## विभिन्न राज्यों मे की गई छापेमारीः 2 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के नकली कृषि रसायन ज़ब्त

**जबलपुर।** तेलंगाना पुलिस ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए राजेंद्र चेचानी को गिरफ्तार किया है - जिसे राजू चेचानी के नाम से भी जाना जाता है, जो बड़े पैमाने पर नकली कीटनाशकों के रैकेट के मुख्य आरोपियों में से एक है। पुलिस ने स्थानीय पुलिस अधिकारियों के साथ समन्वित अभियान के दौरान 2 मई 2025 को राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले के बस्सी गांव स्थित उसके फार्महाउस से उसे गिरफ्तार किया। यह गिरफ्तारी भारत के कृषि क्षेत्र में नकली कीटनाशकों के बढ़ते खतरे को उजागर करती है, जहाँ भोले-भाले किसानों को अक्सर ऐसे उल्लंघनकर्ताओं द्वारा नकली उत्पादों के साथ धोखा दिया जाता है। ये नकली रसायन, हालांकि असली ब्रांड की तरह पैक किए जाते हैं, लेकिन अक्सर उनके हानिकारक या अप्रभावी अवयवों के कारण फसल को नुकसान पहुंचाते हैं जिसके कारण पैदावार कम होती है। नवीनतम गिरफ्तारी से कई राज्यों में फैली नकली कृषि रसायनों की आपूर्ति श्रृंखला में महत्वपूर्ण रूप से बाधा उत्पन्न होने की उम्मीद है। चेचानी पर आरोप है कि वह सात साल से भी ज़्यादा समय से इस तरह का एक जटिल अवैध व्यापार और अवैध नेटवर्क चला रहा है, जो भारत के 11 से ज़्यादा राज्यों में फैले अपने सहयोगियों के जरिए पूरे भारत में नकली कीटनाशकों का निर्माण और वितरण करता है। उसने दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में काम करने वाले सहयोगियों के एक बड़े नेटवर्क के ज़रिए प्रतिष्ठित एग्रोकेमिकल कंपनियों के लेबल वाले नकली उत्पाद सप्लाई किए। जांच में पता चला कि चेचानी की बस्सी में माहेश्वरी बीज एवं कीटनाशक नाम से एक दुकान भी है। वह कथित तौर पर देश भर में विभिन्न उल्लंघनकर्ताओं को पैकेजिंग सामग्री और तैयार नकली उत्पादों का प्रमुख आपूर्तिकर्ता था। यह गिरफ्तारी कीटनाशक अधिनियम के तहत एलबी नगर पुलिस स्टेशन में दर्ज एफआईआर संख्या 831/2024 से हुई है। जुलाई 2024 में हैदराबाद में एक उल्लंघनकर्ता ई राजेश के गोदाम से नकली कीटनाशकों की खोज के बाद। आगे की जांच में कई राज्यों में चेचानी के खिलाफ दर्ज कई आपराधिक मामलों का पता चला है, जो उसके ऑपरेशन की व्यापक पहुंच और बार-बार किए गए अपराधों को उजागर करता है।



## वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश की जिला बैठक एवं शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**जबलपुर।** वैश्य समाज को समरसता संगठन की सुदृढ़ता एवं सामाजिक जागरूकता के उद्देश्य के लिए आज वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश के जबलपुर जिले की जिला बैठक रविवार को होटल ग्रैंड समदड़िया, समदड़िया मॉल में आयोजित हुई। वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश की जिला बैठक एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम आज वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य एवं कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष संदेश जैन एवं महिला प्रदेश अध्यक्ष ज्योति जैन के विशिष्ट आतिथ्य, प्रदेश महामंत्री सुनील कोठारी एवं प्रदेश महामंत्री युवा अतुल चौरसिया बनारसी संभाग अध्यक्ष युवा जितेंद्र देव गुप्ता, महिला संभाग प्रभारी आभा साहू, महिला संभाग अध्यक्ष साधना बड़कुल के मार्गदर्शन में होटल ग्रैंड समदड़िया, समदड़िया मॉल में आयोजित हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश महामंत्री सुनील कोठारी ने की। बैठक में संदेश जैन, ज्योति जैन, सुनील कोठारी, राजेश अग्रवाल बबलू, अतुल चौरसिया बनारसी, अमित गुप्ता, आभा साहू, साधना बड़कुल, जितेंद्र देव गुप्ता, डॉ. शिशिर अग्रवाल, रश्मि पहारिया, आभा जैन, अंजू अग्रवाल, किरण माणिक,उपस्थित रहे।

# तहसील मुख्यालयों पर किसानों का प्रदर्शन 10 को

## उड़द, मूंग सहित अन्य फसलों का समर्थन मूल्य सुनिश्चित करने की मांग

**जबलपुर।**

उड़द मूंग की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी न होने के कारण प्रदेश के 16 से अधिक जिलों के किसान परेशान है। जिसको लेकर कुछ जिलों में किसानों ने स्वप्रेरणा से आंदोलन छेड़ रखा है। प्रदेश में किसानों के सबसे बड़े संगठन भारतीय किसान संघ ने रविवार को उड़द मूंग खरीदी विषय पर प्रदेश टोली की ऑनलाइन बैठक की। प्रदेश बैठक में हुए निर्णय के बारे में जानकारी देते हुए प्रदेश अध्यक्ष कमल सिंह आंजना ने बताया कि उड़द, मूंग सहित अन्य फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी सुनिश्चित करने की मांग को लेकर प्रदेश के सभी तहसील मुख्यालयों पर भारतीय किसान संघ धरना प्रदर्शन व ज्ञापन के कार्यक्रम आयोजित होंगे। हमारा यह प्रदर्शन शांतिपूर्ण तरीके से होगा। इसके बाद भी यदि सरकार नहीं सुनेगी तो प्रदेश के सभी जिला केंद्रों पर ट्रैक्टर रैली जैसे उग्र प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे। जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

### मंडी अधिनियम की धारा 36(3) का हो पालन

भारतीय किसान संघ के प्रदेश महामंत्री चंद्रकांत गौर ने बताया कि मंडी अधिनियम की धारा 36(3) के अनुसार मंडी प्रांगण में ऐसी कृषि उपज जिसका सरकार ने समर्थन मूल्य घोषित किया है। मंडी प्रांगण में उस उपज के नियत घोषित समर्थन मूल्य से कम पर बोली प्रारंभ नहीं होने दी जाएगी। इस प्रकार का आदेश पत्र पूर्व में नर्मदापुरम जिले में जारी किया जा चुका है। जिसकी प्रतिलिपि जारी करते हुए महामंत्री चंद्रकांत गौर ने कहा कि यदि सरकार उड़द मूंग की खरीदी नहीं करती है तो प्रदेश सरकार सभी जिलों के कलेक्टर को मंडी अधिनियम की धारा 36(3) का पालन सुनिश्चित कराने आदेश जारी करे।

### सोशल मीडिया से गांव-गांव पहुंचा आंदोलन

सोसल मीडिया पर जारी रील, पोस्टर आदि के माध्यम से उड़द मूंग खरीदी का आंदोलन गांव गांव पहुंच गया है। कृषि व किसान क्षेत्र के बड़े बड़े ब्लॉगर, इन्फ्लूएंसर द्वारा बनाई रील, गाने, नारे सोसल मीडिया के सभी प्लेटफार्म वॉट्सअप, फेसबुक, इंस्टाग्राम पर धमाल मचाए हैं। हजारों किसान उन पर सरकार के प्रति तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त भी कर रहे हैं। जनप्रतिनिधियों व राजनैतिक किसान नेताओं को खरी खोटी सुना रहे है।

### प्रदेश टोली बैठक में ये रहे शामिल

भारतीय किसान संघ की प्रदेश टोली बैठक में महाकौशल प्रांत से प्रधानमंत्री एमएसपी समिति के सदस्य प्रमोद चौधरी, अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख राघवेन्द्र सिंह पटेल, प्रांत महामंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, मालवा प्रांत से प्रदेश अध्यक्ष कमल सिंह आंजना, राजेंद्र शर्मा, मध्यभारत प्रांत से क्षेत्र संगठन मंत्री महेश चौधरी, प्रांत महामंत्री चंद्रकांत गौर, प्रांत संगठन मंत्री मनीष शर्मा शामिल रहे।



## भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ प्रदेश प्रभारी मालवीय के आगमन पर किया स्वागत

**जबलपुर।** गत दिवस नगर प्रवास के दौरान ज झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी राजकुमार मालवीय का जबलपुर ग्रामीण के द्वारा स्वागत किया गया। जिसमें भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक आशीष शुक्ला ने बताया कि भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक दीपक नाहर, जिला संयोजक ठाकुर बाबू सिंह,जगदीश चौहाटेल, शुभम ठाकुर, विपिन तंतुवाय, वि गति दिवस शेक द्विवेदी उपस्थित रहें। श्री मालवीय इसके पश्चात तेवर स्थित त्रिपुर सुंदरी मंदिर पहुचे और माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद भेड़ाघाट-धुआँधार पहुंचकर नौकाविहार का आनंद लिया फिर अंजनी धाम पहुंचकर हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद विशेष आग्रह पर डॉ सचिन बुधोलिया,के गृह प्रवेश कार्यक्रम में सम्मिलित होकर, शारदा चौक स्थित बेलेंशिंग रॉक पहुँचे।

## ऑउटसोर्स कर्मचारी न्यूनतम वेतन में कार्य करने मजबूर

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि जहां एक तरफ मंहगाई अपनी चरम सीमा पर है, वहीं सभी विभागों में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारी न्यूनतम वेतन 7-12 हजार रूपये में कार्य करने मजबूर हैं, जबकि इस मंहगाई के दौर में इतने कम वेतन में परिवार का लालन पोषण/ जीवकोपार्जन करना संभव नहीं हो पा रहा है। साथ ही भविष्य का कोई ठिकाना नहीं है। कभी भी इनकी सेवा समाप्त कर दी जाती है, आउटसोर्स एजेंसी भी मनमानी करती है। इनका वेतन भी समय पर नहीं हो पाता है जिससे इन अल्प वेतनभोगी आउटसोर्स कर्मचारियों को अत्यधिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। शासन प्रशासन को इस ओर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए एवं आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए उचित कदम उठाना चाहिए, जिससे इन्हें राहत मिल सके। संघ के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, शहीर मुमताज़, राजेश सहारिया, हेमंत ठाकरे, राकेश श्रीवास, दिनेश गोंड, रऊफ खान, आदि ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि आउटसोर्स कर्मचारियों को नियमिति करते हुए सभी सुविधाएं दी जाएं।

### अखिल भारतीय ब्राह्मण एकीकृत परिषद ने किया आयोजन

# विप्र समाज के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राएं सम्मानित

**जबलपुर।**

अखिल भारतीय ब्राह्मण एकीकृत परिषद द्वारा प्रति वर्षा अनुसार इस वर्ष भी 10वीं 12वीं के विप्र समाज के प्रतिभाशाली छात्र -छात्राओ को सम्मानित करने का कार्यक्रम रखा गया। उक्त गरिमामय कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज के लगभग 200 ब्राह्मण परिवारों के बच्चों को शहर के ख्याति प्राप्त अनुश्री होम्योपैथिक कॉलेज ग्रीन सिटी में आयोजित कार्यक्रम में जबलपुर जिले ही नहीं बल्कि अन्य जिलों व विभिन्न ग्रामों एवं तहसीलों से ब्राह्मण समाज के बच्चे व बच्चियां उक्त कार्यक्रम में अपने माता-पिता एवं परिजनों के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता पाटन क्षेत्र के विधायक



अजय बिश्नोई एवं पनागर विधानसभा से विधायक इंदु तिवारी सहित विशिष्ट अतिथि के रूप में विनोद गोंटिया पूर्व अध्यक्ष पर्यटन विकास निगम मध्य प्रदेश विशिष्ट अतिथि रहे। उक्त अवसर पर उत्तर मध्य क्षेत्र के विधायक अभिलाष पांडे द्वारा, अस्वस्थता के चलते, कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बच्चों को शुभकामनाएं एवं आशीष प्रदान किया गया। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज के पूर्व सैनिकों के शौर्य एवं उपलब्धियां के लिए उन्हें मंच के माध्यम से अतिथियों द्वारा प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्था के, जिला संरक्षक राम शंकर शुक्ला, पंडित संजय सरैया प्रदेश संगठन मंत्री, प्रदेश संरक्षक महिला प्रकोष्ठ श्रीमती सोनल तिवारी, संभागीय महासचिव पंडित श्याम सुंदर चौबे, संभागीय महासचिव कंचन तिवारी, जिला संभागीय संयोजक श्रीमती गीता अवस्थी, जिला अध्यक्ष ममता प्यासी जिला संयोजक रीना दीक्षित मानस मंजरी श्री मती मंजूषा शुक्ला, निशा तिवारी पूनम तिवारी, वंदना कटारे पुष्पा दुबे, दिशा चौबे शरद मिश्रा अभय शुक्ला श्री विनोद शर्मा, आशा झा, सरोज शर्मा, सविता रेनू उपाध्याय, ज्योति शुक्ला, शोभना मिश्रा, रंजना तिवारी, मनीषा पराशर,मंगल पांडे, मनीष अवस्थी दिनेश बाजपेई पंडित शक्ति शुक्ला पंडित विनय पाठक, राघवेन्द्र तिवारी सहित बड़ी संख्या में विभिन्न तहसीलों से अखिल भारतीय ब्राह्मण एकीकृत परिषद जबलपुर के पदाधिकारी, सदस्य एवं ब्राह्मण परिवार उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### एआई उपकरणों के लिए सैमसंग फाइनेंस प्लस पेश

**गुरुग्राम।** कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने डिजिटल लेंडिंग प्रोग्राम, सैमसंग फाइनेंस प्लस का विस्तार किया है। यह प्रोग्राम लोगों को सैमसंग के बीस्पोक एआई उपकरणोंआसानी से खरीदने में मदद करता है। बैंगलोर और दिल्ली में सैमसंग आरएंडडी इंस्टीट्यूट द्वारा बनाया गया, सैमसंग फाइनेंस प्लस फाइनेंसिंग का पूरी तरह डिजिटल और आसान अनुभव देता है, जिसमें 15 मिनट में लोन मिल जाता है। फाइनेंसिंग से ग्राहकों को सैमसंग के नए एआई-इनेबल्ड उपकरण जैसे रेफ्रिजरेटर्स, वाशिंग मशीनें और एयर कंडिशनर्स आसानी से मिलेंगे। सैमसंग फाइनेंस प्लस के लोन डीएमआई फाइनेंस जैसे बड़े वित्तीय संस्थानों के साथ मिलकर दिए जाते हैं।

### जल पुनः पूर्ति परियोजना की अमेजन ने की घोषणा

**नई दिल्ली।** अमेजन ने यमुना नदी के जलग्रहण क्षेत्र में अपनी पहली जल पुनःपूर्ति परियोजना की फंडिंग कर रहा है। यह जल संरक्षण परियोजनाओं के अमेजन के बढ़ते पोर्टफोलियो में जुड़ती है, जिसमें पप्रमुख झील बहाली के प्रयास और सामुदायिक जल समाधान शामिल हैं, जो 2020 से 1 मिलियन से अधिक लोगों को लाभान्वित कर रहे हैं। परियोजना के पूरा होने पर सालाना 400 मिलियन लीटर से अधिक पानी की पुनःपूर्ति होने की उम्मीद है अमेजन को 2027 तक भारत में समुदायों को प्रत्यक्ष संचालन में प्रगति करने में मदद करेगी।

### पैरामैट्रिक्स ने 50 फीसदी वार्षिक वृद्धि हासिल की

**मुंबई।** पैरामैट्रिक्स टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने छमाही और वित्तीय वर्ष 2025 के लिए अपने ऑडिटेड वित्तीय परिणाम प्रकाशित किए हैं। छमाही में कंपनी की कुल आय 16.60 करोड़, एबिटडा 4.96 करोड़, शुद्ध लाभ 3.41 करोड़, शुद्ध लाभ मार्जिन 20.54 फीसदी रहा। जबकि वित्त वर्ष में कंपनी की कुल आय 31.33 करोड़, एबिटडा 8.14 करोड़, एबिटडा मार्जिन 25.99 फीसदी, शुद्ध लाभ 5.76 करोड़ और शुद्ध लाभ मार्जिन 18.37 फीसदी रहा।

# अब वैध रिपोर्ट जारी नहीं कर सकती खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की प्रयोगशाला

**जिम्मेदारों की लापरवाहीः** खाद्य एवं औषधि प्रशासन की प्रयोगशाला की एनएबीएल की मान्यता हुई खत्म

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की ईदगाह हिल्स स्थित राज्य स्तरीय प्रयोगशाला अब अब अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार परीक्षण और कैलिब्रेशन करने के लिए योग्य नहीं है। क्योंकि इस प्रयोगशाला को प्राप्त एनएबीएल(नेशनल एक्रेडिटेशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग एंड कैलिब्रेशन लैबोरेटरीज) की मान्यता खत्म हो गई है। यह सब कुछ हुआ खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के जिम्मेदारों की लापरवाही की बदौलत। जानकारी के अनुसार के खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग को प्राप्त एनएबीएल की मान्यता 20 मई 2025 को खत्म हो गई। जबकि अधिकारियों इस संबंध में ज्ञात था कि राज्य स्तरीय प्रयोगशाला को प्राप्त एनएबीएल की मान्यता 20 मई 2025 तक है। अतः विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों ने उक्त मान्यता समाप्त होने के पूर्व इसके नवीनीकरण की कोई सकारात्मक पहल नहीं की। इस संबंध में विभाग के अधिकारियों से संपर्क साधा गया,

## पूरे प्रदेश के नमूनों की यहां की जाती है जांच




गौरतलब है कि खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की ईदगाह हिल्स स्थित राज्य स्तरीय प्रयोगशाला को खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 की धारा 47 के अनुसार नेशनल एक्रेडिटेशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग एंड कैलिब्रेशन लैबोरेटरीज(एनएबीएल ) प्राप्त करनी होती है। अतःअब एनएबीएल की मान्यता खत्म होने के बाद उक्त प्रयोगशालाएं वैध रिपोर्ट जारी नहीं कर सकती हैं। विभागीय सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं नियंत्रक खाद्य एवं औषधि विभाग में अधिकारियों की मनमानी एवं भ्रष्टाचार में लिप्तता के कारण पूरे शासकीय कार्य ठप्प पड़ गए हैं । खाद्य प्रयोगशाला में एनएवीएल का रजिस्ट्रेशन नियत दिनांक खत्म होने के बाद 20 मई 2025 से सैंपलों की जांच बंद कर दी गई है । कोई रिपोर्ट जारी नहीं हो रही है। इसका प्रभाव पूरे प्रदेश की जनता पर पड़ेगा, क्योंकि मध्य प्रदेश शासन की मिलावट की जांच करने के लिए भोपाल में मात्र एक राज्य खाद्य प्रयोगशाला है, जिससे पूरे प्रदेश के नमूनों की जांच की जाती है।

### वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा ध्यान नहीं दिए जाने के कारण रजिस्ट्रेशन निरस्त

*एनएबीएल पर वरिष्ठ अधिकारियों को ध्यान न देने के कारण रजिस्ट्रेशन निरस्त कर दिया गया है जिससे पुनः रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन दिया गया है , जब तक आवेदन का निराकरण नहीं होगा तब तक नमूनों की जांच नहीं की जा सकती है। आज तक का रिकॉर्ड रहा है कि खाद्य प्रयोगशाला में 14 दिन की नियत तारीख पर कभी रिपोर्ट नहीं भेजी जाती। अधिकारियों के लापरवाही तानाशाह पूर्ण रवैया के कारण रिपोर्ट 1 साल, 2 साल में भेजी जाती है जब तक बाजार से उठे हुए नमूने के भाग बेच दिए जाते हैं। आम जनता को मिलावटी खाद्य पदार्थ खाने से स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता है।*

### दोनों स्टोरों के भंडार में लाखों के गबन की आशंका

*समान प्रशासन विभाग द्वारा आदेशित किया गया है कि प्रदेश के समस्त अधिकारी 20 लाख से ऊपर की गाड़ियों पर नहीं चलेंगे, किंतु आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं नियंत्रक खाद्य एवं सब प्रशासन में अंधेरगर्दी मशहूर हुई ह। अभी भी कुछ अधिकारी इनोवा क्रिस्टा से नीचे की गाड़ी पसंद नहीं कर रहे हैं । राजनीतिक रसूख का लाभ उठाकर बड़ी लक्जरी गाड़ी में चलना आसान समझते हैं। जिससे शासन को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है अतः सरकार को इस पर भी प्रतिबंध लगाना चाहिए। इसी प्रकार से विभाग के मुख्यालय में सामान रखने के लिए दो स्टोर हैं, लेकिन दोनों स्टोर के समानों का भौतिक सत्यापन कम से कम 25 साल से नहीं हुए हैं। जिससे दोनों भंडार में लाखों के गवन की आशंका है।*

### विभाग में कोई भी पूर्णकालिक लेखाधिकारी नहीं

*विभाग में कोई भी पूर्णकालिक लेखाधिकारी न होने के कारण ज्यादा आर्थिक अंनियमिताएं हो रही है। साल में एक बार आडिट पार्टी आती है तो उन्हें ये लोग आपस में चंदा करके एक मुस्त अच्छा अमाउंट दे देते, जिससे ऑडिट पार्टी के लोग भी खुश रहते हैं और नो ऑब्जेक्शन की रिपोर्ट बना देते हैं।*

भोपाल डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसियेशन की साधारण सभा में निर्णय

# दूसरे के एरिया में माल बेचा तो कंपनी और डीलर दोनों की खैर नहीं, जीएसटी काउंसिल से संगठन करेगा शिकायत

***व्यापारिक, नगर निगम, यातायात पुलिस, प्रशासन और कंपनियों से संबंधित समस्याओं पर हुई चर्चा***

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल




ई-कॉमर्स या मॉडर्न ट्रेड वाली कंपनियों ने मार्केट में अपना माल दूसरे डिस्ट्रीब्यूटर के एरिया में बेचा तो इसकी शिकायत जीएसटी काउंसिल में की जाएगी। यह निर्णय भोपाल के एमपी नगर में हुई भोपाल डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन की वार्षिक साधारण सभा में लिया गया।

एमपी डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन अध्यक्ष सुनील जैन (501) की मौजूदगी में यह बैठक हुई। इसमें एग्जीक्यूटिव बॉडी के सभी सदस्य और सभी डिस्ट्रीब्यूटर्स मौजूद थे। अध्यक्ष जैन ने व्यापारिक, नगर निगम, यातायात पुलिस, प्रशासन और कंपनियों से संबंधित समस्याओं पर चर्चा की। इसके अलावा संस्था के नए नियम जैसे- चेक बाउंस होने पर पैनाल्टी का प्रावधान, दो बार से अधिक चेक बाउंस होने पर उस व्यापारी से अगली बार चेक ना लिए जाने के संबंध में, किसी भी डिस्ट्रीब्यूटर के स्टाफ द्वारा चोरी या गबन करने के पश्चात उस कर्मचारियों को किसी भी डिस्ट्रीब्यूटर के यहां नौकरी पर न रखने के संबंध में चर्चा भी शामिल हैं।

### नए नियमों से अवगत भी कराया

बैठक में नए नियमों से सदस्यों को अवगत कराया गया। इसके अलावा सदस्यता को बढ़ाना, ई-कॉमर्स, इनफील्ट्रेशन आदि समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील जैन 501,उपाध्यक्ष प्रेम प्रकाश मेहता, हरिओम, कोषाध्यक्ष अभिजीत सिंह ओबेरॉय, सह सचिव मनीष अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य दीपक मुल्तानी, ललित अग्रवाल, चंद्र भाई, अमित बढ़कूल, दिलीप, संजय राठी ने अपने विचार रखें। सभा में भोपाल डीलर्स एसोसिएशन के दो संरक्षक सदस्य राजेंद्र राजदेव एवं अर्जुनदास संगतानी का सम्मान भी हुआ। वहीं सभी सदस्यों को सदस्यता प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

### व्यापारी परेशान : एचडीएफसी बैंक और एक्सेस बैंक नहीं ले रहे छोटे नोट

भोपाल डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन उपाध्यक्ष प्रेम प्रकाश ने बतायाकि एचडीएफसी बैंक और एक्सिस बैंक की शाखाओं में छोटे नोट जैसे 10, 20, 50 और 100 रुपए के नोट जमा नहीं किए जा रहे है। व्यापारियों द्वारा छोटे नोट उक्त बैंक की शाखाएं नहीं ले रही है।जिससे उन्हें अपने व्यवसाय चलाने में कठिनाई हो रही है। यह स्थिति उन व्यापारियों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई, जिनके अकाउंट उक्त बैंकों में हैं। प्रेमप्रकाश कहाकि व्यापारियों को अपने ग्राहकों से भुगतान स्वीकार करने और अपने स्वयं के लेनदेन करने में कठिनाई हो रही है। उल्लेखनीय है कि व्यापारियों के लिए छोटे नोटों को स्वीकार करना आवश्यक है। बैंक अपनी नीति को समायोजित कर सकते हैं ताकि छोटे नोटों को स्वीकार किया जा सके।

# ताइवान के चाओयांग विवि से प्रो.अच्युत सामंत को मिली मानद डॉक्टरेट की उपाधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भुवनेश्वर



शिक्षाविद्, सामाजिक कार्यकर्ता और कीट- कीस के संस्थापक प्रोफेसर अच्युत सामंत को ताइवान के चाओयांग प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीडब्ल्यूयूटी) ने मानद डॉक्टरेट की डिग्री प्रदान की है। विश्वविद्यालय के वार्षिक दीक्षांत समारोह में प्रोफेसर अच्युत सामंत को औपचारिक रूप से यह मानद डॉक्टरेट की डिग्री प्रदान की गई । गौरतलब है कि यह प्रोफेसर अच्युत सामंत की 68वीं मानद डॉक्टरेट की डिग्री है। प्रोफेसर अच्युत सामंत को शिक्षा के माध्यम से समाज के विकास में उनके उत्कृष्ट व अभूतपूर्व योगदान के लिए इस मानद डॉक्टरेट की डिग्री से सम्मानित किया गया है। इसके लिए सीडब्ल्यूयूटी की अकादमी परिषद और प्रबंधन बोर्ड ने प्रोफेसर अच्युत सामंत के नाम की अनुशंसा की और सर्वसम्मति से प्रोफेसर अच्युत सामंत को डॉक्टरेट की मानद उपाधि देने का निर्णय लिया। वार्षिक दीक्षांत समारोह के दौरान प्रोफेसर अच्युत सामंत ने आभार प्रदर्शन में चाओयांग प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के छात्रों, शिक्षकों और अतिथियों को एक ओजस्वी भाषण दिया जिसमें उनकी असाधारण कामयाबी का श्रेय उनके पुरुषार्थ, तपस्वी और त्यागमय जीवन को जाता है। सम्मान प्राप्त करते हुए प्रोफेसर सामंत ने विश्वविद्यालय के अधिकारियों के प्रति विशेष रूप से आभार व्यक्त किया और कहा कि वे पिछले तीन दशकों से अधिक समय से शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में अथक परिश्रम कर रहे हैं। यह पुरस्कार भविष्य में उन्हें शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में काम करने के लिए और अधिक प्रेरित करेगा, प्रोफेसर अच्युत सामंत ने कहा। इस समारोह में विश्वविद्यालय के अध्यक्ष ताओ-मिंग चेंग सहित कई गणमान्य मेहमान, विद्वान और छात्र आदि उपस्थित थे।

### रिलायंस डिजिटल का 'शॉप एंड विन', 30 करोड़ रु. तक के इनाम



**मुंबई।** इंडिया के लीडिंग इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेलर, रिलायंस डिजिटल अपने आकर्षक शॉप एंड विन अभियान के लांच के साथ आपके शॉपिंग अनुभव को बनाने वाले हैं थोड़ा और मजेदार, यहां आपको मिलेगा एक ऐसा मौका जहां हर खरीदारी पर आप जीतेंगे बड़े इनाम। 31 अगस्त तक, रिलायंस डिजिटल स्टोर्स, माय जियो स्टोर्स और रिलायंस डिजिटल. इन पर ऑनलाइन खरीदारी करने वाले ग्राहकों को 30 करोड़ रुपए तक के इनाम जीतने का मौका मिलेगा। जिसमें 25 कार, 40 बाइक, 450 प्लस इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट्स,लैपटॉप और वॉशिंग मशीन खरीदने वालों के लिए निश्चित उपहार शामिल हैं। इसके अलावा 15 जून तक आईसीआईसीआई बैंक काड्र्स का उपयोग करके 15000 रुपए तक इंस्टंट डिस्काउंट का फायदा उठाएं. लैपटॉप खरीदने वालों को 1 करोड़ रुपए के प्राइज पूल से स्कॉलरशिप जीतने का भी मौका मिलेगा। मौका न चूकें, आज ही शॉपिंग करें और हर खरीदारी को जीत में बदलें।

### ड्यूकॉन की कुल आय 452.42 करोड़ रु.पहुंची

**मुंबई।** ड्यूकॉन इंफ्राटेक्नोलॉजीज़ लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही और पूरे वित्त वर्ष के लिए अपने ऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। वित्त वर्ष में कंपनी की कुल आय 452.42 करोड़ रही, एबिटडा 31.47 करोड़ रहा, शुद्ध लाभ 13.55 करोड़ रहा और शुद्ध लाभ मार्जिन 2.99 फीसदी रहा। जबकि चौथी तिमाही में कंपनी की कुल आय 119.33 करोड़ रही,एबिटडा 8.90 करोड़ रहा, शुद्ध लाभ 3.61 करोड़ रहा, शुद्ध लाभ मार्जिन 3.02 फीसदी रहा।

जियो टैगिंग में सुधार, सैटेलाइट सर्वे के माध्यम से भूमि सीमांकन में सुधार की मांग

# नए नियमों से परेशान 2 हजार क्रेशर आज से अनिश्चितकाल के लिए बंद, प्रदेशव्यापी हड़ताल

आज शहर में एकजुट होंगे प्रदेशभर के स्टोन क्रेशर संचालक

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल




जियो टैगिंग में सुधार की आवश्यकता होने के साथ सैटेलाइट सर्वे के माध्यम से भूमि सीमांकन में सुधार की मांग सहित नए नियमों से परेशान मध्यप्रदेश के 2 हजार क्रेशर संचालकों ने रविवार की रात से प्रदेशव्यापी हड़ताल पर चले गए हैं।जिसकी वजह से अब निर्माण सामग्री की आपूर्ति बाधित होगी। द स्टोन क्रेशर ऑनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह चावला ने बताया कि शुरू अनिश्चितकालीन हड़ताल को लेकर राजधानी भोपाल में सोमवार की दोपहर समूचे प्रदेश के स्टोन क्रेशर संचालक जुटेगें और इस नए नियम से उत्पन्न हो रही समस्याओं के संदर्भ में एक वृहद बैठक करेंगे। गौरतलब है कि प्रदेशभर के स्टोन क्रेशर संचालकों ने प्रमुख मांगों को लेकर यह हड़ताल शुरू की है, जिनमें खनन योजनाओं में रॉयल्टी बढ़ाने पर स्टाम्प ड्यूटी समाप्त करना, सैटेलाइट सर्वे के माध्यम से भूमि सीमांकन में सुधार और जियो टैगिंग में सुधार सहित अन्य मांगे शामिल है। उन्होंने कहाकि वर्तमान प्रणाली में खदान की वास्तविक स्थिति और सर्वे में अंतर के कारण अवैध उत्खनन के मामले बनते हैं, इसलिएसैटेलाइट सर्वे के माध्यम से भूमि सीमांकन में सुधार किया जाना आवश्यक है। ताकि पट्टे की भूमि के स्वीकृत क्षेत्र की विसंगतियां दूर हो सकें ।

### कूपर कॉर्पोरेशन का क्लीन एनर्जी इंजन अब हो गया है ग्लोबल

**नई दिल्ली।** कूपर कॉर्पोरेशन पूरी दुनिया में इंजन, इंजन के कल-पुर्जों और जनरेटर के निर्माण के लिए मशहूर है, जिसने बड़े गर्व के साथ गैस से चलने वाले जेनसेट की अपनी पहली बड़ी शिपमेंट अमेरिका को भेजने की घोषणा की। यह एक बड़ी उपलब्धि है जिससे पता चलता है कि कंपनी ने अमेरिका को बड़े पैमाने पर किए जाने वाले निर्यात की शुरुआत कर दी है। कंपनी आने वाले समय में 5 केवीए से 500केवीए तक के जेनसेट के निर्यात के लिए तैयार है, जिन्हें अमेरिकी पर्यावरण संरक्षण एजेंसी की ओर से मंजूरी दी गई है। कूपर जापान को भी अपने वी-ट्विन एलपीजी 10 केवीए जेनसेट का निर्यात कर रहा है ।

और इसके लिए कंपनी ने जापान की सिंफानिया को साझेदार बनाया है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इस विस्तार से पता चलता है कि, ग्लोबल पावर सॉल्यूशन इंडस्ट्री में कूपर की मौजूदगी लगातार बढ़ रही है।

**आवश्यकता**


आवश्यकता है- सीधी भर्ती नौकरी बैंक, एयरपोर्ट पोस्टमैन जिलानुसार लड़के-लड़कियां 8वी- ग्रेजुएट (30500-70500) फीस- 600/- (रहना खाना+ मेडिकल फ्री) आवेदन करें:- 7434907396 (भोपाल /08/मार्च 25)

अब आप पायेंगे अपना सच्चा हमसफर
**हरिभूमि वैवाहिकी**
प्रत्येक रविवार को प्रकाशित

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**छोटा लिंग निराश क्यों?**
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी,धातु का पतलापन,शुगर,बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

**हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें**
**मों. 9340637789**

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेंगी।

**वृष** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**तुला** — मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

**मकर** — क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

**कुंभ** — रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

**मीन** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

## शब्द पहेली - 5892

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | 4 | ■ | 5 | 6 | ■ | 7 | 8 |
| 9 | | 10 | ■ | 11 | 12 | ■ | 13 | 14 | ■ | |
| ■ | 15 | | 16 | ■ | 17 | 18 | ■ | 19 | 20 | ■ |
| 21 | ■ | 22 | | 23 | ■ | 24 | 25 | ■ | 26 | 27 |
| 28 | 29 | ■ | 30 | | 31 | ■ | 32 | 33 | ■ | |
| ■ | 34 | 35 | ■ | 36 | | 37 | ■ | 38 | 39 | ■ |
| 40 | ■ | 41 | 42 | ■ | 43 | | 44 | ■ | 45 | 46 |
| 47 | 48 | ■ | 49 | 50 | ■ | 51 | | 52 | ■ | |
| ■ | 53 | 54 | ■ | 55 | 56 | ■ | 57 | | 58 | ■ |
| 59 | ■ | 60 | 61 | ■ | 62 | 63 | ■ | 64 | | 65 |
| 66 | | ■ | 67 | | ■ | 68 | | ■ | 69 | |

**बाएँ से दाए**
1.उम्मीद,आशा-2
3.जी,चित्त-2
5.भस्म,खाक-2
7.जाल,फंदा-2
9.चिंतन,सोचना-3
11.ठाठ-बाट-2
13.क्रिकेट में बनते हैं-2
15.एक राशि-3
17.काया,बदन-2
19.एक विदेशी शराब-2
22.बोलने का तरीका-3
24.शालीन,सभ्य-2
26.बल,ताकत-2
28.भैंस जैसा एक पशु-2
30.पुत्री की पुत्री-3
32.कोर्ट में प्रस्तुत दावा-2
34.मोटा आटा-2
36.जुड़वा-3
38.आनंदित-2
41.नौकर,गुलाम-2
43.बूंद-3
45.लक्ष्मी,विष्णुप्रिया -2
47.जंगल,कानन-2
49.मेहंदी -2
51.दृष्टि,निगाह-3
53.बुरी आदत -2
55.बुढ़ापा -2
57.नमस्कार,प्रणाम -3
60.खुमार,सरूर -2
62.भीगा हुआ -2
64.पक्षाघात-3
66.चुनौती-2
67.ऋण,उधार -2
68.भूमि,जमीन-2
69.चस्का,बुरी आदत-2

**ऊपर से नीचे**
1.फलों का राजा-2
2.साजन,बलमा-3
4.खुमार-2
6.खच्चर,गधा-2
8.वहम,संदेह-2
10.अनुकृति-3
12.झुका हुआ-2
14.आदमी-2
16.वास करना-3
18.आकाश-2
20.घमंड-2
21.बदन-2
23.जातिवाद-3
25.पिघले पत्थर-2
27.रोग,-2
29.हाथ,टैक्स-2
31.लवण-3
33.ताकत-2
35.वचन-2
37.प्रयत्न-3
39.स्थिति -2
40.नवीन-2
42.सच्चा-2
44.राजा-3
46.हार-2
48.टौंटी-2
50.गुमान-2
52.पासों का खेल-3
54.काया-2
56.रात्रि-2
58.हुबहू-3
59. समय-2
61.सब्जी-2
63.गाड़ी-2
65.गैस-2

### शब्द पहेली- 5891 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | स | र | ग | ना | ■ | आ | म | रा | य | ■ |
| फि | ■ | न | ज | ला | ■ | फि | क | र | ■ | त |
| त | ल | ■ | ल | य | ■ | स | र | ■ | ला | ल |
| र | ह | ना | ■ | क | हा | र | ■ | ज | ल | वा |
| त | र | सा | ना | ■ | ति | ■ | ज | ल | च | र |
| ■ | ■ | ■ | र | ह | म | दि | ल | ■ | ■ | ■ |
| ब | ग | दा | द | ■ | ता | ■ | न | ज | रा | ना |
| र | म | ल | ■ | स | ई | स | ■ | प | ह | रा |
| ग | ला | ■ | स | दा | ■ | ल | स | ■ | त | य |
| द | ■ | ग | ली | चा | ■ | वा | न | र | ■ | ण |
| ■ | का | श्त | का | र | ■ | र | म | जा | न | ■ |

## सूडोकू नवताल - 5902

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | 3 |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | 7 | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| 6 | | | 2 | | | 7 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल - 5901 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |



# एटली की फिल्म में दीपिका की एंट्री से फैंस उत्साहित...

**मुंबई।** संदीप रेड्डी वांगा की प्रभास स्टारर फिल्म 'स्पिरिट' को छोड़ने के बाद अब दीपिका पादुकोण के हाथ एक बड़ी पैन इंडिया फिल्म लगी है। दीपिका की 'जवान' फेम निर्देशक एटली और अल्लू अर्जुन की फिल्म में एंट्री हुई है। आज दीपिका के अनाउंसमेंट का टीजर जारी किया गया। जिससे ये पता चलता है कि फिल्म में दीपिका एक योद्धा का किरदार निभाएंगी। इस दौरान वो तलवारबाजी और घुड़सवारी करती भी दिखेंगी। अभी फिल्म को 'AA22xA6' के नाम से जाना जा रहा है। अब 'स्पिरिट' से बाहर होने के बीच दीपिका के एटली-अल्लू की फिल्म में जुड़ने पर फैंस ने अलग-अलग प्रतिक्रियाएं दी हैं।

**लाइफ Style**

# सोनाक्षी वायरल की चपेट में आईं



अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा वायरल की चपेट में आ गई हैं। उन्हें बुखार के साथ-साथ खांसी भी है। अभिनेत्री ने आज रविवार को सोशल मीडिया पोस्ट के साथ फैंस को अपनी हेल्थ के बारे में अपडेट दिया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

पति जहीर इकबाल सोनाक्षी का खूब ख्याल रख रहे हैं और ख्याल रखने के साथ-साथ उन्हें हंसाने में भी कसर नहीं छोड़ रहे। सोनाक्षी सिन्हा ने आज रविवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है। इसमें वे सिर से मुंह तक तौलिया ढककर भाप लेती नजर आ रही हैं। खांस-खांसकर उनका बुरा हाल है। उन्होंने इस वीडियो के साथ मजेदार कैप्शन लिखा है, जिससे साफ है कि वे वायरल की चपेट में हैं। उन्होंने लिखा है, 'यह लड़की वायरल हो गई है'। वीडियो में सोनाक्षी के साथ उनके शौहर जहीर इकबाल को भी देखा जा सकता है। सोनाक्षी जब खांसते-खांसते भाप ले रही हैं तो जहीर गाना गुनगुना रहे हैं। सोनाक्षी की हंसी छूट जाती है, इसके बाद जहीर भी हंसने लगते हैं और सोनाक्षी को गले से लगाते हैं। कुल मिलाकर जहीर खूब अच्छे से सोनाक्षी की तीमारदारी में लगे हैं। सोनाक्षी के पोस्ट पर यूजर्स उनके जल्द ठीक होने की दुआ कर रहे हैं। साथ ही उन्हें ख्याल रखने की सलाह दे रहे हैं। सोनाक्षी और जहीर इकबाल की शादी को एक साल पूरा होने वाला है। कपल ने बीते वर्ष 23 जून को रजिस्टर्ड मैरिज की थी। सोनाक्षी के वर्क फ्रंट की बात करें तो वे जल्द ही फिल्म 'जटाधारा' में नजर आएंगी।

## हॉलीवुड मसाला

# वकीलों के बीच हुई बहस



**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड फिल्म निर्माता हार्वे वेनस्टीन का केस अभी भी अदालत में है। उन पर तीन महिलाओं ने दुष्कर्म का आरोप लगाया था। अदालत में इस मामले पर उनके और अभियोजन पक्ष की तरफ से पेश वकील के बीच बहस हुई है। हार्वे वेनस्टीन के वकील ने उन्हें 'मी टू' के दौरान झूठे आरोप वाला 'दोषी' बताया है। इसके उलट अभियोजक ने उनके यौन अपराधों के पुनर्विचार के दौरान जूरी सदस्यों से कहा कि वेनस्टीन ने कम रसूख वाली महिलाओं के साथ दुष्कर्म किया।



# टॉम हॉलैंड भारत में क्यों इतने मशहूर?

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एक्टर टॉम हॉलैंड पूरे 29 साल के हो गए हैं। मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के 'स्पाइडर मैन' के किरदार से पहचान बनाने वाले टॉम भारत में भी काफी मशहूर हैं। जब भी कभी स्पाइडर मैन जैसे सुपरहीरो का जिक्र होता है, तब जहन में हॉलीवुड एक्टर टॉम हॉलैंड का नाम सबसे पहले जहन में आता है। टॉम हॉलैंड ने इस कैरेक्टर में ऐसी जान फूंकी है कि बच्चे तो टॉम को असल का स्पाइडर मैन समझ लेते हैं। टॉम ने यूं तो अपने करियर में कई किरदार निभाए हैं लेकिन स्पाइडर मैन के नाम से उन्हें सबसे ज्यादा पॉपुलेरिटी मिली। दिलचस्प बात ये है कि टॉम सिर्फ हॉलीवुड में ही नहीं बल्कि भारत में भी काफी मशहूर हैं।



# डेट नाइट पर निकले राघव- परिणीति

**मुंबई।** अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं। अक्सर अपने निजी और प्रोफेशनल लाइफ के अपडेट वे यहां फैंस के साथ साझा करती हैं। रविवार को पोस्ट शेयर कर उन्होंने बताया कि वे पति राघव चड्ढा के साथ डेट नाइट पर हैं। दरअसल, परी और राघव फिलहाल पेरिस में हैं। वे फ्रेंच ओपन 2025 लाइव देख रहे हैं। परिणीति चोपड़ा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर कई पोस्ट शेयर किए हैं। इसी में उन्होंने अपडेट दिया है कि वे फ्रेंच ओपन में पति राघव चड्ढा के साथ डेट नाइट पर हैं। इसके साथ ही उन्होंने स्टेडियम से झलकियां भी शेयर की हैं। दरअसल, राघव और परी जानिक सिनर और कार्लोस अलकराज के बीच का मुकाबला देखने पहुंचे हैं।



# 'डिटेक्टिव' ओटीटी पर होगी रिलीज

**मुंबई।** पंजाबी सिंगर और एक्टर दिलजीत दोसांझ की आगामी फिल्म 'डिटेक्टिव शेरदिल' की रिलीज डेट का एलान हो गया है। यह फिल्म इसी महीने यानी जून में दर्शकों के बीच पहुंच रही है। मगर, फिल्म को सिनेमाघरों में नहीं, बल्कि सीधे ओटीटी पर रिलीज किया जा रहा है। इस फिल्म को अली अब्बास जफर ने प्रोड्यूस किया है। 'डिटेक्टिव शेरदिल' की रिलीज डेट काफी वक्त से अटकी हुई थी। करीब तीन साल की लेट-लतीफी के बाद आखिर रविवार की इसकी रिलीज डेट का ऐलान कर दिया गया है। अली अब्बास जफर ने फिल्म का पोस्टर रिलीज किया है। इसके साथ बताया है कि यह फिल्म 20 जून 2025 को रिलीज हो रही है। फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर स्ट्रीम होगी।

## टीवी मसाला

# बॉलीवुड एक्ट्रेस से कम नहीं है इन टीवी स्टार्स की कमाई


**मुंबई।** ये टीवी अभिनेत्रियां न सिर्फ अपनी एक्टिंग से दर्शकों का दिल जीत रही हैं, बल्कि उनकी कमाई भी बॉलीवुड की कई अभिनेत्रियों को कड़ी टक्कर देती है। इनकी मेहनत और लोकप्रियता का ये नतीजा है कि आज ये करोड़ों की मालकिन हैं। टीवी की दुनिया में कई अभिनेत्रियां अपनी शानदार एक्टिंग और लोकप्रियता के दम पर न सिर्फ फैंस का दिल जीत रही हैं, बल्कि उनकी कमाई भी बॉलीवुड सितारों को टक्कर देती है। आइए जानते हैं कुछ मशहूर टीवी अभिनेत्रियों की नेटवर्थ के बारे में...



**रूपाली गांगुली** : 'अनुपमा' फेम रूपाली गांगुली टीवी की सबसे पसंदीदा अभिनेत्रियों में से एक हैं। उनकी मेहनत और शो की लोकप्रियता ने उन्हें घर-घर में मशहूर कर दिया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, उनकी अनुमानित नेटवर्थ 20-25 करोड़ रुपये के आस पास है। वह प्रति एपिसोड लाखों रुपये चार्ज करती हैं।



**मौनी रॉय** : मौनी रॉय ने 'नागिन' जैसे शो से टीवी पर धमाल मचाया। वहीं अब वह बॉलीवुड में भी सक्रिय हैं। 'ब्रम्हास्त्र पार्ट 1' के अलावा वह हाल ही 'द भूतनी' में भी नजर आईं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, उनकी शानदार स्टाइल और एक्टिंग के दम पर उनकी नेटवर्थ लगभग 40-50 करोड़ रुपये बताई जाती है। वह टीवी और फिल्मों के साथ-साथ विज्ञापनों से भी अच्छी कमाई करती हैं।



**प्रियंका चाहर चौधरी** : 'उड़ारियां' शो से फेमस हुईं प्रियंका चाहर चौधरी की फैन फॉलोइंग जबरदस्त है। उनकी मेहनत और सोशल मीडिया प्रजेंस ने उनकी नेटवर्थ को करोड़ों तक पहुंचा दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, उनकी नेटवर्थ 10-15 करोड़ रुपये तक है। वह प्रति एपिसोड मोटी रकम वसूलती हैं।



**तेजस्वी प्रकाश** : 'नागिन 6' और 'बिग बॉस 15' की विनर तेजस्वी प्रकाश की लोकप्रियता आसमान छू रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, उनकी अनुमानित नेटवर्थ 15-20 करोड़ रुपये है। वह अपनी एक्टिंग के साथ-साथ ब्रांड एंडोर्समेंट से भी कमाई करती हैं।



**सुरभि ज्योति** : 'कुबूल है' और 'नागिन 3' जैसे शो से मशहूर सुरभि ज्योति आज टीवी की प्रसिद्ध अभिनेत्रियों में से एक हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, उनकी नेटवर्थ लगभग 10-12 करोड़ रुपये के आसपास है। उनकी खूबसूरती और टैलेंट ने उन्हें टीवी इंडस्ट्री में एक बड़ा नाम बनाया है।

# ईद पर शाहरुख के दीदार के लिए लगा हुजूम...

**मुंबई।** ईद के मौके पर शाहरुख खान के घर मन्नत के बाहर फैंस का हुजूम देखने को मिल रहा है। फैंस किंग खान के एक दीदार का इंतजार कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में लोगों को मन्नत के बाहर सुबह से ही खड़े होकर शाहरुख की एक झलक का इंतजार करते हुए देखा जा रहा है। बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान की दीवानगी किसी से भी छिपी नहीं है। हर त्योहार पर उनके प्रशंसक जिस तरह से उन्हें सर आंखों पर बिठाते हैं, उनकी एक झलक का इंतजार करते हैं। इस बार भी कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला जब ईद के मौके पर शाहरुख के मुंबई स्थित बंगले 'मन्नत' के बाहर फैंस का हुजूम उमड़ पड़ा।





### मन्नत के बाहर उमड़ी फैंस की भीड़

सुबह होते ही मन्नत के बाहर लोगों की भीड़ जमा होनी शुरू हो गई थी। कुछ फैन्स तो पूरी रात वहीं रुक गए, बस इस उम्मीद में कि त्योहार की इस खास घड़ी में किंग खान उन्हें बालकनी से एक झलक दे दें। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो और तस्वीरों में साफ देखा जा सकता है कि कैसे शाहरुख के चाहने वाले उनके घर के बाहर घंटों इंतजार करते नजर आ रहे हैं। ऐसा ही एक वीडियो पैपराजी पेज ताहिर जासूस पर भी पोस्ट किया गया जिसमें काफी फैंस लाइन से मन्नत के बाहर खड़े हैं।

### मन्नत के बाहर बना त्योहार का माहौल

बैंडस्टैंड स्थित शाहरुख के बंगले के बाहर जैसे ही सूरज चढ़ा, वैसे ही माहौल और रौनक बढ़ती चली गई। लोग अपने हाथों में पोस्टर, बैनर और शाहरुख के नाम की तख्तियां लिए नजर आ रहे हैं। इन सभी फैंस को उम्मीद है कि एक बार शाहरुख अपनी बालकनी पर आकर उन्हें अपने दीदार करा दें। कई फैंस ने शाहरुख के घर के बाहर से अपने-अपने फोन में रील बनाए।

# हनी सिंह ने फिर लिया रैपर बादशाह से पंगा, दुआ लीपा वाले विवादित बयान की सफाई पर कसा तंज

**मुंबई।** हाल ही में रैपर बादशाह अपने एक बयान को लेकर विवादों में आ गए हैं। अब दुआ लीपा पर दिए विवादित बयान पर रैपर ने सफाई दी तो हनी सिंह को वो रास नहीं आई। बॉलीवुड म्यूजिक इंडस्ट्री में एक बार फिर दो पुराने रैपर्स के बीच जुबानी जंग शुरू हो गई है। इस बार मामला है रैपर बादशाह के एक विवादित बयान और उस पर हनी सिंह की तीखी प्रतिक्रिया का। दुआ लीपा को लेकर दिए गए एक कमेंट के बाद पहले ही बादशाह सोशल मीडिया पर ट्रोल हो रहे थे और अब हनी सिंह के तंज ने इस विवाद को और बढ़ा दिया है।

***दुआ लीपा पर विवादित टिप्पणी :*** दरअसल बादशाह ने हाल ही में एक इंटरव्यू में इंटरनेशनल पॉप सिंगर दुआ लीपा के बारे में ऐसा बयान दिया, जो काफी आपत्तिजनक माना गया। उन्होंने कहा था कि वो उनके साथ बच्चे पैदा करना पसंद करेंगे। इस बयान को लेकर सोशल मीडिया पर काफी आलोचना हुई। मामला तूल पकड़ने के बाद बादशाह ने सफाई दी कि उनका इरादा तारीफ करने का था, न कि अपमान का। उन्होंने कहा, 'जब आप किसी महिला की तारीफ करना चाहते हैं, तो सबसे खूबसूरत तारीफ ये हो सकती है कि आप उन्हें अपने बच्चों की मां के रूप में देखना चाहें।'



### पुरानी दुश्मनी एक बार फिर गर्माई

गौरतलब है कि हनी सिंह और बादशाह कभी एक ही रैप ग्रुप 'माफिया मुंडीर' का हिस्सा थे, जिसमें इक्का, लिल गोलू और रफ्तार जैसे रैपर भी थे। लेकिन समय के साथ इनके बीच मतभेद बढ़े और ग्रुप टूट गया। तब से दोनों रैपर्स के बीच दरार बनी हुई है, जो सोशल मीडिया और इंटरव्यूज के जरिए कई बार सामने आ चुकी है।

### बादशाह ने हनी सिंह से मांगी थी माफी

2024 में देहरादून में एक लाइव कॉन्सर्ट के दौरान बादशाह ने मंच से यह कहकर सबको चौंका दिया था कि वे हनी सिंह से अपनी दुश्मनी खत्म करना चाहते हैं। उन्होंने कहा था कि वो बीती बातों को पीछे छोड़कर आगे बढ़ना चाहते हैं और हनी सिंह के लिए शुभकामनाएं भी दी थीं। लेकिन लगता है कि हनी सिंह अब भी इस रिश्ते को पहले की तरह ही देख रहे हैं और मेल-मिलाप के मूड में नहीं हैं।

## फिल्म '7 डॉग्स' के टीजर में दिखा दमदार अंदाज

# पहली इंटरनेशनल फिल्म से सामने आए सलमान-संजय के लुक

*मुंबई। बॉलीवुड के दो सुपरस्टार सलमान खान और संजय दत्त की पहली इंटरनेशनल फिल्म से दोनों स्टार्स की पहली झलक सामने आ गई है। सऊदी अरब की मच अवेटेड एक्शन-कॉमेडी फिल्म '7 डॉग्स' का टीजर सामने आ गया है। इस टीजर में बॉलीवुड के दो स्टार्स सलमान खान और संजय दत्त की भी पहली झलक देखने को मिली है। दोनों स्टार्स को उनकी पहली इंटरनेशनल फिल्म में देखकर लोग उत्साहित हैं। टीजर में दोनों स्टार्स दमदार अंदाज में नजर आए हैं।*

### दमदार अंदाज में नजर आए दोनों स्टार्स

'7 डॉग्स' आदिल एल अरबी और बिलाल फल्लाह द्वारा निर्देशित इंटरनेशनल फिल्म है। दोनों को 'बैड बॉयज फॉर लाइफ' और 'मिस मार्वल' के लिए जाना जाता है। टीजर में संजय दत्त जहां एक्शन करते नजर आए हैं। तो वहीं सलमान खान की भी एक दमदार झलक दिखी है। हालांकि, दोनों स्टार्स के किरदार का अभी खुलासा नहीं हुआ है।








### इंटरनेशनल क्राइम की कहानी दिखाती है फिल्म

इस फिल्म में अरब सिनेमा के पावरहाउस करीम अब्देल अजीज और अहमद एज हैं, जो मिस्र की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक 'किरा एंड एल गिन' की सफलता के बाद फिर से साथ आए हैं। इंटरनेशनल क्राइम की कहानी पर आधारित यह फिल्म इंटरपोल अधिकारी खालिद अल-अज्जाजी पर बेस्ड है, जो '7 डॉग्स' सिंडिकेट के सीनियर मेंबर गली अबू दाऊद को पकड़ता है। फिल्म की रिलीज डेट अभी सामने नहीं आई है। हालांकि, इसे इसी साल रिलीज होना है।

### *हाउसफुल 5' में नजर आए हैं संजय दत्त*

*सलमान खान और संजय दत्त के इससे इतर वर्कफ्रंट की बात करें तो सलमान खान आखिरी बार इसी साल रिलीज हुई फिल्म 'सिकंदर' में नजर आए थे। ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई कमाल नहीं दिखा पाई थी। जबकि संजय दत्त आज ही रिलीज हुई फिल्म 'हाउसफुल 5' में नजर आ रहे हैं। इससे पहले वो इसी साल आई फिल्म 'द भूतनी' में भी प्रमुख भूमिका में दिखाई दिए थे।*

फ्रेंच ओपन

# सारा-जैस्मीन महिला युगल चैंपियन ग्रैनोलर्स-जेबालोस ने जीता खिताब

## इरानी का छठा ग्रैंड स्लैम जबकि दूसरा फ्रेंच ओपन खिताब

एजेंसी ⏭ पेरिस

ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता सारा इरानी और जैस्मीन पाओलिनी की इटली की जोड़ी ने पहली बार फ्रेंच ओपन महिला युगल खिताब जीता। वहीं पुरुष युगल में मार्सेल ग्रानोलर्स और होरासियो जेबालोस की जोड़ी उम्र को धता बताते हुए चैंपियन बनी। पिछले साल की उपविजेता रही दूसरी वरीयता प्राप्त इरानी और पाओलिनी ने रविवार को अन्ना डैनिलिना और अलेक्जेंड्रा क्रुनिक को 6-4, 2-6, 6-1 से हराया। इटली की इस जोड़ी ने पिछले साल इसी स्थल पर ओलंपिक का स्वर्ण पदक जीता था।

यह इरानी का महिला युगल में छठा ग्रैंड स्लैम जबकि दूसरा फ्रेंच ओपन खिताब है। इस 38 वर्षीय खिलाड़ी ने इससे पहले रॉबर्टा विंची के साथ एक बेहद सफल जोड़ी बनाकर अमेरिकी ओपन, विंबलडन और ऑस्ट्रेलियन ओपन में खिताबी जीत दर्ज की थी। इरानी के लिए यह फ्रेंच ओपन में इस साल का दूसरा खिताब है। उन्होंने इससे पहले एन्ड्रा वावसोरी के साथ मिश्रित युगल खिताब भी जीता है। पाओलिनी एकल वर्ग की शानदार खिलाड़ी हैं। वह पिछले साल इस क्ले-कोर्ट ग्रैंड स्लैम में उपविजेता रहीं थी।



### ग्रैनोलर्स-जेबालोस को पहली बार मिली सफलता



पुरुष युगल में स्पेन के 39 वर्षीय ग्रैनोलर्स और अर्जेंटीना के 40 वर्षीय जेबालोस की जोड़ी चौथी बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची थी और पहली बार चैंपियन बनने में सफल रही। फ्रेंच ओपन में पांचवी वरीयता प्राप्त इस जोड़ी ने फाइनल में जो सैलिसबरी और नील स्कूप्स्की की ब्रिटिश जोड़ी को 6-0, 6-7 (5), 7-5 से हराया। ग्रैनोलर्स और जेबालोस 2019 में अमेरिकी ओपन और 2021 और 2023 में विंबलडन में उपविजेता रहे थे। सेलिसबरी और स्कूप्स्की ओपन युग में ग्रैंड स्लैम पुरुष युगल फाइनल में पहुंचने वाली पहली ब्रिटिश जोड़ी थी।

### टैगर और मैकडोनाल्ड को जूनियर खिताब



ऑस्ट्रिया की लिली टैगर ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एक भी सेट गंवाए बिना फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में लड़कियों का एकल खिताब जीता। पहली बार फ्रेंच ओपन के जूनियर वर्ग में खेल रही 17 वर्षीय टैगर ने शनिवार को फाइनल में ब्रिटेन की आठवीं वरीयता प्राप्त हन्ना क्लुगमैन को 6-2, 6-0 से हराया। टैगर ने पांच ब्रेक प्वाइंट बचाए तथा 19 विनर्स लगाए। वह फ्रेंच ओपन में जूनियर एकल खिताब जीतने वाली पहली ऑस्ट्रियाई खिलाड़ी हैं। लड़कों के एकल वर्ग के फाइनल में नील्स मैकडोनाल्ड ने जर्मनी के हम वतन खिलाड़ी मैक्स शोनेहॉस के खिलाफ़ तीन सेट तक चले मुकाबले में 6-7 (5), 6-0, 6-3 से जीत हासिल की। मैकडोनाल्ड 2014 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में जूनियर खिताब जीतने वाले अलेक्जेंडर ज़्वेरेव के बाद जर्मनी के पहले ऐसे खिलाड़ी है जिन्होंने किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में लड़कों का एकल खिताब जीता।

फुटबॉल

## केन ने गोल कर एंडोरा के खिलाफ इंग्लैंड को शर्मसार होने से बचाया



एजेंसी ⏭ बार्सिलोना

इंग्लैंड ने कुछ विषम पलों से गुजरने के बाद हैरी केन के दूसरे हाफ में किए गए गोल की मदद से विश्व कप फुटबॉल के यूरोपीय क्वालीफाइंग मैच में एंडोरा पर 1-0 से जीत दर्ज की।

इंग्लैंड ने इस जीत से हालांकि अपना विजय अभियान जारी रखा। यह उसकी लगातार तीसरी जीत है जिससे उसके नौ अंक हो गए हैं और वह ग्रुप के में शीर्ष पर काबिज है। इंग्लैंड की टीम विश्व में 173वें स्थान पर काबिज टीम के सामने तब तक गोल नहीं कर सकी जब तक कि 50वें मिनट में नोनी मदुके के पास को केन ने गोल में नहीं बदल दिया। केन का इंग्लैंड की तरफ से यह 106 मैच में 72वां गोल था।

केन ने कहा, 'हमें निश्चित रूप से बेहतर प्रदर्शन करना होगा। यह ऐसा प्रदर्शन नहीं है जिसे बहुत से लोग याद रखेंगे। हमें खुशी है कि हम तीन अंक हासिल करने में सफल रहे।'

### टाइगर्स ने नागपुर टाइटंस को हराया



*नागपुर। ऑरेंज टाइगर्स ने रविवार को यहां डकवर्थ-लुईस पद्धति के तहत नागपुर टाइटंस को आठ विकेट से हराकर विदर्भ प्रो टी20 लीग में दूसरी जीत दर्ज की। नागपुर टाइटंस के पहले बल्लेबाजी करते हुए शुभमन दुबे की 38 गेंद में 52 रन की पारी की मदद से छह विकेट पर 153 रन बनाए। कप्तान जगजोत सासन ने भी 30 गेंद में 34 रन की उपयोगी पारी खेली। इसके जवाब में ऑरेंज टाइगर्स ने रोहित बिनकर की 39 गेंद में नाबाद 62 रन की पारी की बदौलत 13.4 ओवर में दो विकेट पर 116 रन बनाकर डकवर्थ-लुईस पद्धति के तहत आसान जीत दर्ज की।*

## खबर संक्षेप



### हलार ने एसपीएल का पहला मैच जीता

**राजकोट।** भारतीय तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट की अगुवाई वाली अनमोल किंग्स हलार ने यहां सौराष्ट्र प्रो टी20 लीग के उद्घाटन मैच में आर्यन सोरथ लायंस को छह विकेट से हरा दिया। आर्यन सोरठ लायंस ने कप्तान प्रेरक मांकड़ के 44 गेंदों पर 66 रन की मदद से 20 ओवर में आठ विकेट पर 162 रन बनाए। अनमोल किंग्स हलार ने चार विकेट खोकर आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया। अनमोल किंग्स की तरफ से सिद्धांत राणा ने 38 गेंदों पर तीन चौकों और छह छक्कों की मदद से 68 रन जबकि पार्श्वराज राणा ने 38 गेंदों पर छह चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 58 रन बनाए।

### मुंबई लीग के अंतिम-4 में पहुंचा ब्लास्टर्स

**मुंबई।** बांद्रा ब्लास्टर्स ने रविवार को यहां एमएससी मराठा रॉयल्स को आठ विकेट से हराकर टी20 मुंबई लीग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। ब्लास्टर्स सेमीफाइनल में पहुंचने वाली चौथी और अंतिम टीम है।




ईगल थाने स्ट्राइकर्स, सोबो मुंबई फाल्कन्स और एमएससी मराठा रॉयल्स ने पहले ही अंतिम चार का टिकट पक्का कर लिया है। जीत के लिए 151 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पारकर और औती ने पहले विकेट के लिए 64 गेंद में 118 रन की आक्रामक साझेदारी कर ब्लास्टर्स को मजबूत शुरुआत दिलाई।

### तलवार का स्विटजरलैंड में अच्छा प्रदर्शन जारी

**ल्यूसर्न।** भारत के सप्तक तलवार ने अंतिम पांच होल में चार बर्डी के साथ तीसरे दौर में तीन अंडर 68 का कार्ड खेला जिससे वह यहां स्विस चैलेंज गोल्फ टूर्नामेंट में



संयुक्त 16वें स्थान पर पहुंच गए। तलवार ने पहले दो दिन 69-69 का स्कोर बनाया था। तीसरे दौर के बाद उनका कुल स्कोर सात अंडर हो गया है और वह शीर्ष पर काबिज स्वीडन के टोबियास जोनसन से छह शॉट पीछे हैं, जिन्होंने तीसरे दिन 67 का स्कोर बनाया था। गोल्फ़ सेम्पाच में तलवार ने 13वें होल में दिन की एकमात्र बोगी की। इसके बाद उन्होंने हालांकि शानदार वापसी करके आखिरी पांच होल में चार बर्डी लगाई।

## जूनियर महिला हॉकी टीम ने बेल्जियम को 3-2 से हराया

एजेंसी ⏭ एंटवर्प

भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने रविवार को यहां मेजबान बेल्जियम पर 3-2 से जीत के साथ अपने यूरोप दौरे की सकारात्मक शुरुआत की। भारत ने गीता यादव (11वें मिनट) के गोल से बढ़त बनाई। हालांकि दूसरे क्वार्टर में बेल्जियम ने मैरी गोएन्स (25वें मिनट) के गोल से बराबरी हासिल कर ली। जल्द ही बेल्जियम ने लुईस वैन हेके (34वें मिनट) के गोल की मदद से स्कोर 2-1 कर दिया।भारत ने इसके बाद वापसी की और सोनम (40वें मिनट) के गोल से स्कोर 2-2 कर दिया। मेहमान टीम ने लगातार हमले जारी रखे और उनकी रणनीति कारगर साबित हुई जब उन्हें पेनल्टी कॉर्नर मिला और लालथंतलुआंगी (45वें मिनट) ने इसे गोल में



बदलकर भारत को 3-2 से आगे कर दिया जो निर्णायक स्कोर साबित हुआ। इसके बाद भारतीय टीम ने मजबूत डिफेंस के साथ बेल्जियम को बराबरी हासिल नहीं करने दी। भारत अपने यूरोपीय दौरे के दूसरे मैच में 10 जून को फिर बेल्जियम से खेलेगा।

### पाकिस्तान नेशंस कप के लिए भेजेगा राष्ट्रीय टीम

**कराची।** नकदी की कमी का सामना कर रहा पाकिस्तान हॉकी महासंघ 15 से 21 जून तक मलेशिया के कुआलालंपुर में होने वाले एफआईएच नेशंस कप के लिए अपनी राष्ट्रीय टीम भेजेगा। पीएचएफ सचिव राणा मुजाहिद ने कहा कि महासंघ के अध्यक्ष मीर तारिक बुगती ने सरकार से अनुदान, प्रायोजन और यहां तक कि व्यक्तिगत दान प्राप्त किया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सीनियर टीम कैलेंडर वर्ष में अपने सभी अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में खेल सके। इस पूर्व ओलंपियन ने कहा, 'पीएचएफ वित्तीय संकट से गुजर रहा है लेकिन हम किसी तरह काम चला रहे हैं क्योंकि जब तक हमारे खिलाड़ी नियमित रूप से प्रतिस्पर्धा नहीं करेंगे वे कभी आगे नहीं बढ़ पाएंगे।'

## भारतीय टीम ने इंग्लैंड में शुरू किया अभ्यास

एजेंसी ⏭ लंदन

भारतीय क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से लीड्स में शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले लॉर्ड्स में अभ्यास करके दौरे की शुरुआत की।

**गिल भारत के 37वें टेस्ट कप्तान**

जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह की तेज गेंदबाजी चौकड़ी के अलावा नवनियुक्त कप्तान शुभमन गिल, ऋषभ पंत और ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने मुख्य कोच गौतम गंभीर के मार्गदर्शन में अभ्यास किया।

रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गजों के संन्यास लेने के बाद गिल को भारत का 37वां टेस्ट कप्तान बनाया गया। वह एक अपेक्षाकृत युवा टीम की अगुआई कर रहे हैं जिसका लक्ष्य 2007 के बाद से



इंग्लैंड में अपनी पहली टेस्ट श्रृंखला जीतना है। श्रृंखला हेडिंग्ले में शुरू होगी जिसके बाद एजबेस्टन, लॉर्ड्स, ओल्ड ट्रैफर्ड और ओवल में टेस्ट मैच खेले जाएंगे। भारतीय टेस्ट टीम में शामिल कुछ खिलाड़ी अभी भारत ए की तरफ से नॉर्थम्पटन में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दूसरे अनधिकृत टेस्ट मैच में खेल रहे हैं।

ताइवान ओपन एथलेटिक्स

## भारत ने दूसरे दिन भी छह स्वर्ण जीत किया अभियान का समापन




एजेंसी ⏭ ताइपे सिटी

भारत ने रविवार को ताइवान ओपन अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दूसरे और अंतिम दिन दबदबा बनाते हुए महिलाओं के 800 मीटर फाइनल और लंबी कूद प्रतियोगिता में दोहरे पदक सहित छह स्वर्ण पदक जीते। तीन बार की राष्ट्रीय चैंपियन विथ्या रामराज, रोहित यादव, पूजा, अन्नू रानी और कृष्ण कुमार ने अपने-अपने मुकाबलों में स्वर्ण पदक जीते जिससे भारतीय दल ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

संतोष टी, विशाल टीके, धर्मवीर चौधरी और मनु टीएस की पुरुष चार गुणा 400 मीटर रिले टीम ने भी तीन मिनट 5.58 सेकेंड के चैंपियनशिप रिकॉर्ड समय के साथ स्वर्ण पदक जीतते हुए भारत के अभियान का सकारात्मक अंत किया। यशास पलाक्ष ने पुरुषों की 400 मीटर बाधा दौड़ में 42.22 सेकंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ रजत पदक जीता। इस परिणाम से 2025 एशियाई चैंपियनशिप से चूकने के बाद उनके आत्मविश्वास को बढ़ावा मिलेगा।

### विथ्या, रोहित पूजा बने चैंपियन

विथ्या ने महिलाओं की 400 मीटर बाधा दौड़ में 56.53 सेकंड का समय लेकर स्वर्ण पदक जीता जो इस साल का उनका तीसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। रोहित पुरुषों की भाला फेंक प्रतियोगिता में 75 मीटर का आंकड़ा पार नहीं कर सके लेकिन 74.42 मीटर का उनका सर्वश्रेष्ठ प्रयास उन्हें इस स्पर्धा में स्वर्ण पदक दिलाने के लिए पर्याप्त था। पूजा ने महिलाओं के 800 मीटर फाइनल में दो मिनट 2.79 सेकेंड के चैंपियनशिप रिकॉर्ड समय के साथ जीत हासिल की और हमवतन ट्विंकल चौधरी को पीछे छोड़ दिया जिन्होंने दो मिनट 6.96 सेकेंड के समय से रजत पदक जीता।

### कृष्ण 800 मीटर दौड़ के विजेता

कृष्ण कुमार ने पुरुषों के 800 मीटर फाइनल में एक मिनट 48.46 सेकंड के समय के साथ शीर्ष स्थान हासिल की। उनका यह प्रदर्शन नया चैंपियनशिप रिकॉर्ड भी है। महिलाओं की भाला फेंक स्पर्धा के फाइनल में अन्नू रानी ने 56.82 मीटर के प्रयास से स्वर्ण पदक जीता। महिलाओं की लंबी कूद स्पर्धा में भारत की शैली सिंह (6.41 मीटर) और ऐंसी सोजन (6.39 मीटर) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते। ऑस्ट्रेलिया की डेल्टा अमिडजोवस्की (6.49 मीटर) ने स्वर्ण पदक जीता।

## इंग्लैंड महिला टीम ने वेस्टइंडीज का 3-0 से से किया सूपड़ा साफ

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम ने पहले ही शुरुआती दो मैच जीत सीरीज अपने नाम कर ली थी। अब इस टीम ने रविवार को वेस्टइंडीज को तीसरे मैच में मात दे उसका सूपड़ा साफ कर दिया है और 3-0 से सीरीज पर कब्जा किया है। टॉस जीतने के बाद पहले गेंदबाजी चुनने वाली इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को बड़ा स्कोर नहीं करने दिया और बारिश से बाधित मैच में 21 ओवरों में आठ विकेट खोकर 121 रन ही बनाने दिए। इंग्लैंड ने महज 10.5 ओवरों में एक विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।




इंग्लैंड की कप्तान नेट सिवर ब्रंट ने शानदार अर्धशतक जमाया। उन्होंने 33 गेंदों पर नौ चौकों की मदद से नाबाद 57 रन बनाए। एलिस कैप्सी 20 रन बनाकर नाबाद रहीं। सोफी 21 गेंदों पर चार चौकों की मदद से 26 रन बनाकर आउट हो गईं। उनके बाद एलिस कैप्सी ने ब्रंट के साथ मिलकर टीम को जीत दिलाई। दोनों के बीच 69 रनों की साझेदारी हुई। कैप्सी ने 11 गेंदों पर 20 रन बनाए।

## म्यूनिख विश्व कपः कुसाले-इलावेनिल की वापसी, आदित्य और निशांत नए चेहरे

एजेंसी ⏭ म्यूनिख

वापसी कर रहे पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता निशानेबाज स्वप्निल कुसाले और इलावेनिल वलारिवान मंगलवार से यहां शुरू हो रहे सत्र के तीसरे आईएसएसएफ विश्व कप में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे। विश्व कप में कई अंतरराष्ट्रीय सितारे हिस्सा लेंगे। कुसाले ने घरेलू सर्किट में अच्छे प्रदर्शन के दम पर पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (थ्री पी) स्पर्धा में वापसी की।

दो बार की ओलंपियन इलावेनिल पेरिस के बाद पहली बार अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में नजर आएंगी। हालांकि वह आरपीओ निशानेबाज के तौर पर ब्यूनस आयर्स और लीमा गई थीं। महिला एयर



पिस्टल में एशियाई खेलों की मौजूदा चैंपियन पलक की भी टीम में वापसी हुई है। हाल ही में महिला एयर राइफल राष्ट्रीय चैंपियन बनी अनन्या नायडू जैसे कुछ निशानेबाज विश्व कप में पदार्पण करेंगे। पुरुष एयर पिस्टल में आदित्य मालरा और निशांत रावत के रूप में दो नए चेहरे होंगे क्योंकि भारत इस साल के अंत में बड़ी चुनौतियों से पहले इन दो स्पर्धाओं में अपनी गहराई को परखने की कोशिश करेगा।

### 78 देशों के 695 निशानेबाज देंगे चुनौती

विश्व कप में 78 देशों के ओलंपिक और विश्व चैंपियन तथा खेल के दिग्गजों सहित कुल 695 निशानेबाज भाग लेंगे। इस सत्र की शुरुआत दक्षिण अमेरिका में दो प्रतियोगिताओं के साथ हुई थी जिसमें भारतीय राइफल और पिस्टल निशानेबाजों ने छह स्वर्ण सहित 15 पदक जीते जिससे टीम अंक तालिका में क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रही। हालांकि म्यूनिख चरण में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ निशानेबाजों की मौजूदगी को देखते हुए काफी कड़ी चुनौती होगी। चीन के दिग्गज निशानेबाज ली यूहोंग और 20 साल के शेंग लिहाओ प्रतियोगिता में चुनौती पेश करेंगे।

नीदरलैंड के खिलाफ एफआईएच प्रो लीग का मुकाबला आज

## मैच के आखिरी क्षणों में गोल खाने से बचेगा भारत

एजेंसी ⏭ एम्सटलवीन

भारतीय पुरुष हॉकी टीम को अगर नीदरलैंड के खिलाफ वापसी करनी है और एफआईएच प्रो लीग में शीर्ष स्थान की दौड़ में बने रहना है तो उसे सोमवार को यहां होने वाले महत्वपूर्ण मैच में आखिरी क्षणों में गोल खाने से बचना होगा। भारत शनिवार को नीदरलैंड के खिलाफ 1-2 से हार के बाद प्रो लीग तालिका में चौथे स्थान पर खिसक गया है।

नीदरलैंड नौ मैचों में 17 अंक लेकर शीर्ष पर है। उसके बाद इंग्लैंड (आठ मैचों में 16 अंक), बेल्जियम (आठ मैचों में 16 अंक) और भारत (नौ मैचों में 15 अंक) का नंबर आता है। प्रो लीग का यूरोपीय चरण भारत के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। शीर्ष स्थान पर रहने से भारत अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड की संयुक्त मेजबानी में होने वाले विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई कर जाएगा। भारतीय टीम अगर इसमें नाकाम रहती है तो उसे पांच से 14 सितंबर तक बिहार के राजगीर में होने वाले एशिया कप के जरिए विश्व कप में जगह बनाने का एक और मौका मिलेगा। प्रतियोगिता में अभी सात मैच और खेले जाने बाकी हैं और भारत फिलहाल 15 अंकों के साथ अंक तालिका में चौथे स्थान पर है।

### हारना दुर्भाग्यपूर्ण : फुल्टन

भारत के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने मैच के बाद कहा, 'हमने पहले हाफ में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन तीसरा क्वार्टर उतना अच्छा नहीं रहा। चौथे क्वार्टर में हमने फिर से अच्छा प्रदर्शन किया और गेंद पर कब्जा करने में सफल रहे, लेकिन हम गोल पर कोई शॉट नहीं लगा पा रहे थे। इस तरह से हारना दुर्भाग्यपूर्ण था, क्योंकि मुझे लगा था कि हम ड्रॉ के लिए प्रयास कर सकते हैं। हम विशेष कर नीदरलैंड जैसी टीम के खिलाफ जितना हो सके उतना अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं।'

**कार्यालय वनमण्डलाधिकारी उत्पादन वनमण्डल, मण्डला**
Ph./Fax No. 07642-252449 E-mail- dfowpmand@mp.gov.in

प.क्र./भण्डार/2025/ **निविदा सूचना** मण्डला, दिनांक/.....

अधोहस्ताक्षरकर्ता कार्यालय द्वारा नवीन ट्रकों के डाला बाडी एवं केबिन निर्माण कार्य हेतु ई-टेण्डर प्रक्रिया के तहत निविदा आयोजित है। इच्छुक निविदाकार ऑनलाईन माध्यम से बेवसाईट के द्वारा निविदा प्रस्तुत कर सकते है। निविदा फार्म केवल ऑनलाईन माध्यम से बेवसाईट www.mptenders.gov.in के द्वारा ही दिनांक 05.06.2025 समय 10.00 बजे से स्वीकार किये जायेगें। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 20.06.2025 समय दोपहर 05.00 बजे तक होगी तथा दिनांक 23.06.2025 समय दोपहर 12.00 बजे निविदा खोलने की कार्यवाही की जावेगी। उक्त निविदा की जानकारी कार्यालयीन समय पर फोन न. 07642-252449 से अथवा कार्यालय में उपस्थित होकर प्राप्त की जा सकती है।

वनमण्डलाधिकारी
उत्पादन वनमण्डल मण्डला

G-14073/25 "स्वच्छता ही सेवा"

Dr. Juneja's
पेट सफा®
Natural Laxative Granules & Tablets
सहायक है: कब्ज़ गैस एसिडिटी
अगर आप भी कब्ज़, गैस, एसिडिटी जैसी समस्या से परेशान है तो आज ही लीजिए, पेट सफा ग्रेन्यूल्स/टैबलेट्स। यह मुंह में चिपकता नहीं। सोने से पहले खाएं और आराम पाएं।


Provides Effective Relief
Balances Digestive Health
Ayurvedic Proprietary Medicine
Clinically Tested*
Divisa
www.divisastore.com
24x7 Helpline: 91197 88888
www.petsaffa.com
Available at all medical & general stores

### पारा 42 डिग्री के पार, जनजीवन परेशान

# भट्टी जैसा तपा शहर, भीषण गर्मी



**हरिभूमि जबलपुर।**

रविवार को गर्मी ने अपना प्रभाव दिखाया बादल आते जाते रहे लेकिन इससे भगवान सूर्य देव की तपन पर कोई फर्क नहीं पड़ा तेज चटक धूप ओर गर्म लू के थपेड़ों ने लोगों को हलाकान कर दिया। पिछले दो दिनों के मुकाबले तापमान 4 डिग्री उछाल मारा, और 42 डिग्री के ऊपर ही कायम रहा। फिलहाल प्री-मानसून जैसी कोई स्थतियां शहर में नहीं हैं। रविवार को शहर का अधितम तापमान 42.2 डिग्री पर पहुंच गया लोगों ने भीषण गर्मी का एहसास किया। दिन में जहां भीषण गर्मी रही वही रात में उमस ने हलाकान किया।

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रवक्ता ने बताया कि आसमान पर आये बादल कमजोर पड़ गये। लिहाजा अब तापमान अपनी गति को पकड़ रहा है। हवा में नमीं घटने से उमस भी बढ़ रही है। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 42.2 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान 27.05 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य रहा। हवा में नमी प्रातःकाल 47 प्रतिशत और सायंकाल 24 प्रतिशत आंकी कई। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 41.2 डिग्री सेल्सियस था वहीं न्यूनतम तापमान 29.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। उत्तरी हवाएं 5 से 6 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली। 42.2 डिग्री तापमान गुना और खजुराहो में दर्ज किया गया जो प्रदेश में सबसे अधिक रहा। अगले 24 घंटों के दौरान मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

**पानी की तलाश में जंगल छोड़ गांवों में पलायन कर रहे जानवर**

## वनों के जल स्त्रोत सूखे गड्ढों में तब्दील

जबलपुर। भीषण गर्मी ने अभी से ही वनों एवं ग्रामीण क्षेत्रों के प्राकृतिक जल स्त्रोतों को सुखाना आरंभ कर दिया है। छोटे नदी-नाले, पोखर और तालाब अब सूखे गड्ढों में तब्दील होने लगे हैं। जिले के वनांचल गौर, डुमना, अमझर घाटी, कुंडम, बरगी, पान उमरिया, पनागर, के आसपास हिरन नदी व उसकी सहायक नदियां नाले ही जंगलों व ग्रामीण अंचलों के मुख्य जल स्त्रोत हैं। मनुष्य तो किसी तरह अपने विवेक से अपने आपको किसी भी मौसम के अनुकूल कर लेते हैं। किंतु वनों में जलसंकट होने की स्थिति में वन्य प्राणी पानी की तलाश में गांव की ओर रूख करने लगते हैं। ऐसी स्थिति में वे दुर्घटनाओं की चपेट में आकर दम तोड़ देते हैं या फिर शिकारियों के हाथ उनकी मौत हो जाती है। अभी गर्मी ठीक ढंग से शुरू भी नहीं हो पाई थी कि जिले में पांच चीतल पानी के लिये भटकते हुये आवारा कुत्तों के द्वारा नोंच लिये गये। वहीं एक हिरन की बरगी की नहर में डूबने से मौत हो गई थी। वन विभाग ने जंगलों में जल स्त्रोतों के लिये कोई कारगर कदम नहीं उठाये, सिर्फ खोखले दावे ही किये। जबकि हर साल जिले के वन अंचलों में गर्मी के दिनों में ऐसी ही परिस्थितियां जन्म लेती हैं। वन विभाग ने दावा किया था कि गर्मी में पानी की तलाश में जानवर गांवों की ओर पलायन न करें, इसलिए जिले भर में जंगलों के पोखर व तालाब साफ करा दिये गये थे और उनका गहरीकरण भी करा दिया गया था। लेकिन अधिकारियों का यह कथन हकीकत से परे है। जंगलों में कई पोखर और तालाब ऐसे हैं, जिन्हें साफ किया ही नहीं गया। वन विभाग के पास इस बात के आंकड़े भी नहीं हैं कि कितने पोखरों, तालाबों की साफ सफाई की गई। वहीं दूसरी ओर जिस तीव्र गति से जंगलों का सफाया हो रहा है, उस गति से वृक्षारोपण का कार्य नहीं होने से ग्लोबल वार्मिंग की समस्या के साथ जानवरों के घरौंदे भी नष्ट हो रहे हैं। जहां तक जबलपुर जिले के वन ग्रामों का सवाल है तो इन वनों में मुख्यतः गौर नदी, परियट नदी और उससे निकलने वाले नालों व बरगी की नहरों से ही पानी की आपूर्ति होती है। लेकिन गर्मी के दिनों में नालों पोखरों व अन्य जल स्त्रोतों की साफ-सफाई नहीं होने की वजह से ये सूखे गड्ढों में तब्दील हो जाते हैं। नदियों का जल स्तर कम होने से भी बहाव में अवरोध उत्पन्न होता है। होना यह चाहिये कि गर्मी के पूर्व वनों के तालाब, पोखर, नाले, गहरे किये जाने चाहिए और उनकी अच्छी तरह से साफ सफाई कर गर्मी के पहले उनमें जल का भराव पूरी क्षमता के साथ किया जाना चाहिए।

**मैहर से आकर यहां कर रहा था एक निजी कॉलेज में पढ़ाई**

## बीटेक के छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**हरिभूमि जबलपुर।**

तिलवारा थाना अतंर्गत एक निजी इंजीयरिंग कॉलेज में बीटेक की पढ़ाई कर रहे फर्स्ट ईयर के छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से एक सुसाईड नोट भी मिला है जिसमें उल्लेख है कि मैं अपने माता पिता के लिए कुछ नहीं कर पा रहा हूं। वहीं परिजनों का आरोप है कि बेटे का दांत टूटा मिला है जिससे संभावना है कि उसके साथ किसी ने मारपीट की है। बहरहाल नवयुवकों द्वारा उठाए जा रहे आत्मघाती कदम समाज के लिए चिंता का विषय बन गये है। अभी हाल ही में मेडीकल कॉलेज में एमबीबीएस के फर्स्ट ईयर का छात्र 18 वर्षीय शिवांश गुप्ता ने चौथी मंजिल से मौत की छलांग लगा ली थी, इस मामलें की जांच अभी पूरी भी नहीं हो पाई और एक और मामला सामने आ गया।

तिलवारा पुलिस के अनुसार मैहर निवासी प्रियांशु त्रिपाठी जबलपुर के ज्ञान गंगा इंजीनियरिंग कालेज में बीटेक की पढ़ाई कर रहा था. शनिवार को प्रियांशु ने अपने शास्त्री नगर स्थित आवास पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. देर रात मकान मालिक ने देखा कि कमरे का दरवाजा नहीं खुला है. जिस पर खिड़की से झांककर देखा कि प्रियांशु फांसी के फंदे पर लटका रहा। मकान मालिक की सूचना पर तिलवारा पुलिस मौके पर पहुंच गई, जिसने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मर्ग कायम कर लिया है. पुलिस को घटनास्थल से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें लिखा है कि वहीं अपने माता-पिता के लिए कुछ कर नहीं पा रहा है. पुलिस सुसाइड नोट जब्त कर जांच शुरु कर दी है।



वहीं पुलिस को पूछताछ में दोस्तों ने बताया कि 4 जून को रिजल्ट आने के बाद से वह काफी परेशान रहने लगा था. उसे कुछ विषयों में एटीकेटी (बैक) आई थी और उसने लोगों से मिलना-जुलना भी कम कर दिया था. आज सुबह मैहर से परिजन पहुंचे और आत्महत्या के मामले में सवाल उठाते हुए जांच की मांग की है. परिजनों का कहना था कि प्रियांशु का शव दो गमछों से बने फंदे पर मात्र ढाई फीट ऊंचाई पर लटका था, जबकि उसके पैर जमीन से छू रहे थे. इसके अलावा मृतक का एक दांत टूटा हुआ था. परिजनों ने छात्र के मोबाइल की साइबर जांच और सुसाइड नोट की फोरेंसिक जांच की मांग की है. इधर पुलिस का कहना है कि मामले की जांच शुरु कर दी गई है, जांच में जो भी तथ्य सामने आएगे उस आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी। परिजन शव लेकर रवाना हो गए।

## 2 किलो गांजा के साथ पकड़ा गया तस्कर

**जबलपुर।** सिहोरा पुलिस ने गत रात पेट्रोलिंग के दौरान पुराना बस स्टेंड सिहोरा में मादक पदार्थ गांजा की तस्करी कर रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 2 किलो 50 ग्राम गांजा जब्त किया है, जिसकी कीमत लगभग 41 हजार रुपए बताई गई है। थाना प्रभारी सिहोरा विपिन बिहारी सिंह ने बताया कि गत रात पेट्रोलिंग के दौरान पुराना बस स्टेण्ड सिहोरा में जायसवाल भोजनालय के पास गांजा बेचने की फिराक में खड़े वार्ड नम्बर 2 कूड़न मोहल्ला कटंगी निवासी 51 वर्षीय जितेंद्र कुमार झारिया को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 2 किलो 50 ग्राम गांजा जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 8, 20 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर मामला जांच में लिया है।



Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj - Phase -II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or call our toll-free no.: 1800 266 0018 or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. **Finance offer is at sole discretion of the financer, subject to its respective T&Cs. Offers are valid in select states for a limited period or till stock lasts. For more details, please visit your nearest authorized Hero outlet. *Ex-showroom prices are applicable in Jabalpur. #₹3000 Cash Bonus Available on Xtreme 125R variants. ^Green Bonus is applicable Pan India on select Hero products and bonus amount may vary as per model/variant. *Terms & Conditions apply.

अधिकृत डीलरः जबलपुरः सुपर हीरो (साउथ सिविल लाईन्स) 9289922350, सुदर्शन हीरो (नेपियर टॉउन 9289922353, मदन महल 9111100352, दमोह नाका 9111100344), बालाघाटः जायसवाल हीरो 9289922572, छतरपुरः आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), छिन्दवाड़ाः सत्कार हीरो 9289922805, मण्डलाः शुभा हीरो 9289922600, नरसिंहपुरः रचना हीरो 9289922377, रीवाः बद्रिका हीरो (टी.पी. नगर 9752263333, इलाहाबाद रोड 9171705391), सतनाः स्टार हीरो 9289922356, बद्रिका हीरो 9289923108, शहडोलः विभोर हीरो 9289923109, गुप्ता हीरो 9289922370, कटनीः हर्ष हीरो 9289923166, बैढ़नः कुन्दन हीरो 9289922743, बजरंग मोटर्स 7354559000, सीधीः राजेन्द्र मोटर्स 9289923113, टीकमगढ़ः आनंद हीरो 9289923112, सिवनीः सुदर्शन हीरो 9821745435, चोरईः श्रीजी ऑटोमोबाईल्स, 9821749342, एसोशिएट डीलरः पथरियाः एसएस ऑटोमोबाइल्स, 9691147568, सेमरियाः आकाश मोटर्स 9893918358, अमरवाड़ाः अर्पित ऑटोमोबाईल्स 7428595943, ब्योहारीः श्री राम ऑटोमोबाईल्स 9424683246, बुढ़हारः श्री ऑटोमोबाईल्स 9425181937, डिंडोरीः अवधिया ऑटो 8959777333, नैनपुरः स्वास्तिक मोटर्स 9893746172, गाडरवाड़ाः शेखर व्हीकल्स 9425467409, जुन्नारदेवः लक्ष्मी नारायण मोटर्स 8109164000, कोतमाः सिटी ऑटोमोबाईल्स 7987519546, मैहरः वैशाली ऑटोमोबाईल्स 9424741022, मउगंजः सेंगर मोटर्स 9425185568, लांझीः श्रीखण्ड ऑटोमोबाईल्स 7428390262, पांढुरनाः जय भवानी ऑटोमोबाईल्स 7428390263, परासियाः श्री महावीर ऑटोमोबाईल्स 7354460008, रामपुर बघेलानः साँई ऑटोमोबाईल्स 9993224296, रांझीः गुरुकृपा ऑटो 9424728007, सिहोराः बाईक प्वांट 9826802730, उमरियाः गुप्ता ऑटो एजेन्सी 9285505630, वारासिवनीः रुसिया मोटर्स 9425822392, जताराः शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, टीकमगढ़ः एस.एस. इन्टरप्राइजेज 7000242371, पृथ्वीपुरः महावीर एजेंसीज 7000375943, मुलताईः शारदा श्री मोटर्स 9522870001, चितरंगीः ओम मोटर्स 9685416118, बरगवांः बजरंग मोटर्स 9926183734, बहरी : श्याम एजेंसी 9981238133, बरहीः अजित ऑटोमोबाइल्स 7566217410, 9131739086, नागोदः चौरसिया ऑटोमोबाइल्स 9926365074, देवसरः श्री राम मोटर्स 9425086868 अमरपाटन : रिशु ऑटोमोबाइल्स 9893829195, स्लीमनाबादः अनिल मोटर्स 9425466101, रामनगरः विजय ऑटोमोबाईल्स 9893252517, धनोराः भवानी व्हीकल्स 9424950703, सरईः यश मोटर्स, 9981718853, सालीचौकाः अभिषेक इंटरप्राइजेज 8989434793, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) छिन्दवाड़ाः सत्कार हीरो 9289922805, नरसिंहपुरः रचना हीरो 8815396340, दमोह : इंडिया ऑटो सेंटर 8839230079

LOK | SAATCHI & SAATCHI

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240